
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 11 अंक-191
लखनऊ, बुधवार 28 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित
आमंत्रण मूल्य ₹3
samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पीएम उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के लिए यूपी को मिला सर्वाधिक अनुदान 03
नए भारत की रीढ़ बनेंगे स्टार्टअप, आने वाला समय हमारा : गोयल 12

## संक्षिप्त समाचार

**एक करोड़ का अफीम का पौधा बरामद, तीन गिरफ्तार**

**नवादा।** नवादा जिले के पकरीबरमा थाना प्रभारी अजय कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक करोड़ से भी अधिक रुपये के अफीम का पौधा बरामद किया है। इस धंधे में शामिल तीन भाईयों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पकरीबरमा थाने के छत्तरवार गांव में रामदेव प्रसाद का पुत्र जितेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार तथा देवव्रत कुमार ने अफीम की खेती की थी, जिसकी जानकारी गुप्त सूचना के आधार पर मिली। उन्होंने बडे अधिकारियों को सूचित करते हुए टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें बड़े पैमाने पर खेत में लगाए गए अफीम के पौधे को बरामद किया। इसकी कीमत लगभग 1 करोड़ से भी अधिक है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि चार क्विंटल 21 किलो अफीम को बरामद किया गया है जो प्रदर्श के रूप में न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

**ईडी ने केजरीवाल को भेजा आठवां समन, चार को बुलाया**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजनक अरविंद केजरीवाल को 8वां समन भेजा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने केजरीवाल को कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में 4 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 7वां समन भेजकर 27 फरवरी को पेश होने को कहा था लेकिन केजरीवाल पेश नहीं हुए। आम आदमी पार्टी ने ईडी के 7वें समन पर कहा था कि चूंकि मामला अभी अदालत में लंबित है, जिसकी सुनवाई 16 मार्च होने वाली है। ऐसे में ईडी रोज समन भेजने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करें।

**सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का 94 की आयु में निधन**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने 94 वर्ष की आयु में मुरादाबाद के सिद्ध हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। यहां उनका इलाज चल रहा था। वह काफी समय से बीमार थे। बर्क के निधन पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, शिवपाल यादव और बसपा प्रमुख मायावती समेत तमाम नेताओं ने गहरा दुख जताया है। सांसद बर्क को उम्रजनित बीमारियों की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उनकी किडनी में संक्रमण की समस्या बताई थी। कुछ दिन पहले अखिलेश यादव उनसे मिलने अस्पताल गए थे।

**पांच साल बढ़ा जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जमात-ए-इस्लामी, जम्मू-कश्मीर पर अगले पांच सालों के लिए प्रतिबंध बढ़ा दिया है। गैर कानूनी गतिविधि निरोधक कानून (यूएपीए) के तहत ऐसा किया गया है। सरकार का कहना है कि संगठन अलगाववाद और आतंकवाद का समर्थक है और भारत विरोधी प्रचार कर रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सरकार ने जमात-ए-इस्लामी, जम्मू कश्मीर पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।

# राज्यसभा चुनाव में भाजपा के आठ प्रत्याशियों की जीत

▸ सपा से जया बच्चन और रामजीलाल सुमन को जीत मिली

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में राज्यसभा चुनाव के दौरान जबरदस्त तरीके से खेला हुआ है। इस खेल की वजह से समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव को बड़ा झटका लगा है।

उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होने थे। बीजेपी से आठ और समाजवादी पार्टी से तीन उम्मीदवार को मैदान में उतारा गया था। समाजवादी पार्टी के विधायकों के क्रॉस वोटिंग की वजह से भाजपा को अपने आठवी उम्मीदवार को जीत दिलाने में मदद मिली है। भाजपा की ओर से जिन आठ उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है उसमें सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह, अमरपाल मौर्य, तेजपाल सिंह, नवीन जैन, साधना सिंह, संगीता बलवंत और आठवें उम्मीदवार संजय सेठ शामिल है। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी की ओर से जया बच्चन और रामजीलाल सुमन को जीत मिली है। आलोक रंजन को संजय सेठ ने हराया है। भाजपा ने इसे नरेंद्र मोदी अमित शाह और जगत प्रकाश नड्डा की जीत बताया है। भाजपा ने इसे अपने विचारधारा की जीत बताया है। राज्यसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में पूरे दिन राजनीतिक हलचल तेज रही। अखिलेश यादव ने भाजपा पर बाद आप भी लगाया है।

**हिमाचल और कर्नाटक से भाजपा के एक प्रत्याशी जीते**

राज्यसभा की एक सीट के लिए हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को विधानसभा परिसर में हुए मतदान का नतीजा घोषित हो गया है। सत्तारूढ़ दल कांग्रेस के प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी को हराकर भाजपा के हर्ष महाजन ने राज्यसभा चुनाव जीत लिया है। वहीं कर्नाटक में अजय माकन, जी सी चन्द्रशेखर, सैयद नसीर हुसैन (सभी कांग्रेस), नारायणसा भांडगे (भाजपा) ने कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव जीता। कांग्रेस ने तीन सीटें जीतीं। पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने कहा कि कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव लड़ रहे जेडीएस नेता डी कुपेंद्र रेड्डी और उनके सहयोगियों के खिलाफ बंगलूरू के विधान सौधा पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## एडमिट कार्ड जारी होने पर छात्र को परीक्षा भवन में प्रवेश से नहीं रोक सकता सीबीएसई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि एडमिट कार्ड जारी करने के बाद सीबीएसई परीक्षा भवन में प्रवेश करने से नहीं रोक सकता है। जस्टिस सी हरिशंकर की बेंच ने दसवीं के एक छात्रा को परीक्षा में बैठने की अनुमति देने का आदेश जारी करते हुए ये टिप्पणी की। इस मामले पर अगली सुनवाई एक अप्रैल को होगी। कोर्ट ने सीबीएसई को नोटिस जारी करते हुए दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि ये सोच से परे है कि किसी छात्र या छात्रा को एडमिट कार्ड जारी करने के बाद उसे परीक्षा भवन में प्रवेश नहीं करने दिया जाए। ऐसा करना पूरे तरीके से अस्वीकार्य है, ऐसा करना अमानवीय भी है। सीबीएसई को ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि छात्रा आगे सभी परीक्षाएं बिना किसी बाधा के देगी। कोर्ट ने कहा कि छात्रा को परीक्षा भवन के बाहर खड़ा करने की एवज में उसे अतिरिक्त समय दिया जाए ताकि वो बाकी छात्र-छात्राओं की तरह अपने पूरे समय परीक्षा दे सके।


# लोकसभा चुनाव के पहले ही हार मान चुका है विपक्ष : मोदी

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अपनी हार मान चुका है, इसलिए वह मुझे गालियां दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के पास देश की प्रगति के लिए कोई रोडमैप नहीं है। प्रधानमंत्री केरल के तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केरल के मतदाताओं से 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को दोहरे अंकों में सीटों के साथ जीत का आशीर्वाद देने का आग्रह किया।

केरल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को दोहरे अंक में सीटें जीतने में सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोकप्रिय जनभावना को दोहराया कि एक बड़ा विश्वास है कि एनडीए 2024 में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 सीटों के साथ उभरेगा।

मोदी ने कहा कि केरल के लोग नकारात्मकता की राजनीति से नफरत करते हैं और भारत को बदलने के लिए भाजपा के एजेंडे में मदद करेंगे। भाजपा को जो समर्थन मिल रहा है, उससे पता चलता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीटों के साथ उभरने जा रही है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस, एलडीएफ और यूडीएफ पर जमकर निशाना साधा।



# सिलसिलेवार बम धमाका मामले में टाडा कोर्ट कल सुनाएगी फैसला

एजेंसी

**अजमेर।** लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई की ट्रेनों में 6 दिसंबर, 1993 को हुए सिलसिलेवार बम धमाके को लेकर अजमेर की टाडा कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। इस मामले में फैसला अब 29 फरवरी को सुनाया जाएगा। अयोध्या में वर्ष 1992 में बाबरी मस्जिद गिराने की बरसी पर सिलसिलेबार बम धमाके किए गए थे। इस मामले में उत्तर भारत की अजमेर टाडा कोर्ट में सुनवाई की जा रही थी।

आरोपित आतंकी अब्दुल करीम उर्फ टुंडा, इरफान अहमद, हम्मीदुद्दीन पर लगे आरोपों पर न्यायालय में आखिरी बहस पूरी हो गई। टाडा कोर्ट ने अंतिम फैसला सुनाने के लिए 29 फरवरी की तारीख तय की।

अयोध्या में बाबरी विध्वंस की बरसी पर देश भर में सिलसिलेवार बम धमाके करने के तीन आरोपित आतंकी अब्दुल करीम उर्फ टुंडा, इरफान, हमीमुद्दीन जेल में बंद हैं। टुंडा की ओर से पैरवी शफकत सुल्तानी, इरफान व हमीमुद्दीन की ओर से एडवोकेट अब्दुल रशीद, सीबीआई की ओर से भवानीसिंह रोहिल्ला व राज्य सरकार की ओर से ब्रजेश पांडे पैरवी कर रहे हैं।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आतंकी अब्दुल करीम उर्फ टुंडा उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद जेल में बंद था। 24 सितंबर को उसको गाजियाबाद जेल से अजमेर भेजा गया।

# यूपी बोर्ड : कमांड रूम ने पकड़ी दो केंद्रों में गड़बड़ी, कार्रवाई के आदेश

▸ 1.33 लाख परीक्षार्थियों ने छोड़ी गणित परीक्षा तीन केंद्रों पर कार्रवाई

समृद्धि न्यूज


**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) में बने कमांड रूम ने मंगलवार को जौनपुर एवं देवरिया के एक-एक परीक्षा केंद्रों में गड़बड़ी को पकड़ा। कैमरे ने पाया कि यहां के परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का पर्याप्त इंतजाम नहीं है। जौनपुर के केंद्र का सीसीटीवी डीवीआर सही नहीं पाया गया। दोनों ही परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के खिलाफ कार्रवाई को लिखा गया है।

ऐसे ही प्रयागराज के दो केंद्रों का निरीक्षण स्वयं बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने किया। एक केंद्र सुभाष चंद्र बोस इंटर कालेज कादिलपुर स्ट्रांग रूम की खिड़की सील नहीं थी। यहां सुरक्षा के मानक पूरे नहीं थे। सीसीटीवी डीवीआर भी ऑनलाइन नहीं मिला। इस केंद्र के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को लिखा गया है। मंगलवार को हाईस्कूल गणित की परीक्षा में 1.33 लाख से अधिक परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। विभिन्न जिलों के परीक्षा केंद्रों से चार छद्म परीक्षार्थी भी पकड़े गए हैं। चार नकलची दबोचे गए हैं। मंगलवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित एवं इंटर में व्यवसायिक वर्ग का पेपर था।

# अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बढ़ी भारत की विश्वसनीयता : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की विश्वसनीयता बढ़ गई है। भारत अब कमजोर नहीं, बल्कि दुनिया का ताकतवर देश बन गया है। अब यदि कोई भारत को आंख दिखाएगा तो उसे जवाब देने से भारत पीछे नहीं रहेगा।



विशाखापट्टनम में 'बुद्धिजीवी सम्मेलन' में उन्होंने कहा कि यही वजह है कि कतर में फांसी की सजा पाए आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को माफी मिल गई। उनमें से एक इसी विशाखापट्टनम से हैं। 'बुद्धिजीवी सम्मेलन' में राजनाथ सिंह ने उत्तर और दक्षिण भारत की बुनियादी समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों जगह कुछ अलग-अलग संरचनात्मक मुद्दे भी हैं, इसलिए हमारा प्रयास दोनों को और अधिक जोड़ने का होना चाहिए, न कि भाषा और समृद्धि के नाम पर दोनों को तोड़ने का।

**अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा रही है हमारी पार्टी**

रक्षा मंत्री ने भारत के पश्चिमी भाग की बात करते हुए कहा कि राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में करीब तीन-चार दशक से हमारी पार्टी अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में तो पश्चिमी भारत में सबसे ज्यादा सीटें हमें ही मिलीं। गुजरात में लगभग 30 साल से हमारी सरकार है। पूर्वोत्तर की बात करते हुए कहा कि हम पर अक्सर एक आरोप लगता है कि भाजपा केवल उत्तर भारत की पार्टी है। हम पर यह आरोप भी गलत है कि हम केवल हिंदी बेल्ट की पार्टी हैं। असम में हमारी दो बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। असम तो हिंदी बेल्ट का राज्य नहीं है।



# अच्छी कार्यशैली से डॉ. कौशल ने बनाई अलग पहचान

▸ भरत समेत अन्य देश में भी कई बड़े अवार्ड से नवाजे गए डॉक्टर कौशल

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

जिले के गोला नगर स्थित सनशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के डायरेक्टर डॉक्टर कौशल वर्मा न सिर्फ आज जिला लखीमपुर बल्कि देश-विदेश में भी अपनी अच्छी कार्य शैली के चलते अलग पहचान बना चुके हैं इसके लिए उनको जनता के द्वारा भरपूर प्यार, सहयोग मिल रहा है और लोगों के द्वारा उनका सम्मान समय-समय पर किया जाता है। न सिर्फ जिला बल्कि भारत समेत अन्य देश में भी डॉक्टर कौशल की अच्छी कार्यशैली की चर्चा है जिसको लेकर हाल ही में मलेशिया में एक बड़े मंच पर डॉ कौशल को सम्मानित किया गया था। डॉ कौशल की अच्छी कार्यशैली के चलते कई हजारों की संख्या में लोगों को लाभ हुआ है जिसमें उनके द्वारा कई चमत्कारी सर्जरी करके चलने फिरने से असमर्थ लोगों को नई ऊर्जा व नई दिशा दी गई हैं।



**समाज में लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बन कायम की मिसाल:** पेशे से चिकित्सक, डॉक्टर कौशल वर्मा ने पिछले कुछ वर्षों में सेवा भाव से चिकित्सा व सेवा कर न सिर्फ जनता के बीच में अपनी एक अच्छी पहचान बनाई बल्कि अन्य तमाम लोगों के लिए भी एक मिसाल बने हुए हैं। डॉ कौशल की कार्यशाली को देखकर अन्य तमाम छोटे-छोटे समाजसेवी संगठन डॉक्टर कौशल के साथ गरीबों व लाचारों के सहयोग में जुट गए।

**सिलसिले वार कई क्षेत्र में कार्यरत लोगों का किया सम्मान:**डॉ कौशल द्वारा कई क्षेत्र में कार्यरत लोगों का समय-समय पर सम्मान किया गया जिसमें सैनिक, पत्रकार, बुजुर्ग, पत्रकार वितरक समेत अन्य कई क्षेत्रों में कार्य कर रहे लोगों को सम्मान किया। इतना ही नहीं सर्दी के मौसम में कंबल वितरण कर, कोरोना काल में राशन, व सैकड़ो की संख्या में शिविर आयोजित कर आने वाले हजारों जरूरतमंदों को फ्री इलाज, दवा आवश्यक उपकरण वितरित कर हजारों की संख्या में कमजोर निधन लोगों को लाभ पहुंचाया।

**अच्छी कार्यशैली के चलते डॉ कौशल को मिले कई अवार्ड:** हाल ही में डॉक्टर कौशल वर्मा को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित एक समारोह में मलेशिया टूरिज्म एंड प्रमोशन बोर्ड डायरेक्टर मनोहरन पेरिया सैमी मिनिस्ट्री ऑफ़ टूरिज्म के हाथों बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया, इससे पूर्व दिल्ली में सोक्रेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी द्वारा विश्व युवक केंद्र में अंतरराष्ट्रीय कर्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ गोला गौरव अवार्ड विजेता, उदय एक्सीलेंस अवार्ड लखीमपुर विजेता जैसे कई अन्य जिला स्तरीय अवार्ड से डॉक्टर कौशल वर्मा को नवाजा जा चुका है।

**मानवता ही जीवन का मुख्य उद्देश्य:** डॉ कौशल ने बताया कि उनकी प्रारंभिक पढ़ाई छोटे से गांव से शुरू हुई थी इसके बाद उच्च स्तरीय पढ़ाई के लिए उनको अपना गांव व जिला छोड़ना पड़ा। एमबीबीएस, डीएनबी ऑर्थो (गोल्ड मेडलिस्ट) की पढ़ाई पूरी करने के बाद डॉक्टर कौशल ने कई अस्पतालों में काम करने के बाद गोला सीएससी केंद्र पर डॉक्टर के पद पर कार्य किया।

# ट्रक भिड़ंत में खलासी की मौत, चालक घायल

▸ युवक की मौत की खबर घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

मौरंग लादकर हैदरगढ़ लौट रहे ट्रक की सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो जाने से जहां 22 वर्षीय खलासी की मौके पर ही मौत हो गई वहीं 35 वर्षीय ट्रक चालक घायल हो गया।

युवक की मौत की खबर घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर परिजन शव लाने के लिए बांदा रवाना हो गए हैं। हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के लालपुर मजरे अंसारी गांव निवासी हरिश्चंद्र पुत्र रामकेश 35 वर्ष हैदरगढ़ कस्बा निवासी सभासद शब्बीर राइन के यहां ट्रक चालक के रूप में काम करते हैं। रविवार की सुबह हरिश्चंद्र अपने छोटे भाई 22 वर्षीय राजकुमार जोकि ट्रक पर खलासी के रूप में काम करता है, के साथ ट्रक लेकर मौरंग लादने के लिए बांदा के लिए रवाना हुए थे और मौरंग भरने के बाद मंगलवार की सुबह हैदरगढ़ के लिए लौट रहे थे कि तभी सुबह लगभग 4:00 बजे बांदा जनपद की सीमा में ही विपरीत दिशा से आई ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई ।जिसमें 22 वर्षीय खलासी राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ट्रक चालक बड़ा भाई हरिश्चंद्र घायल हो गया।



## उस्मानपुर में संत रविदास जयंती समारोह आज

**बाराबंकी।** थाना कोठी अन्तर्गत ग्राम उस्मानपुर में संत रविदास मंदिर मे विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी कल बुद्धवार को रविदास समाज सेवा संस्थान उप्र के तत्वाधान मे शिरोमणि गुरू रविदास जयन्ती समारोह मे विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजक डॉ. हरीप्रसाद सिंह गौतम ऊर्फ 'हनक' ने बताया कि इस समारोह में समाज सेवी विद्धान वक्तागण, सांसद, विधायक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण को आमंत्रित किया गया है। कवि सन्त सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सन्त रविदास जीवन दर्शन, जादू आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आकाशवाणी दूरदर्शन, मद्य निषेद विभाग उत्तर प्रदेश, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश, गीत एवं नाटक प्रभाग सूचना एवं प्रसारण मन्त्रायल भारत सरकार, सँस्कृति निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तुत किये जायेंगे।



## बैठक में बैंकों से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत ब्लाक सभागार में ब्लाक लेबल बैंकर्स समिति बीएलबीसी की बैठक हुई। मंगलवार को ब्लाक सिरौलीगौसपुर सभागार में एलडीएम विवेक कुमार की अध्यक्षता व बीएमएम अंजली यादव के संयोजन में क्षेत्र के सभी बैंकों के शाखा प्रबन्धकों व बीसी सखियों के साथ बैठक हुई जिसमे जनधन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, एनआरएनएम, केसीसी आदि पर चर्चा की। बैठक में खाता खोलने एवं सीसीएल कैश क्रेडिट लिमिट के प्रगति के बारे में सभी बैंक के शाखा प्रबंधक को समूह के साथ समन्वय स्थापित कर सहयोग करने के लिए कहा। समूह को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। समूह के साथ बैंक को सहयोग करने पर जोर रहा। बैंक सखी और बैंक के शाखा प्रबंधक को विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बीएमएम बद्री प्रसाद केनरा बैंक किंतूर शाखा प्रबन्धक, सेंट्रल बैंक बदोसराय शाखा प्रबन्धक, बैंक,ऑफ इंडिया मरकामऊ शाखा प्रबन्धक सहित सभी बैंकों के शाखा प्रबन्धक एवं सहकर्मी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से युवक की मौत

**जैदपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

बीते सोमवार को तेज रफ्तार व लापरवाही से ट्रैक्टर चलाकर कस्बे के एक व्यक्ति की टक्कर मार देने के चलते इलाज के दौरान रात मे मौत मौत हो गयी। मृतक के भाई की तहरीर पर जैदपुर पुलिस द्वारा आरोपी? के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी है।

विदित हो की बीते कल जैदपुर के मोहल्ला नानपजान छोटा इमामबाड़ा निवासी सिराज खान के पुत्र मो अजीज बाइक मिस्त्री सोमवार को वसीनगर के एक सर्विस टेशन के पास सफदरगंज की ओर आ रहे बिना नम्बर के सोनालिका ट्रैक्टर के नशे मे धुत चालक नरेन्द्र वर्मा की जोरदार टक्कर से इलाज़ के दौरान दर्दनाक मौत हो गयी थी। जिसकी लिखित शिकायत भाई मो अजीज द्वारा थाना जैदपुर मे देने पर पुलिस द्वारा शव को पीएम हेतु भेजकर आरोपी नरेन्द्र कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र वर्मा इटहुआ मुरलीगंज थाना जैदपुर के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी है।



बताते चले कि अजीज मिस्त्री थाने से चंद कदम दूरी पर एक छोटी सी गुमटी मे बाइक बनाने का कार्य कर परिवार का पालन पोषण करता था। व्यवहार अच्छा होने के चलते दूरदूर तक लोगो मे पहचान थी।अचानक मौत की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौर गयी।सुबह दस बजे भारी संख्या मे लोगो की मौजूदगी मे नम आंखों उन्हे सुपुर्द-ए-खाक किया गया। चालक की लापरवाही व नशे के कारण इस दर्दनाक हादसे मे तीन लड़कियो व दो मासूम बच्चो के सिर से आज बाप का साया छिन गया।जिससे बेसहारा बच्चे मां व परिवार के लोगो का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।इस सम्बंध मे कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि वाहन थाने मे है? आरोपी के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी है।

# कोडीन युक्त सिरप की बिक्री पर प्रतिबंध के बावजूद बिक्री जारी

▸ मेडिकल स्टोर सीज, जांच के लिए भेजा गया नमूना

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा कोडीन युक्त सिरप के नशे में प्रयोग किए जाने पर प्रभावी रोकथाम हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन में थाना कोठी क्षेत्रांतर्गत भानमऊ में स्थित वारिस मेडिकल स्टोर, पर फर्म के प्रोपराइटर अब्दुल रज्जाक उर्फ भोला की उपस्थिति में सीमा सिंह औषधि निरीक्षक द्वारा छापा डाला गया। औषधि निरीक्षक सीमा सिंह ने बताया कि मेडिकल स्टोर इनके घर के बाहर की तरफ स्थित है जिसमे जांच के समय कोडीनयुक्त सिरप की भारी मात्रा 100 द्वय के 600 सीरप जिनका मूल्य 1,05,000 रुपये है भंडारित पाए गए जिनके मौके पर क्रय विक्रय अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। उक्त औषधि का नमूना संग्रहण करते हुए सीज किया गया तथा तत्काल प्रभाव से औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की धारा 22 (1) के अंतर्गत मेडिकल स्टोर पर औषधियों के क्रय विक्रय पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाई गई। फर्म में केमरा भी नहीं पाया गया न ही क्रय विक्रय अभिलेख पाए गए अतः फर्म को उक्त के संबंध में कारण बताओ नोटिस दिया गया। उल्लेखनीय है की उक्त औषधि की अवैध बिक्री एवं नशे हेतु प्रयोग होने की सूचना प्राप्त होने के दृष्टिगत कार्यवाही की गई है।

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन से कटकर साधू की मौत

**मसौली,बाराबंकी।** बीती रात्रि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सैदाबाद के निकट एक 55 वर्षीय साधु की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक साधु आसपास के मंदिरो मे घूमफिर कर रहता था। बताते चले सतरीख थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर नेवली निवासी 55 वर्षीय अर्जुनदास पुत्र शत्तोहन ग्राम सैदाबाद स्थित मंदिर मे रहकर पूजा अर्चना करता था तथा अक्सर आसपास अन्य मंदिरो पर चला जाता था बीती रात्रि लखनऊ अयोध्या रेलमार्ग पर साधु की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### किसानों को आज मिलेगी सम्मान निधि

**बाराबंकी।** कृषि निदेशक , उप्र के आदेश पर आज 28 फरवरी को प्रत्येक विकास खण्ड में शाम चार बजे से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम (पीएम किसान उत्सव) एवं जायद गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त निर्गत किये जाने का सजीव प्रसारण भी एलईडी स्क्रीन के माध्यम कराया जायेगा।

### मिलावटी सरसो के तेल के कारखानों पर की छापेमारी



**मोहम्मदी खीरी।** कड़वे तेल के मानस . इंटरप्राइजेज और राघव इंटरप्राइजेज के गोदाम सील एक कारखाने से लगभग 30 कुंटल तेल मिलावटी मिला, पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने दोनों तेल के गोदाम को सीज कर दिया है, गौरतलब है कि मोहम्मदी नगर में बड़े पैमाने पर नकली कड़वे तेल की बिक्री की जा रही थी जिसमें क्राइम ब्रांच और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर बड़ी कार्रवाई की है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि जानकारी मे आया था कि नगर मे नकली कडुआ तेल बनाया जा रहा है। इसी क्रम में कार्रवाई की गई है ,खाद निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। इस संयुक्त कार्रवाई में प्रमुख रूप से उप जिला अधिकारी डॉक्टर ऑफिस कुमार पुलिस उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर आलोक कुमार सिंह ,एस.एस.आई एक तिवारी क्राइम ब्रांच के देवेंद्र कुमार ,योगेश तोमर ,प्रवीण चौधरी प्रमुख रूप से रहे।

# नकल कराने का आरोप लगाकर छात्र ने वायरल किया वीडियो

▸ छात्र से नकल के लिए मांगी जा रही थी 50 हजार की रकम

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

सिटी लॉ कॉलेज के छात्र शिवम सिंह कॉलेज में सामूहिक नकल कराने के धंधे का आरोप लगाते हुए कालेज प्रबंधन पर कार्यवाही करने की मांग की है। छात्र शिवम सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के साथ अपना फ़ेसबुक लाइव वीडियो प्रसारित करके बताया है कि वह त्रिवर्षीय एलएलबी के पांचवें सेमेस्टर का छात्र हूं मैं 21 फरवरी को जब अपना प्रवेश पत्र लेने महाविद्यालय पहुंचा तो वहां के प्रिंसिपल श्री अश्वनी गुप्ता जी द्वारा मुझे अपने सेंटर पर सुविधा शुल्क जिसका मतलब नकल करने से था के लिए 50000 की धनराशि डिमांड की जो मैं देने में सक्षम नहीं था और अपनी साधारण फीस जमा करके मैंने उनसे निवेदन किया की मेरा वेरिफिकेशन कर दिया जाए। इससे अधिक फीस मैं नहीं दे पाऊंगा इसके बाद प्रधानाचार्य अश्वनी गुप्ता द्वारा मेरा वेरिफिकेशन नहीं किया गया जिससे क्षुब्द होकर मैं अपने घर वापस आ गया, पुनः 26 तारीख को पेपर से 1 दिन पहले मैं कॉलेज गया और वहां पर बताया कि सर कृपया मेरा प्रवेश पत्र दे दीजिए और मैं नकल के लिए सुविधा शुल्क जमा करने में सक्षम नहीं हूं इसके बाद मुझे कॉलेज स्टाफ के द्वारा यह आश्वासन दिया गया की आप परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंच जाइए आपका प्रवेश पत्र आपको वहीं पर प्राप्त हो जाएगा।

# एसएन मेमोरियल पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस आयोजित

▸ शिक्षा के साथ जरूरी है संस्कारों की दीक्षा : राजू भैया

▸ ग्रामीण अंचल के लिए वरदान है एसएन स्कूल: आलोक तिवारी

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

विकासखंड क्षेत्र के लखौरा में स्थित एसएन मेमोरियल पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हो गया।

इस दौरान छात्र एवं छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। आए हुए सभी अतिथियों को स्कूल प्रबंधन के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। त्रिवेदीगंज ब्लॉक के सुदूर ग्रामीण अंचल में स्थापित एस एन मेमोरियल पब्लिक स्कूल लखौरा के स्थापना दिवस पर एक अलग ही माहौल था। यहां पर एसएन मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अमित यादव, प्रशासक विवेक यादव एवं संरक्षक सुमित यादव की देखरेख में स्थापना दिवस का कार्यक्रम माता सरस्वती जी के दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। इस दौरान छात्र एवं छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसे देखकर के उपस्थित जनसमूह मंत्र मुग्ध हो गया। इस अवसर पर बोलते हुए हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने कहा कि आज यह आवश्यक है कि छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा के साथ संस्कारों की दीक्षा भी जिम्मेदारी के साथ दी जाए। क्योंकि संस्कार विहीन व्यक्ति के व्यक्तित्व को उत्कृष्टता नहीं प्राप्त होती और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अमित यादव ,विवेक यादव एवं सुमित यादव की देखरेख में जिस प्रकार से शिक्षा से नौनिहालों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। वह अत्यंत सराहनीय है। हैदरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि लखौरा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में एसएन मेमोरियल पब्लिक स्कूल के द्वारा दी जा रही शिक्षा अपने आप में अत्यंत महत्वपूर्ण है।



उन्होंने कहा कि यहां की स्थिति बता रही है कि शिक्षक एवं विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों को उचित शिक्षा देकर के उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए प्रवीण बना रहा है। शिक्षक अरविंद कुमार ने कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने बच्चों की प्रत्येक गतिविधि पर बारीक नजर रखें। और उन्हें सही एवं गलत का अंतर बताएं ।संचालक रोहित सिंह के सफल संचालन में विद्यार्थियों के द्वारा कई देशभक्ति एवं सामाजिक तथा पर्यावरण से जुड़े हुए कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# झांसा देकर ज्वेलरी लेकर उचक्के हुए रफूचक्कर

**सिंगाही खीरी। समृद्धि न्यूज**

सोने के आभूषण साफ करने का झांसा देकर गृहस्वामिनी से हेरा फेरी कर उचक्को ने सोने हजारो के गहने लेकर चम्पत हो गये।

सोने के आभूषण की कीमत साठ हजार बताई जा रही है। मंगलवार को तनीज बेगम पत्नी फारूक निवासी वार्ड नंबर 5 मोहल्ला पश्चिम चमरौधा सुबह करीब 11ः00 बजे अपने घर में रोजमर्रा के काम को निपट रही थी कि तभी दो बाइक सवार अपनी अलग-अलग मोटरसाइकिल नंबर बीआर 30 ए एफ 6358 व बीआर 30 एडी 1240 से उसके दरवाजे पर आकर रुके और घर का दरवाजा खटखटाया गृह स्वामी घर से बाहर आई तो हेरा फेरी करने वालों ने सोने के आभूषण साफ करने का प्रपोज रखा तो महिला आभूषण साफ करवाने से मना कर रही थी कि उसका पति फारूक आ गया और वह मोटरसाइकिल सवार उसके पति से बात करने लगे। पति हेरा फेरी करने वाले गिरोह के झांसे में आ गया और उसने अपनी पत्नी तनीज से आभूषण सोना चांदी लाने को कहा की पत्नी आभूषण साफ करने के लिए थोड़ा सफेद रंग का पाउडर दिया। पत्नी पाउडर को लेकर घर में गई उसने अपनी चांदी की पायल साफ की तो वह चमकने लगी फिर दोनों बाइक सवाल बोले कि अगर आपके घर में काला सोना हो तो भी ले आओ। तमीज ने कहा सोना नहीं है पति के समझाने पर पत्नी तनीज सोने के आभूषण झुमकी और कान के कुंडल ले आई। हेरा फेरी करने वालों ने कुंडल और झुमकी को एक पाउडर की झिल्ली में डाल दिया और एक पानी भरी बाल्टी में बंद कर दिया और कहा कि 10 मिनट के बाद खोलने पर आभूषण साफ हो जाएंगे 10 मिनट के बाद जब गृह स्वामी ने पाउडर की पॉलिथीन को खोलकर देखा तो उसके होश उड़ गए और पॉलिथीन में सोना गायब था। पन्नी में केवल पाउडर ही बंद था। तब तक वह दोनों बाइक सवार वहां से जा चुके थे पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। बता दें नगर पंचायत के कस्बे की तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरा सैकड़ो की तादात में गली और मोहल्ले चौराहों पर लगाये गए है।

**वर्जन:** नवागत थाना प्रभारी अमित सिंह भदोरिया से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनके थाने का चार्ज लेने के बाद से सीयूजी नंबर स्विच ऑफ है।

# किशोर-किशोरियों का विद्यालय में हो शत प्रतिशत ठहरावः बीईओ

**धौरहरा खीरी। समृद्धि न्यूज**

विकास क्षेत्र के बीआरसी सभागार में बीईओ की अध्यक्षता में मीना मंच पावर एंजल के शशक्तिकरण की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बीईओ सहित सुगमकर्ता मौजूद रहे। मंगलवार को ब्लाक संसाधन केंद्र धौरहरा के सभागार में आयोजित कार्यशाला मे बीईओ आशीष कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य मीना मंच को जागरूक कर सशक्त बनाना है। जिसमें प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं केजीबी में तीन बालिकाओं को कक्षा 6,7,8 में पावर एंजेल का चयन कर,उन्हें सशक्त बनाना तथा प्रगति के पंख गतिविधि बुक में दिए गए 12 सत्रों का क्रियान्वयन करते हुए बच्चों में जीवन कौशल का विकास करना है। उन्होंने कहा कि किशोर और किशोरियों का विद्यालय में ठहराव और नामांकन शत प्रतिशत हो इसके लिए सभी सुगमकर्ता विशेष ध्यान दें। किशोरावस्था एवम दिव्यंगता से जुड़ी हुई समस्याएं व विषमताओं को जो समाज में है उनको भी समाप्त किया जाए । जिससे समावेशी समता मूलक शिक्षा के अवसर जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य है प्राप्त हो सके । प्रगति के पंख एक्टिविटी बुक का प्रयोग एवम् बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशों का पालन कर इस वर्ष मीना मंच के सत्रों का संचालन प्रत्येक शनिवार को मध्यावकाश के उपरांत किया जाए।

## दो सौ गोवंशीय पशुओं के लिए गौशाला का हुआ उद्घाटन

**मितौली खीरी।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम जानकी नगर में गौशाला का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एवं मैगलगंज गन्ना सहकारी समिति के अध्यक्ष बृजेश सिंह तथा खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार द्वारा किया गया इस अवसर पर जानकी नगर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय गौतम तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि गौशाला में 200 गोवंशीय पशुओं के संरक्षण के लिए तीन टीन सेड का निर्माण कराया गया है। गोवंश पशुओं के चारे के लिए एक एकड़ में चारा बोने की व्यवस्था की गई है। गौशाला का निर्माण 50 बीघे जमीन पर कराया गया है आवारा पशुओं की समस्या को देखते हुए खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार ने तत्काल प्रभाव से यह व्यवस्था कराई गई है।

# एक मार्च से शुरू होगी गेहूं खरीद, बटाईदारों से खरीदा जाएगा गेहूं

▸ गेहूँ कृषक पंजीयन की प्रक्रिया 01 जनवरी से शुरू है कृषक बन्धुओं से अपील है कि अपने पंजीयन समय से करायें

**लखीमपुर-खीरी। समृद्धि न्यूज**

किसानों को शासन की मंशानुरूप न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत (एम.एस.पी.) का लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से जनपद के 156 सरकारी क्रय केन्द्रों पर 01 मार्च से गेहूँ क्रय शुरू होगी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जनपद में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत (एम.एस.पी.) पर सरकारी क्रय केन्द्रों पर 01 मार्च से गेहूँ क्रय शुरू होगी। आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेहूँ खरीद में 100 कुन्तल तक गेहूँ विक्रय हेतु मात्रा के सत्यापन की जरूरत नहीं होगी। आगामी खरीद सत्र में बटाईदारों के माध्यम से भी गेहू खरीद की जायेगी। कृषक बन्धुओं को छनाई /उतराई के लिए लेबर मद में लिया जाने वाला रूपये 20 रु0 प्रति कुन्तल चार्ज एमएसपी के अलावा उनके आधार लिंक बैंक खाते में प्रेषित किया जायेगा। डीएम की अपील, क्रय केंद्रों पर बेचे गेहूं की फसल, उठाएं एमएसपी का लाभ डीएम ने कृषक बन्धुओं से अनुरोध करते हुए कहा कि न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत (एमएसपी) पर गेहूँ खरीद योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण करायें और सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय कर 48 घण्टे के भीतर अपने आधार लिंक्ड बैंक खाते में भुगतान प्राप्त करें। डीएम ने बताया कि यदि कृषक पंजीयन में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो जनपद में स्थापित कन्ट्रोलरूम मोबाइल 6396239116 या सम्बन्धित तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।



गेहूँ कृषक पंजीयन की प्रक्रिया 01 जनवरी से शुरू है। कृषक बन्धुओं से अपील है कि अपने पंजीयन समय से करा लें।

# पलिया से मैलानी तक जर्जर हुई रोड, जनप्रतिनिधि खामोश

▸ मंत्री से लेकर अधिकारियों के गुजरने के बावजूद नहीं बन रही रोड

▸ पलिया से भीरा और मैलानी को जोड़ने वाली रोड गढ्ढों में हुई तब्दील

**पलियाकलां-खीरी। समृद्धि न्यूज**

केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार इन दिनों देश व प्रदेश वासियों को अपनी योजनाएं तो गिना रही हैं लेकिन पलिया से भीरा और भीरा से मैलानी को जोड़ने वाली रोड का कोई भी पुरसा हाल नहीं है। रोड इतनी जर्जर हो चुकी है कि रोड में गढ्ढे नहीं बल्कि गढ्ढों में रोड का आलम आ पहुंचा है। आमजन से ज्यादा जर्जर रोड की समस्या से एंबुलेंस और निजी वाहन में सवार मरीजों को भारी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। खास बात तो यह है कि इसी रोड से मंत्री, विधायक और प्रशासनिक अधिकारी गुजरते हैं लेकिन आम जन की इस समस्या पर वह अनजान साबित हो रहे हैं। आम जन की बड़ी और विकराल समस्या की बात करें तो पलिया से भीरा और भीरा से मैलानी को जोड़ने वाली रोड गढ्ढों में तब्दील हो चुकी है। बद से बद्तर हालत में पहुंची इस रोड पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसी रोड से होकर आए दिन मंत्री, विधायक और जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों का कारवां भी गुजरता है लेकिन उसके बावजूद इस जर्जर रोड की हालत में सुधार होने का नाम नहीं ले रहा। रोड के बद से बद्तर हालत में होने के चलते सबसे अधिक परेशानियों का सामना आम जनता के साथ उन गम्भीर मरीजों को भुगतना पड़ता है जो एंबुलेंस या अपनी गाड़ी में सवार होकर बरेली के लिए कूच करते हैं। इतना ही नहीं जर्जर रोड के चलते आए दिन वाहन दुर्घटना ग्रस्त होते रहते हैं और उनमें सवार लोग चोटिल भी होते रहते है।



# उत्तर प्रदेश बनेगा विश्व में सबसे कम सड़क दुर्घटनाओं वाला प्रदेश

## दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर एम्बुलेंस की होगी व्यवस्था, सड़क सुरक्षा की व्यवस्था के लिए अलग से गठित की जाएगी टीम

समृद्धि न्यूज





लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश को देश ही नहीं बल्कि विश्व में सबसे कम सड़क दुर्घटनाओं वाला प्रदेश बनाना लक्ष्य है। सड़क सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है और हमेशा रहेगी। रोड सेफ्टी को आगे लेकर चलना है। इसमें लोक निर्माण, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पुलिस सहित अन्य विभागों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री प्रसाद ने यह विचार आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर विश्वेश्वरैया हाल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में व्यक्त किये। इस अवसर पर परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए हाईवे पर अवैध कट को बंद करायें। छोटी सड़कों पर रम्बल स्ट्रीप्स तथा साइनेज का अवश्य प्रयोग किया जाये। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कें भी बनेंगी, अच्छी बसें भी चलेंगी और लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए, दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था की जायेगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि परिवहन विभाग ने पिछले दो वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु को रोकने के लिए जन जागरूकता कई कार्यक्रम चलाये हैं। सड़क दुर्घटना में मृत्यु होना दर्शाता है कि सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से अनुपालन नहीं हो रहा।

### विभाग संचालित कर रहा सड़क सुरक्षा की गतिविधियां

प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू ने कहा कि पिछले साल से लेकर अब तक सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत लगातार गतिविधियां विभाग द्वारा संचालित की गई हैं। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह से लेकर राज्य स्तर एवं जिले स्तर तक सड़क सुरक्षा संबंधी गतिविधियां विभाग द्वारा की जा रही हैं। ट्रैफिक पुलिस, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के समन्वय से निष्ठापूर्वक कार्य किया जाए, तो सड़क दुर्घटना में और अधिक कमी लायी जा सकती है। इस अवसर पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने वाले जिलों के अधिकारियों का सम्मानित किया गया। दुर्घटना में घायलों का जीवन बचाने वाले गुड समैरिटन को पुरस्कृत किया गया था तथा रोड सेफ्टी क्रिकेट टीम की जर्सी को लांच किया गया।

### लोगों की जान बचाने वालों का सम्मान

परिवहन मंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा की व्यवस्था के लिए अलग से टीम गठित करने के विषय पर मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। एक बार वे स्वयं भी सड़क दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। एक व्यक्ति ने सही समय पर मुझे अस्पताल पहुँचाया और मेरी जान बचाई। सड़क दुर्घटना के समय देवदूत बनकर मदद करने वाले ऐसे गुड सिमेरिटन को आज सम्मानित करके गर्व महसूस कर रहा हूँ। गुड सिमेरिटन की संख्या जितनी अधिक होगी उतनी सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु कम होगी।

# प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के लिए यूपी को मिला सर्वाधिक अनुदान



## विश्वविद्यालयों में शोध गुणवत्ता को बढ़ाने व जर्जर भवनों के रेनोवेशन के लिए प्रयोग होगा अनुदान

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन तथा उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव एम.पी. अग्रवाल द्वारा पी.एम. ऊषा की टीम के साथ मिलकर दिन-रात मेहनत के उपरान्त भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत उत्तर प्रदेश राज्य के विश्वविद्यालयों से प्रस्ताव प्राप्त कर प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना हेतु भारत सरकार को प्रेषित किये गये, जिसके फलस्वरूप पूरे देश में उत्तर प्रदेश राज्य को सर्वाधिक अनुदान स्वीकृत किया गया।

योजना भवन लखनऊ मे मंगलवार को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित समागम 2024 को सम्बोधित करते हुए, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राज्य के विश्वविद्यालयों हेतु धनराशि स्वीकृत किये जाने हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की योजना प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत उत्तर प्रदेश राज्य को लगभग धनराशि 740 करोड़ रूपये का अनुदान विभिन्न मदों में जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा स्वीकृति अनुदान का उपभोग विश्वविद्यालयों में शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने तथा जर्जर हो चुके पुराने भवनों को रेनोवेशन करने पर किया जायेगा। केन्द्रीय वित्त पोषण उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये एक बड़ा बढ़ावा होगा।अनुदान का उपयोग उत्तर प्रदेश राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों हेतु निर्धारित मापदंडों और मानको का अनुपालन सुनिश्चित करके उनकी गुणवत्ता बढ़ाने के लिये किया जायेगा।

### यूपी में काम करने के तेवर व व्यवस्थाओं के कलेवर बदले

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में काम करने के तेवर तथा व्यवस्थाओं के कलेवर बदले है। विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के जीवन को बेहतर करने में इस तरह के समागम मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के अन्तर्गत चिन्हित न्यूनतम सकल नामांकन अनुपात के क्रम में असेवित क्षेत्रों में नये राजकीय मॉडल महाविद्यालयों हेतु अनुदान प्रदान किया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र प्रायोजित योजना का उद्देश्य राज्य में उच्च शिक्षण संस्थानों को वित पोषण तथा सभी उच्च संस्थानों को समान विकास प्रदान कर उच्च शिक्षा प्रणाली को ठीक करना है। योजना के अंतर्गत 2026 के अंत तक सकल नामांकन अनुपात को 35 प्रतिशत तक बढ़ाना है। उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा अनुदान का उपयोग डिजिटल शिक्षा के तरीकों के लिये बुनयादी ढाचे को विकसित करने के लिये किया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की पुलिस से धक्का-मुक्की

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस के एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया है। वे आरओ-पीआरओ भर्ती परीक्षा पर पेपर लीक के आरोपों को लगा रहे थे। उनकी मांग थी कि पेपर को निरस्त करके नए सिरे से करवाया जाना चाहिए। मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़कर प्रदर्शन करते रहे थे। पुलिस ने शांति बनाए रखने के लिए कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। कार्यकर्ता भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। उन्हें ईको गार्डन भेज दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं की धक्का-मुक्की हुई। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एनएसयूआई कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय के बाहर इकट्ठा हुए। उन्होंने हाथ में तख्तियां लेकर नारेबाजी शुरू की। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने आरओ-पीआरओ परीक्षा के पेपर लीक का आरोप लगाया है। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आर्यन मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो भी परीक्षा हो रही है। वह लीक हो रही है। जिससे प्रदेश के युवा बेहद निराशा हैं, हमारी मांग है कि लोकसभा चुनाव से पहले यूपी पुलिस की परीक्षा दोबारा कराई जाए और आरओ-पीआरओ की परीक्षा रद्द किया जाए। आर्यन मिश्रा ने प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर अभद्रता और पीटने का आरोप लगाया। कहा कि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस ने जो व्यवहार किया है, वह लोकतंत्र के विरुद्ध है।

### कल्याण साथी हेल्पलाइन नंबर पर घर बैठे लें योजनाओं का लाभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाज कल्याण समाधान केंद्र, 'कल्याण साथी' हेल्पलाइन नंबर 14568 का उद्घाटन निदेशालय समाज कल्याण में रमापति शास्त्री पूर्व मंत्री समाज कल्याण द्वारा किया गया। इस अवसर पर असीम अरुण मंत्री समाज कल्याण, अवनीश अवस्थी सलाहकार मुख्यमंत्री, कुमार प्रशांत निदेशक समाज कल्याण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ही 'कल्याण साथी' मोबाइल ऐप, सीनियर सिटीजन हेतु वृद्धाश्रम पोर्टल एवं विभागीय त्रैमासिक पत्रिका 'कल्याणी' का विमोचन किया गया।मोदी की गारंटी का होगा क्रियान्वयन विभाग द्वारा 53 लाख वृद्धजनों को पेंशन का लाभ प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही छूटे हुए पात्र वृद्धजन कल्याण साथी हेल्पलाइन नंबर 14568 पर कॉल कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। विभाग द्वारा लाभार्थी को पंचायत सहायक के माध्यम से घर बैठे योजना का लाभ दिलाया जायेगा। श्री अरूण ने बताया कि विभागीय योजनाओं की जानकारी, सहायता एवं लाभ प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर का संचालन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कल्याण साथी हेल्पलाइन नंबर 14568 पर कॉलर योजना का लाभ लेने से संबंधित अपनी किसी भी प्रकार की समस्या को दर्ज करा सकते हैं। हेल्पलाइन के माध्यम से दर्ज समस्याओं को जनपद स्तर से नियमित अनुश्रवण कर समाधान किया जाएगा।

### चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर योगी ने दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मां भारती के वीर सपूत चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर सीएम योगी ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। सीएम योगी ने अपने आफिशियल हैंडल एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा-मां भारती के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर देश वासियों के हृदय में स्वतंत्रता की अलख जगाने वाले महान क्रांतिकारी, वीर हुतात्मा चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उनका अविस्मरणीय संघर्ष और अतुल्य बलिदान हम सभी को राष्ट्र सेवा के लिए सदैव उर्जित रखेगा।

### अतिक्रमण हटाने के दौरान निवासी उग्र, किया पथराव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में कुकरैल बंधे के किनारे बने अतिक्रमण को हटाने के दौरान वहां के निवासी उग्र हो गए। इस दौरान अतिक्रमणकारियों ने जेसीबी और पीएसी टीम पर पथराव कर दिया। जिससे जेसीबी का शीशा टूटा गया और पीएसी के जवानों को वापस लौटना पड़ा। सूचना मिलने पर सभी अधिकारी और पुलिस बल बता दें गोमती नदी के किनारे कुकरैल क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की गई कॉलोनी के खिलाफ एलडीए का बुलडोजर दो दिनों से बदस्तूर जारी है। दिसंबर माह में कार्रवाई करते हुए 200 मकान व दुकानों को जमीदोज किया गया था। वहीं, अब एक बार फिर से एलडीए ने अपनी कार्रवाई को तेज कर दिया है।

### 12वें इमाम की यौमे विदालत पर तीन समाज सेवी सम्मानित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शियों के बारवें इमाम हजरत मेहदी (अ.स.) की यौमे विलादत के मौके पर अंजुमन खुद्दामे कर्बला की ओर से कर्बला मलका जहां ऐशबाग में आयोजित ''जश्ने वली-ए-अस्र'' में तीन समाज सेवियों को अवार्ड मिला। समारोह में समाजसेवी वफ़ा अब्बास, शेख सईद हुसैन, दिलावर हुसैन को समाजी सेवाओं के पेशे नजर एवार्ड से नवाजा गया। इस मौके पर मौलाना मीसम ज़ैदी, मौलाना यासूब अब्बास इमाम मेहदी सहित तमाम लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन मौलाना उर्फी नानपारवी व कौसर जरवली, अध्यक्षता मौलाना मोहम्मद अब्बास तुराबी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रिंस इकबाल मिर्जा ने दिया।

### इटावा सफारी पार्क में हुई तेंदुए की मौत, पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**लखनऊ/इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा सफारी पार्क के बफर जोन से रेस्क्यू कर लाए गए एक तेंदुए की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इटावा सफारी पार्क के उपनिदेशक विनय कुमार सिंह ने बताया कि बीते दो दिनों से तेंदुआ भोजन नहीं ले रहा था। उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई थी। सफारी पार्क के पशु चिकित्सकों की ओर से नियमित देखभाल किया गया लेकिन आज उसकी मौत हो गई। उसके शव को पोस्टमाटर्म के लिए भेजा रहा है। उपनिदेशक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत होने का वाकई कारण सामने आ सकेगा।

# मनरेगा श्रमिकों के पारिश्रमिक का समय से भुगतान प्राथमिकता : केशव

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के मजदूरों और निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता एजेंसियों के बकाये का अब जल्द ही भुगतान होगा। केंद्र सरकार से करीब 1296 करोड़ की राशि जारी कर दी गई है। इसमें श्रमांश की बात करें तो 708.27 करोड़ रुपए तथा सामग्री मद में 588.59 करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है। इससे बकायेदारी भी दूर होगी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए लगातार काम कर रही है। श्रमिकों की मजदूरी उनके खाते में समय से पहुंचे ,इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 21 करोड़ मानव दिवस का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे 3 बार बढ़ाकर पहले 25 करोड़ फिर 30 करोड़ उसके पश्चात साढ़े 34 करोड़ किया गया। इस लक्ष्य सापेक्ष अब तक प्रदेश द्वारा 31.68 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस सृजित कर लिये गये हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक प्रदेश के अंतर्गत 64.63 लाख परिवारों के 76.38 लाख श्रमिकों को रोजगार दिया गया जा चुका है। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक कुल 2,74,994 परिवारों द्वारा 100 दिवस का रोजगार भी पूर्ण किया जा चुका है आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि मनरेगा योजना के लिए मांग के अनुरूप केंद्र द्वारा करीब 1296 करोड़ की धनराशि निर्गत की गई है, जिसमें श्रमांश और सामग्री मद शामिल हैं। इस धनराशि से श्रमिकों का बकाया भुगतान किया जा सकेगा। जल्द ही श्रमिकों के खाते में राज्य द्वारा भुगतान किया जाएगा।

### छोटे-बड़े उद्यमियों का डाटा तैयार करें बैंक : नंदी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने आज यहां पिकप भवन सभागार में वरिष्ठ अधिकारयों के साथ बैठक कर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब तक के परिणामों और भावी नीति बनाने के लिए प्रगति की समीक्षा की।मंत्री नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का ऐसा राज्य है, जहां सर्वाधिक एक्सप्रेस-वे हैं। सर्वाधिक पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट, डोमेस्टिक एयरपोर्ट वाला राज्य बनने के साथ ही सड़क, हाईवे, बिजली, इंटरनेट कनेक्टिविटी का विस्तार हुआ है। कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है, इसलिए यहां पर बड़े निवेशक आ रहे हैं। आज प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। प्रदेश में सांस्कृतिक धरोहरों को सजाने और संवारने का काम हो रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में सभी अधिकारी जुट जाएं। बैठक में उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई, जिसके क्रम में प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के लिए अधिकृत कंसल्टेंट कंपनी डिलाइट टीम द्वारा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया गया। बैठक में लैंड बैंक बढ़ाने, छोटे-बड़े उद्यमियों का डाटा तैयार करने के लिए उद्यमी मित्र के साथ ही जीएम डीआईसी को लगाने और लैंड पूलिंग पॉलिसी पर भी चर्चा हुई। मंत्री नन्दी ने कहा कि ऑर्गेनाइज्ड सेक्टर, अनऑर्गेनाइज्ड सेक्टर एवं प्राइवेट सेक्टर के उद्यमियों की सूची तैयार की जाए। बैठक में जेडबल्यूएस, अमूल आदि इन्वेस्टर्स की समस्याओं को तत्काल हल करने पर चर्चा हुई और ईवी के क्षेत्र में ओला के साथ बातचीत होने की भी चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि पिछले साढ़े छह वर्षों के योजनाबद्ध प्रयासों से वर्तमान में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था सबसे अच्छी स्थिति में है। राज्य का कुल सकल राज्य घरेलू उत्पाद, जो वर्ष 2021-22 में रू0 16.45 लाख करोड़ था, वर्ष 2022-23 में बढ़कर रू0 22.58 लाख करोड़ से अधिक हो गया है।

# बागी विधायकों पर होगी कार्रवाई : अखिलेश



समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राज्यसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार को वोट करने वाले सपा विधायकों पर पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी क्योंकि पार्टी के साथियों का मानना है कि ऐसे लोगों को दूर कर देनाचाहिए। सरकार के खिलाफवोट करने के लिए साहस की जरूरत होती है। सपा विधायकों के बागी होने पर कहा कि सरकार की तरफ से किसी को धमकाया गया होगा। किसी को कुछ ऑफर दिया गया होगा। किसी को सुरक्षा चाहिए होगी। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि सुनने में तो ये भी आ रहा है कि पैकेज डील हुई है। अब ये डील कितनी बड़ी है मैं नहीं जानता।

सपा विधायक पल्लवी पटेल पर अखिलेश यादव ने कहा कि मैं किसी की अंतरात्मा के बारे में नहीं जानता। जो जा रहे हैं उन्हें जरूर कोई लाभ मिला होगा लेकिन ऐसे लोगों पर कार्रवाई होगी। राज्यसभा चुनाव में सपा के आधा दर्जन से ज्यादा विधायकों ने पार्टी से बगावत करते हुए भाजपा प्रत्याशी को वोट किया है। सपा के मुख्य सचेतक व विधायक मनोज पांडेय ने तो अपने पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा प्रत्याशी को वोट किया।

### सपा के बागी नेता मनोज पांडे पर सपा की कार्रवाई शुरू अखिलेश ने विधानसभा से हटवाई उनके नाम की नेम प्लेट

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के नेता और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीबी नेता रहे मनोज पांडेय के पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफे के बाद अखिलेश काफी नाराज दिख रहे हैं। सपा प्रमुख ने विधानसभा से मनोज पांडेय के नाम की लगी नेम प्लेट को हटवा दिया है। ये नेम प्लेट अखिलेश यादव के निर्देश पर हटवाई गई है। नेम प्लेट के हटने के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। आपको बता दें कि राज्यसभा चुनाव में सपा के कई विधायक बागी हो गए हैं और भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान कर रहे हैं। वहीं, बसपा के एक विधायक उमा शंकर पांडेय ने भी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट देने की बात कही है। इसके अलावा, कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने भी भाजपा प्रत्याशी का समर्थन किया है। वहीं जानकारी के मुताबिक समाजवादी पार्टी के विधायक राकेश प्रताप सिंह, मनोज पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, पूजा पाल, अभय सिंह और विनोद चतुर्वेदी ने भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया है।

### अखिलेश से नाराज चल रहे रेवती रमण सिंह जल्द छोड़ेंगे सपा

लखनऊ। लोकसभा चुनाव से पहले उत्तरप्रदेश में सियासी उथल-पुथल का दौरा जारी है। सूत्रों के मुक्त अखिलेश यादव से नाराज दिग्गज नेता रेवती रमण भी सपा को जल्द अलविदा कहने वाले हैं। रेवती रमण का परिवार पिछले कुछ दिनों से देश की दो बड़ी पार्टियों के संपर्क में है। एक जगह बात लगभग फाइनल है। अभी इस बात को लेकर पशो पेश है कि रेवती रमण को ज्यादा उचित सम्मान कहां मिलेगा और किसके साथ उनका सियासी भविष्य ज्यादा उज्जवल होगा। कुंवर रेवती रमण सिंह आठ बार विधायक और तीन बार सांसद रहे हैं। रेवती रमण सिंह मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी माने जाते रहे हैं। यूपी सरकार में कई बार मंत्री रहे और समाजवादी पार्टी में महासचिव भी रहे हैं। रेवती रमण सिंह और उनके पूर्व मंत्री बेटे उज्जवल रमण सिंह पार्टी में पिछले कुछ दिनों से खुद को अलग थलग महसूस कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने पहले रेवती रमण सिंह को महासचिव पद से हटाया। उसके बाद राज्यसभा चुनाव में भी उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाया।

### अब घर बैठे स्पीड पोस्ट से मंगवा सकते हनुमान गढ़ी का प्रसाद

लखनऊ। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। अयोध्या में श्री राम मंदिर जाने से पहले हनुमानगढ़ी स्थित हनुमान मंदिर के दर्शन करने की परम्परा है। ऐसे में हर किसी की इच्छा होती है कि वह हनुमान जी का दर्शन और आशीर्वाद स्वरुप प्रसाद पा सके। परन्तु कुछ श्रद्धालु चाहकर भी दर्शन नहीं कर पाते। अब ऐसे श्रद्धालुओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से लोग देश के किसी भी कोने में घर बैठे श्री हनुमान गढ़ी अयोध्या धाम का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। पीएमजी वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग और श्री हनुमान गढ़ी अयोध्या धाम के संकटमोचन सेना ट्रस्ट के बीच हुये एक एग्रीमेण्ट के तहत देश के किसी भी कोने में रह रहे श्रद्धालु स्पीड पोस्ट से श्री हनुमान गढ़ी मंदिर का प्रसाद मँगा सकते हैं। नजदीकी डाकघर से मात्र 251 अथवा 551 रूपये का ई-मनीआर्डर उप पोस्टमास्टर अयोध्याधाम-224123 के नाम भेजना होगा। ई-मनीऑर्डर प्राप्त होते ही डाक विभाग द्वारा तत्काल दिए गए पते पर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद भेज दिया जाएगा।

# ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के लिए राजस्व परिषद व एसबीआई में हुआ अनुबंध

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। आयुक्त और सचिव राजस्व परिषद एसवीएस रंगा राव ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा आमजन की सुविधा के लिए विभागीय सेवाओं को सतत रूप से आनलाइन किया जा रहा है। सेवाओं के सापेक्ष हितबद्ध व्यक्तियों को कम्प्यूटरीकृत अभिलेखों एवं प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां आन लाईन 24 घण्टे मोड में उपलब्ध कराने हेतु आनलाइन पेमेन्ट गेटवे को लागू किया जा रहा है। परिषद द्वारा आज एसबीआई से ऑन लाईन पेमेन्ट गेटवे सर्विस लेने की कार्यवाही की गई।

उक्त सर्विस को उपलब्ध कराने हेतु एसवीएस रंगा राव, आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद एवं अरूण कुमार साहू, जनरल मैनेजर, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की उपस्थिति में परिषद एवं एसबीआई के मध्य आज राजस्व परिषद मुख्यालय पर अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया गया। उन्होंने बताया कि विभागीय सेवाओं हेतु यूजर चार्जेज के संग्रहण हेतु आनलाइन पेमेन्ट गेटवे लागू होने के उपरांत राजस्व परिषद के विभागीय पोर्टल से कम्प्यूटरीकृत राजस्व अभिलेखों के प्राप्त करने की व्यवस्था लागू होने से हितबद्ध पक्षों को तहसील कम्प्यूटर केन्द्र अथवा कॉमन सर्विस सेन्टर पर जाने की न केवल बाध्यता समाप्त हो जायेगी अपितु पारदर्शी एवं बाधारहित तरीके से आमजन की राज्य के द्वारा अनुमत अभिलेखों तक 24 घण्टे पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी।उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभाग के द्वारा कम्प्यूटरीकृत खतौनी आमजन को उपलब्ध करायी जाती है। इस हेतु आवेदक के द्वारा तहसील कांउटर पर नगद पैसा जमा कर कम्प्यूटरीकृत खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त की जाती है। कंप्यूटरीकृत खतौनी लेने वालों को नकद धनराशि का भुगतान करने की समस्या से मुक्ति देने हेतु तहसील में यूपीआई और क्यू आर कोड को स्कैन कर डिजिटल मोड में भी प्रयोक्ता प्रभार यूजर चार्ज का भुगतान किये जाने की व्यवस्था पूर्व में ही लागू की जा चुकी है। तहसील जाने की बाध्यता समाप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल से भी कंप्यूटरीकृत खतौनी प्राप्त किये जाने की व्यवस्था लागू की जा रही है।

### विभागीय अभिलेखों तक चौबीस घंटे होगी पहुंच

कार्यक्रम

विभागीय वेबसाईट पर प्राप्त किये जा रहे हैं विभिन्न योजनाओं में ऑनलाईन आवेदन

# विभाग मत्स्य पालकों, बीज उत्पादकों व उद्यमियों के लिए समर्पित

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डा. संजय निषाद की अध्यक्षता में आज प्रादेशिक मछुआ कल्याण सम्मेलन मत्स्य सम्पदा जागरूकता अभियानः एक दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन राजधानी लखनऊ के कृषि निदेशालय के सभागार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश आज प्रदेश के मत्स्य पालकों, मत्स्य बीज उत्पादकों एवं मत्स्य उद्यमियों के लिए समर्पित है, ताकि प्रदेश वासियों को मत्स्य पालन तकनीक एवं नदियों व जलाशयों में मत्स्य आखेट प्रबन्धन की जानकारी प्रदान करते हुए अधिक से अधिक मत्स्य उत्पादन के साथ-साथ मत्स्य प्रजातियों के संरक्षण व संवर्धन किया जा सके।

डा निषाद ने कहा कि विभागीय योजनाओं से मछुआ समुदाय को लाभान्वित करने एवं मत्स्य विकास हेतु मत्स्य विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं में आनलाईन आवेदन विभागीय वेबसाईट पर प्राप्त किये जा रहे हैं। प्रदेश के दूर दराज के ग्रामीण अंचलों में निवास करने वाले व्यक्ति आनलाईन आवेदन करके विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु जनसुविधा केन्द्रों, साइबर कैफे आदि के सहयोग से आम जनमानस द्वारा आनलाइन आवेदन किया जा रहा है। मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास हेतु संचालित योजनाओं में सबसे महत्वपूर्ण योजना भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत निजी भूमि पर तालाब निर्माण, मत्स्य बीज हैचरी निर्माण, बायोफ्लाक पाण्ड, रियरिंग तालाब निर्माण, रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, इन्सुलेटेड व्हीकल्स, मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स, थ्री-व्हीलर विद आइस बॉक्स, साइकिल विद आइस बॉक्स, जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र, मत्स्य आहार प्लान्ट, मत्स्य आहार मिल, केज संवर्धन, पेन संवर्धन, सजावटी मछली रियरिंग यूनिट, कियोस्क निर्माण, शीतगृह निर्माण, मनोरंजन मात्स्यिकी, डाइग्नोस्टिक मोबाईल लैब, मत्स्य सेवा केन्द्र एवं सामूहिक दुर्घटना बीमा सहित कुल 31 योजनाएं संचालित हैं। मत्स्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अल्ट्रा-मॉडर्न फिश मार्केट की स्थापना की जा रही है। वर्तमान में जनपद चन्दौली में अल्ट्रा मार्डन फिश मण्डी निर्माणाधीन है। मत्स्य आयात एवं निर्यात को बढावा देने, प्रदेश के अन्य जनपदों में उत्पादित मछली का उचित मूल्य मत्स्य पालकों एवं व्यवसायियों को उपलब्ध होने, क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान, मत्स्य पालकों के आय को बढाने, रोजगार सृजन, मत्स्य पालन क्षेत्र को बढावा देने, सामुद्रिक मत्स्य उत्पाद की उपलब्धता, मत्स्य से सम्बन्धित निवेश एवं अन्य सामग्रियों की उपलब्धता के लिए मण्डी का निर्माण कराया जा रहा है।

### यूपी की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर पहुंचाने में अल्ट्रा मॉडर्न फिश मार्केट का होगा अहम योगदान : डॉ संजय निषाद

# विद्युत संविदा कर्मियों ने शक्ति भवन का किया घेराव, 16 सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज




लखनऊ। विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जलों के सैकड़ों संविदा कर्मचारियों ने शक्ति भवन पर घेरा डाला और अपनी मांगों को लेकर विशाल सत्याग्रह किया। वेतन बढ़ाने सहित अन्य माँगों के समर्थन के साथ ही चेयरमैन के तानाशाही और मज़दूर विरोधी रवैए के विरोध में संविदा कर्मचारियों द्वारा दिन भर नारेबाज़ी की गई।

सत्याग्रह के बाद महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ मजदूर नेता आर एस राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष आशीष गोयल से मिलकर 16 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया।चेयरमैन द्वारा महासंघ के साथ अगले हफ़्ते वार्ता कर मांगों का समाधान निकालने के लिए आश्वस्त किया गया। महासंघ के प्रमुख नेताओं में मो. काशिफ, भोला सिंह कुशवाहा, पुनीत राय, योगेश सिरोही, राम भूल सैनी, रियाजुद्दीन, राजेश्वर सिंह, अशोक राय, संजय सिंह, मुदस्सिर चौहान, नवल किशोर सक्सेना, सुनील गोस्वामी, सतीश तिवारी, इंद्रेश राय, प्रवीण सिंह, राहुल कुमार, वेद प्रकाश राय आदि प्रमुख लोग इस अवसर पर मौजूद थे। महासंघ द्वारा संविदा श्रमिक को 18 हजार एवं लाइनमैन तथा एसएसऔ को 22000 रुपये वेतन , हटाए गए निर्दोष आउटसोर्स कर्मियों को पुन- बहाल किए जाने, संविदा कर्मियों की मृत्यु के उपरांत 10 लख रुपए मुआवजा दिए जाने, सभी जिलों में ईएसआई की सुविधा प्रदान किए जाने, रिक्त 70000 पदों पर संविदा कर्मियों को समायोजित किए जाने तथा आउट सोर्स एसएसओ को हटाकर पूर्व सैनिकों को रखने का आदेश वापस लिए जाने की मांग की गई है।

# एरिया सेल्स मैनेजर का शव किचेन से बरामद

- किराए के मकान में रहते थे अयोध्या निवासी सेल्स मैनेजर
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए रखवाया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नागरौर गांव के पास किराए के मकान में रह रहे अयोध्या निवासी एक एरिया सेल्स मैनेजर की सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में किचन में शव मिला है। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मॉर्चरी में पोस्टमार्ट्म के लिए रखवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पुलिस मौत के सही कारणों की बात सामने आने की कह रही है। कोतवाली देहात पुलिस ने बताया कि अयोध्या जिले के कैंट थाना क्षेत्र के अंगूरी बाग कॉलोनी निवासी अंकुर सिब्बल (35) पुत्र धर्मपाल अपना क्लब कंपनी में एरिया सेल्स मैनेजर के पद पर काम करते थे। यह कंपनी एफएमसीजी मार्केटिंग का कार्य करती है। सोमवार रात अंकुर कोतवाली देहात के नागरौर गांव में किराए के मकान में ऊपर कमरे में थे, अचानक मकान मालिक को पता चला कि वह अचेत अवस्था में पड़े हैं। मकान मालिक ने कंपनी के लोगों को फोन किया। कंपनी के लोग मौके पर पहुंचे। उसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली देहात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अंकुर को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां इमरजेंसी के डॉक्टर शिवम मिश्रा ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉ शिवम् मिश्रा ने बताया कि युवक मृतक अवस्था में हॉस्पिटल आया था। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा। उन्होंने बताया कि मृतक के परिवार को सूचना दी गई है। परिवार के लोग अयोध्या से बहराइच आ गए हैं।

# पत्नी पर धारदार हथियार से हमला, केस दर्ज

- अयोध्या से आए पति ने वारदात को दिया अंजाम, विवाद के चलते मायके में रह रही है महिला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के ग्राम पंचायत बंभौरा निवासी महिला को जाते समय इसके पति ने गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे महिला घायल होकर जमीन पर गिर गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जरवलरोड थाना क्षेत्र के ग्राम बम्भौरा के मजरा बगरेपुरवा निवासी 30 वर्षीय गुड़िया पुत्री रामकुमार मंगलवार सुबह 11.30 बजे जरवलरोड स्थित एचडीएफसी बैंक के निकट गली से निकल कर अपने घर जा रही थी। गली में सन्नाटा देख अचानक पीछे से पहुंचे युवती के पति ने धारदार हथियार से गले पर वार कर दिया। गले पर वार होते ही महिला बेहोश होकर नीचे गिर गई। महिला की पुकार सुन मौके पर राहगीरों को देख युवक फरार हो गया।महिला पर जानलेवा हमले की खबर सुनते ही क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। जानकारी मिलते ही आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने कार्यवाही की। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड बृजराज प्रसाद ने बताया घायल युवती की शादी 12 वर्ष पूर्व जिला अयोध्या थाना रामसनेहीघाट ग्राम विसईया निवासी रामाधार पुत्र रविनंदन के साथ हुई थी।पीड़िता ने तहरीर मे लिखा है कि पति का चाल चलन ठीक न होने के करण अपने दो बच्चों के साथ अपने मायके मे रहकर मेहनत मजदूरी कर गुजर बसर कर रही है। कुछ दिनों से साथ रह रहे पति पत्नी का विवाद चल रहा था। नशे का आदी पति अपनी पत्नी से आए दिन झगड़ा करता था। जिसके चलते हमला किया है।



**मुंह में डाल दिया था फेवी क्विक**

थाने में महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। एक सप्ताह पूर्व सोते समय ससुराल में ही उसके मुंह में फेवी क्विक डाल दिया था। जिससे काफी समस्या हुई थी।

# आरओ और एआरओ की परीक्षा निरस्त करे सरकार

- समाजवादी छात्रसभा के लोगों ने प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में मंगलवार को सभी ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंप कर समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा को निरस्त किए जाने की मांग की।समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष रविंद्र मौर्य टिंकू की अगुवाई में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे।

सभी ने प्रदेश सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया जिलाध्यक्ष का कहना है कि आरओ और एआरओ परीक्षा पेपर टेलीग्राम एवं व्हाट्सएप के माध्यम से लीक हुई है। जिससे इसमें शामिल हुए 60 लाख से अधिक छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है।

इतना ही नहीं जिन लोगों ने मेहनत करके परीक्षा दी वह भी पेपर लीक होने के समाचार से अचंभित है। ऐसे में सरकार समीक्षा अधिकारी सहायक समीक्षा अधिकारी के पेपर को देरासकर पुणे परीक्षा करवाई जिससे पढ़ाई करने वाले छात्रों का भविष्य संवर सके। इसके बाद सभी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मोनिका रानी को दिया। इस दौरान विनीत कुमार, कार्तिकेय प्रताप सिंह, दिनेश यादव, एके मौर्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# हादसे से नाराज लोगों ने चालक को खंभे से बांधकर पीटा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली देहात के बेरिया गांव के निकट रविवार को बाइक और पिकअप वाहन की टक्कर में बाइक सवार की मौत से ग्रामीण नाराज हो गए। सभी ने चालक को खंभे से बांधकर पिटाई शुरू कर दी। पुलिस के आने पर उसे मुक्त कराया जा सका।कोतवाली देहात के गोंडा बहराइच मार्ग पर रविवार शाम को बाइक में पिकअप ने टक्कर मार दी थी हादसे में गोंडा निवासी एक युवक की मौत हो गई। भीषण सड़क हादसे से नाराज लोगों ने पिक अप चालक को पकड़ लिया। इसके बाद उसे पास के खंभे से बांध दिया। कुछ लोगों ने उसकी पिटाई भी कर दी। आसपास के लोगों ने चालक के खंभे से बांधे जाने की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची, तब पिक अप वाहन का चालक किसी तरह मुक्त हो सका।

चालक के खंभे से बांधे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में कोतवाल बृजेश कुमार मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि चालक और मालिक सोमवार को कोतवाली में आए थे। चालक ने ऐसी कोई सूचना या तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच की जाएगी।

# घर में रखे जेवरात व सामान उठा ले जाने का आरोप

- पीड़ित ने मुख्यमंत्री समेत डीआईजी, डीएम व एसपी से लगाई गुहार
- पति-पत्नी के बीच महाराष्ट्र में मुकदमा भी चल रहा है

**मोतीगंज/गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस की मौजूदगी में विवाहिता के मायके वालों द्वारा ससुराल के मकान में लगा ताला तोड़कर अंदर कमरे में लड़की की शादी की तैयारी में रखे जेवरात व अन्य सामानों को उठा ले जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के साथ ही डीआईजी, डीएम व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है। मामला मोतीगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत डड़वा दसौतिया के डड़वा गांव की निवासिनी इसलामुन्निशा पत्नी अब्दुल हमीद इदरीसी ने दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके पुत्र मोहम्मद अनस का निकाह सायमा बानो के साथ वर्ष 2022 में हुआ था। उसका पुत्र व बहू मुंबई में रहते थे। इस बीच दोनों में किसी कारण से अनबन हो गई, जिससे दोनों में विवाद होता रहा। पति-पत्नी के बीच महाराष्ट्र में मुकदमा भी चल रहा है। दिनांक 05.02.2024 को सुबह करीब 10 बजे नसरीन पत्नी मुजीबुल्लाह, सायमा बानो पत्नी मोहम्मद अनस निवासी विशुनपुर थाना रेहरा बाजार, जनपद बलरामपुर दो अन्य लोगों के साथ उसके घर पहुंचे। उस समय घर पर कोई नहीं था। आरोप है कि विपक्षियों ने घर में लगा ताला तोड़ दिए और घर में घुसकर पीड़िता के जेवरात के साथ ही उसकी लड़की की शादी के लिए रखे जेवरात व अन्य कीमती सामानों को उठा ले गए। इसकी सूचना उसके पति को दोपहर में मिली। इस पर वह 5 फरवरी को मुंबई से गांव आए। 7 फरवरी को पुलिस अधीक्षक के साथ ही थानाध्यक्ष मोतीगंज को भी प्रार्थना पत्र दिया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इस पर उसने 8 फरवरी को जिलाधिकारी नेहा शर्मा से गुहार लगाई, तब पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि पुलिस ने पीड़ित पक्ष से कहा कि सब फर्जी है। पीड़िता की गैरमौजूदगी में उसके तथा उसके परिवार वालों के विरूद्ध मुकदमा लिख दिया। इस संबंध में मोतीगंज थानाध्यक्ष से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

## खबरें एक नजर में

### गेंदघर मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जनपद में 28 फरवरी 2024 को गेंदघर मैदान में वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में 422 जोड़ों का विवाह उनके धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न कराया जायेगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम को शासन की मंशानुसार सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा नोडल अधिकारी नामित किये गये है। जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त ने बताया कि विकास खण्ड चित्तौरा के 23, हुजूरपुर के 07, जरवल 15, कैसरगंज 16, महसी 88, मिहींपुरवा 35, नवाबगंज व पयागपुर 08-08, फखरपुर 103, रिसिया 14, शिवपुर 33, तेजवापुर 36, विशेश्वरगंज 07 तथा नगरीय क्षेत्र के 10 कुल 422 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जायेगा।

### महिला बच्ची सहित प्रेमी संग फरार

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार की शाम महिला तीन साल की बच्ची के साथ कीमती सामान समेट कर अपने पुरुष मित्र के साथ निकल गयी। खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला तो पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। जजरौली गांव निवासी गोपाल पुत्र रामआसरे ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि 22 फरवरी की शाम पत्नी पूर्वी तीन साल की बच्ची पीहू को लेकर कहीं गायब हो गयी। जब वह घर पहुंचा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला तो एफचौरासी थाना क्षेत्र के कस्बा ऊगू निवासी उसके पिता राजू को सूचना दी। उन्होंने बताया कि मेरी लड़की को कस्बे का चुन्नीलाल पुत्र होरीलाल ले गया है जिसपर पीड़ित पति ने युवक के खिलाफपत्नी को भगा ले जाने का आरोप लगाया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर बाइक की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मियागंज कस्बा निवासी रमेशचंद्र मंगलवार को साइकिल लेकर बाजार से घरेलू सामान खरीदने के लिए निकला था अभी वह ब्लाक गेट के सामने पहुंचा था कि पीछे से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी सहित मौके से भाग निकला।

# कुत्ता बाइक से टकराया, एक की मौत, दूसरा घायल

- शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे बाइक सवार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के गुरगुट्टा गांव से बाइक से शादी समूह में शामिल होने जा रहे बाइक सवारों को कुत्तों के झुंड ने दौड़ा लिया। कुछ दूरी पर रात में आगे जाने पर बाइक से एक कुत्ता भिड़ गया। जिसके चलते हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया।

घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।कोतवाली नानपारा अंतर्गत गुरगुट्टा गांव निवासी रजा अली पुत्र शहादत अली अपने दोस्त गांव निवासी देशराज पुत्र राम आधार के साथ शादी में शामिल होने सोमवार रात को बाइक से जा रहा था। देशराज के रिश्तेदारी में शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाइक से राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर गांव के निकट पहुंचे। तभी कुत्तों के झुंड ने दौड़ा लिया।बाइक भगाने पर कुछ दूरी पर ही सामने से आ रहा दूसरा कुत्ता बाइक में भिड़ गया। जिससे दोनों घायल हो गए। राम गांव थाने के प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया गया। यहां पर डॉक्टर शिवम मिश्रा ने देश राज को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि युवक की रास्ते में ही मौत हो गई थी। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कुत्ते से भिड़ने के लिए बाइक सवार गिर गए। जिसमें एक युवक की मौत हुई है। अस्पताल चौकी के सिपाही अखिलेश कुमार ने परिवार को सूचना देने के साथ घायल को डॉक्टर के द्वारा दिखवाया।

# पांच हजार घूस लेते हुए वरिष्ठ सहायक गिरफ्तार

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

भ्रष्टाचार निवारण संगठन के प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के वरिष्ट सहायक धर्मेंद्र कुमार राय को चिकित्सा प्रति पूर्ति के नाम पर पांच हजार का घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। उनको अपने कब्जे में लेकर पूछताछ कर रही है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के विशुन पुर बैरियर निवासी रघुराज सोनकर पुत्र खुशी राम सोनकर ने भ्र्ष्टाचार निवारण संगठन के कार्यालय में शिकायत किया कि वह वन विभाग कार्यालय में सरकारी नौकरी करता है। उस की चिकित्सा प्रतिपूर्ति की एक लाख 78 हजार रुपये की फाइल थी। उस को पास कराने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ सहायक धमेंद्र कुमाए राय पुत्र चन्द्र बलि राय निवासी ढढनी आजम गढ़ ने 15 हजार रुपये का घूस मांगा था। फाइल पास होने से पहले पांच हजार रुपये और फाइल पास होने के बाद दस हजार रुपये पर तय हुआ था। रघुराज सोनकर घूस देने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ सहायक धमेंद्र कुमार राय के पास गया और पांच हजार रुपये देने लगा। तभी भ्र्ष्टाचार निवारण संगठन के प्रभारी धनजय कुमार सिंह अपने टीम के इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल प्रिंस कुमार, अनुराग शुक्ला, वीरेन्द्र तिवारी, अंकित कुमार, राज कुमार यादव ने रंगे हाथ पकड़ लिया और नगर कोतवाली ले आये।चिकित्सा प्रतिपूर्ति नाम घूस लेने वाले बाबू से पूछताछ कर रहे है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के बाबू के गिरफ्तारी होने के बाद जिले में हड़कप मच गया।

# अधिवक्ता के दुकान पर दबंगों ने किया कब्जा, प्रशासन मौन

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**



मामला कोतवाली नगर के मौहल्ला बड़गांव का है जहां के निवासी सुनील कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय फूल चन्द ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर लगाया न्याय की गुहार दिये गये प्रार्थना पत्र मे कहा कि उक्त भूमि दुकान संख्या 212 स्थिति मोहल्ला रानी बाजार में स्थित है जिसमें पीड़ित की नानी के वसीयत नामा के अनुसार 1/4का बराबर हिस्सा रहा ।जिस मामले में एक वाद नगर मजिस्ट्रेट गोण्डा के यहां चल रहा था जिस पर कब्जा करने पर अमादा विपक्षी गण रानी देवी व उनके पति अनिल कुमार ,व विकास कसौधन उर्फ राजा व छोटू उर्फ विशाल को उक्त भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण न करने हेतु 24/1/2024को लेकर स्थगन आदेश पारित किया था।उसके वावजूद दबंगों ने स्थानीय पुलिस की मिली भगत से खुले आम न्यायालय के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए उक्त दुकान/भूमि पर निर्माण करना शुरू कर दिया। जिसे लेकर पीड़ित ने खूब लगाए सम्बंधित पुलिस व पुलिस अधीक्षक के चक्कर लेकिन दबंगों के आगे पुलिस मौन है।दबंग पीड़ित को उल्टे दे रहे हैं जान से मार डालने की धमकी ।अब देखना होगा कि योगी की पुलिस इस मामले में क्या कार्यवाही करती है।

# 50 लाख के निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

**उन्नाव ,समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद में निर्माणाधीन 50 लाख से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जल निगम ग्रामीण/शहरी, लोक निर्माण विभाग, यूपीएससीएल, सीएनडीएस, पर्यटन, आवास विकास आदि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों पर विशेष ध्यान दें और समस्त निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, समयबद्धता तथा गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले निर्माण कार्यों को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराए जाएं अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्यो में किसी भी स्तर पर लापरवाही को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभाग के अधिकारी उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगें।

यह भी कहा कि जो भी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनको हैण्डओवर कराने की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का विलम्ब न किया जाए। इस अवसर पर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई, अधिशाषी अभियन्ता जलनिगम शहरी, पर्यटन सूचना अधिकारी संतोष कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि गण आदि मौजूद रहे।

# रास्ते के विवाद को लेकर दो सगे भाई भिड़े, बारह घायल

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

नगर कोतवाली क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर दो सगे भाई आपस मे भिड़ गए और जमकर लाठी डंडे के साथ हो पत्थर चलाया जिस में दोनो तरफ से से एक दर्जन लोग घायल हो गए। दोनो तरफ से कोतवाली में मार पीट की तहरीर दी गई है। नगर कोतवाली क्षेत्र के करछुलिया गांव निवासी अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा और बड़ा भाई राम प्रसाद दोनो रास्ते के विवाद को लेकर आपस में भिड़ गए। जिस में 22 वर्षिय अरविंद कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद,55 वर्षिय अयोध्या प्रसाद पुत्र जगदीश, 45 वर्षिय यशोदा देवी पत्नी अयोध्या प्रसाद , 20 वर्षिय आरती देवी पत्नी अरविंद कुमार , 15 वर्षिय रंजना देवी पुत्री अयोध्या प्रसाद और उस की बड़ी बहन 18 वर्षिय वंदना घायल हो गई। दूसरे पक्ष से राम प्रसाद पुत्र जगदीश कुमार, 45 वर्षिय शिव कुमार पुत्र जगदीश कुमार, 18 वर्षिय अमित कुमार पुत्र शिव कुमार, 16 वर्षिय ललित कुमार पुत्र शिव कुमार, 40 वर्षिय सीता देवी पत्नी शिव कुमार को हल्की चोटे आई है। घायल अवस्था मे अरविंद कुमार ने बताया कि उस की पुश्तैनी जमीन का रास्ता है जिस पर जबरन कब्जा कर रहे थे, उसी को विरोध किया था। जिस को लेकर अचानक लाठी डंडे से हमला कर दिया गया।

अरविंद कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी लोगो को इलाज के बाद छोड़ दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# ओमान से 28 दिन बाद घर पहुंचा शव, कोहराम

- परिवार के भरण-पोषण का एक मात्र सहारा छिन जाने से मां बार-बार बेहोश हो रही थी। परिजन मां को संभालते रहे

**उन्नाव ,समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत बीघापुर के मोहल्ला शंकर नगर निवासी युवक की खाड़ी देश ओमान में दुर्घटना में 9 फरवरी को हुई मौत के 28 दिन बाद शव मंगलवार सुबह 9 बजे घर पहुंचा। शव घर पहुंचते ही वृद्ध मां रामकली, विवाहित बहन सुघरा, पूजा बदहवास हो गई। परिवार के भरण-पोषण का एक मात्र सहारा छिन जाने से मां बार-बार बेहोश हो रही थी। परिजन मां को संभालते रहे।

ज्ञात हो कि बीघापुर नगर पंचायत के मोहल्ला शंकर नगर निवासी सर्वेश कुमार 25 पुत्र सुंदरलाल बीती 2 फरवरी को घर से ओमान (विदेश) गया था। 5 तारीख को वह ओमान पहुंच गया। जिसकी खबर फोन पर मां को दी थी। केरल की संस्था के सदस्य समीर पुकप्राथ ने 19 फरवरी को घर जाकर सूचना दी कि 9 तारीख को दुर्घटना में सर्वेश की मौत हो गई। सर्वेश की मौत के बाद शव लाने के लिए पूरा परिवार परेशान रहा। परिजन शेख पर हत्या किए जाने का आरोप लगाते रहे। केरल की संस्था के प्रयासों से सर्वेश का शव मंगलवार सुबह घर पहुंचा। घर पहुंचते ही परिजनो में कोहराम मच गया। घर में रहने वाली मां तथा मृतक का मंदबुद्धि छोटा भाई नितेश के आगे जीवन चलाने की समस्या आ गई है। पारिवारिक चाचा चंद्रभूषण चौधरी बाराती ने सरकार से परिवार को 10 लाख रुपए आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है। परिजनों ने बक्सर घाट पर मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। शव पहुंचने की सूचना पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार बाकुश, अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर बाजपेई, बोर्ड के पूर्व सदस्य दिलीप बाजपेई, नगर पंचायत सदस्य बीना अग्निहोत्री, अनिल बाजपेई, पूर्व अध्यक्ष गोविंद नारायण शुक्ला ने आवास पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

### न्यायिक अधिकारियों की मनमानी से क्षुब्ध वकीलो ने की हड़ताल

**उन्नाव।** न्यायालयों के अधिकारियों के मनमाने रवैये से क्षुब्ध अधिवक्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। अधिकारियों और न्यायालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में अधिवक्ताओं ने बैठक कर विरोध व्यक्त किया। अधिवक्ताओं की आज हुई बैठक में अध्यक्षता करते हुये अध्यक्ष सतीश कुमार शुक्ला ने बताया कि परम्परागत रूप से अधिवक्ताओं के निधन अथवा अन्य किसी कारणों से सदन में पारित प्रस्ताव का सम्मान करने में अधिवक्ता असहज महसूस करते है जिसके कारण आज सदन में भारी संख्या में उपस्थित अधिवक्ताओं ने एक स्वर में अधिकारियों की निन्दा की और 28 फरवरी को न्यायिक कार्य से विरत रहने का भी निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन करते हुये महामंत्री अरविन्द कुमार दीक्षित ने कहा कि बार एसोसिएशन के प्रस्ताव का सम्मान करने वाले चाहे अधिवक्ता ही क्यों न हो, इसे बर्दाश्त नही किया जायेगा।

# दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर, कई घायल, गाड़ियां क्षतिग्रस्त

**उन्नाव ,समृद्धि न्यूज़।**

आसीवन क्षेत्र के अनवरखेड़ा गांव निवासी कल्लू की पुत्री रीना की बारात सफीपुर के मोहल्ला खादिमअली खेड़ा निवासी महा सिंह के बेटे अरुणेश की बारात सोमवार रात को आयी थी। द्वारचार के दौरान खादिमअली खेड़ा निवासी नेमसिंह ने स्कार्पियो की चाभी गांव निवासी कुलदीप से गाड़ी पार्क करने के लिए मांगी और बिना बताये कुछ साथियों के साथ शराब लेने चला गया। यह जानकारी जब गाड़ी मालिक कुलदीप को हुई तो उन्होंने फोन पर उसको डांट फटकार लगाई। इसी बात से नाराज होकर नेमसिंह ने अपने पिता व चार पांच अज्ञात साथियों के साथ मिलकर कुलदीप पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया। बचाने दौड़े भाई अजय व भतीजे समीर के साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में नेम सिंह व पिता वलीराम घायल हो गए और ईंट-पत्थर चलने से डिजायर व स्कार्पियो गाडियां क्षतिग्रस्त हो गयी। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

# सर्वश्रेष्ठ स्थान पाने पर डीएम-एसपी हुए सम्मानित

## सड़क सुरक्षा पुरस्कार वितरण आयोजित



**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

23 जनवरी 2024 को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर जनपद की जनसंख्या के सापेक्ष सर्वाधिक व्यक्तियों का प्रतिभाग सुनिश्चित कराते हुए मानव श्रृखंला का निर्माण कराया गया तथा सड़क सुरक्षा नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया गया।

जिसके लिए प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ स्थान पाने वाले तीन जनपदों में से एक जनपद रायबरेली की जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) एवं बेसिक शिक्षाधिकारी को मुख्य अतिथि जितेन्द्र प्रसाद, कैबिनेट मंत्री, लोक निर्माण एवं विशिष्ट अतिथि दयाशंकर सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) परिवहन द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, रायबरेली के अनुपस्थिति में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), रायबरेली द्वारा प्रशस्ति पत्र प्राप्त किये गये। जिसके क्रम में आज परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा पुरस्कार वितरण एवं समापन कार्यक्रम का आयोजन विश्वेश्वरैया हाल, पीडब्लूडी मुख्यालय जनपद लखनऊ में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जितेन्द्र प्रसाद, कैबिनेट मंत्री, लोक निर्माण एवं विशिष्ट अतिथि दयाशंकर सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) परिवहन, वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव परिवहन, उप्र, चन्द्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त, उप्र एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव, उप्र शासन के अनुपालन में 23 जनवरी, 2024 को न्यू न्यू स्ट्रैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, त्रिपुला चौराहा, रायबरेली में परिवहन विभाग, रायबरेली द्वारा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें जिलाधिकारी हर्षिता माथुर मुख्य अतिथि, पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल विशिष्ट अतिथि एवं अन्य विभागों के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था। जिसमें जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलवायी गयी उसके पश्चात् विशाल मानव श्रृखंला बनाकर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। मानव श्रृंखला के आयोजन पर न्यू स्ट्रैण्डर्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा ट्रैफिक लाइट की प्रतिकृति भी बनायी गयी थी। जनपद के अन्य सभी विद्यालयों के कक्षा 08 से 12 के तथा उच्च शिक्षा के सभी छात्र/ छात्राओं एवं स्टेक होल्डर विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा 95 प्रतिशत से अधिक संख्या में प्रतिभाग किया, जिनकों सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी थी।

# सड़क हादसे में बच्चे की मौत माता-पिता की हालत गंभीर

- पिकअप ने सामने से आ रहे बाइक सवार दंपति समेत मासूम बच्चे को रौंदा
- पुलिस ने चालक की शुरू की तलाश

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

रायबरेली में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार दंपति समेत मासूम बच्चे को मारी जोरदार टक्कर, पिकअप की टक्कर से मासूम बच्चे की मौके पर हुई दर्दनाक मौत, वहीं मां-बाप गंभीर रूप से हुए घायल मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के गौवा चौराहा के पास का है जहां तेज रफ्तार ने पिकअप ने सामने से आ रहे बाइक सवार दंपति समेत मासूम बच्चे को रौंद दिया जिसमें सनी पुत्र राधेश्याम उम्र 8 वर्ष की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं पिता राधे श्याम व मां गंभीर रूप से घायल हो गई स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां उन दोनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया, वहीं घटना के बाद पिकअप चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया, पुलिस ने मासूम बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और फरार पिकअप चालक की तलाश शुरू की।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से घायल हुआ युवक

**रायबरेली।** बेमौसम बारिश के कारण आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से हुआ घायल, गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती, मामला ऊंचाहार थाना क्षेत्र के हादीपुर गांव का है।

जहां उमर अमृतलाल पुत्र पंचम उम्र 50 वर्ष गेहूं के खेत में खाद डालने के लिए गया हुआ था तभी अचानक तेज बारिश के शुरू हो गई इसी बीच अमृतलाल आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया।

# बलिदान दिवस पर छात्र-छात्राओ ने आजाद की प्रतिमा पर माथा टेका

- समिति के पदाधिकारियों ने बच्चों को लड्डू बांटे

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**



अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के 93वें बलिदान दिवस पर एमएम पब्लिक स्कूल गौरी बीघापुर के करीब दो सौ छात्र-छात्राओं ने चन्द्रशेखर आजाद के जन्म स्थान बदरका स्थित स्मारक परिसर में आजाद प्रतिमा पर माथा टेका। बच्चों के भारत माता की जय और अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद अमर रहे.... के नारों से परिसर गूँज उठा।

विद्यालय के प्रबंधक गौरव अवस्थी ने बच्चों को बताया कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद 27 फरवरी 1931 को अंग्रेजी सैनिकों का सामना करते हुए प्रयागराज अल्फ्रेड पार्क में शहीद हुए थे। इस पार्क को आज आजाद पार्क के रूप में ही जाना जाता है। आजाद स्मारक समिति के मंत्री राजन शुक्ला ने बच्चों को बताया कि बदरका गांव में आजाद का जन्मदिन धूमधाम से 7 जनवरी को मनाया जाता है, उनकी मां का नाम जगरानी देवी और पिता का नाम सीताराम तिवारी था। आजाद के जीवन से प्रेरणा दिलाने के लिए स्कूल प्रबंधन के छात्र-छात्राओं को गांव का भ्रमण कराने की सोच की आजाद स्मारक समिति के सदस्यों ने सराहना की। सभी बच्चों ने आजाद प्रतिमा पर पुष्पांजलि के बाद माता टेका और जयकारे लगाए। समिति के पदाधिकारियों ने बच्चों को लड्डू भी बांटे। इस मौके पर स्कूल की काउंसलर डॉ. कुसुमलता द्विवेदी, शिक्षिका श्रीमती शिखा त्रिपाठी, रश्मि सिंह राजकुमार, लवकुश बाजपेई, देवेंद्र, शंभू शुक्ला, अचल अवस्थी, चौकी इंचार्ज रवी मिश्रा, जितेंद्र दीक्षित, अनिल, शिवप्रसाद आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी के आदेश पर खोले गए 12 नये गेहूँ क्रय केन्द्र

- जनपद में कुल 114 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित
- भारतीय खाद्य निगम एवं पीसीएफ से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार 12 नये गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार जनपद रायबरेली में विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार खाद्य विभाग के 32, पीसीएफ के 51 एवं पीसीयू के 19 कुल 102 गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी द्वारा इसी क्रम में क्रय एजेंसी भारतीय खाद्य निगम एवं पीसीएफ से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार 12 नये गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि जनपद में विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 114 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराते शासनादेशानुसार/ नियमानुसार समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# ग्राम चौपाल में जन समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारी नामित

- श्रम रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने माह मार्च 2024 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

निर्धारित रोस्टर के अनुसार 01 मार्च 2024 को परियोजना निदेशक, जिग्राविअभि विकासखंड जगतपुर में, जिला विकास अधिकारी विकासखंड सरेनी में तथा विकासखंड खीरों में उपायुक्त, श्रम रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। इसी प्रकार 08 मार्च को परियोजना निदेशक, जिग्राविअभि सतांव में, जिला विकास अधिकारी महराजगंज में, उपायुक्त, श्रम रोजगार लालगंज में। 15 मार्च को परियोजना निदेशक, जिग्राविअभि अमावां में, जिला विकास अधिकारी डलमऊ में, उपायुक्त, श्रम रोजगार हरचंदपुर में। 22 मार्च को परियोजना निदेशक, जिग्राविअभि शिवगढ़ में, जिला विकास अधिकारी सलोन में एवं उपायुक्त, श्रम रोजगार ऊँचाहार में। 29 मार्च को परियोजना निदेशक, जिग्राविअभि छतोह में, जिला विकास अधिकारी बछरावां में तथा उपायुक्त, श्रम रोजगार डीह के किसी एक आयोजित ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर समस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने लगाई फांसी, मौत

**लालगंज,रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिक किशोरी ने लगाई फांसी हुई दर्दनाक मौत, मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बसंतपुर कोठइया गांव का है जहां संदिग्ध परिस्थितियों में आरजू पुत्री सूरजपाल उम्र 14 वर्ष ने घर के अंदर फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी, घटना के समय किशोरी घर में अकेली थी जैसे ही घटना जानकारी परिजनों को परिजनों में कोहराम मच गया, परिजनों के मुताबिक लड़की की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू की।

### विकासखण्ड राही सभागार में स्क्रीनिंग 29 फरवरी को

**रायबरेली।** किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम) 2015 के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा सहायतित एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना पूर्व नाम (चाइल्ड प्रोटेक्शन सर्विसेस) के अंतर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली 2020 के अन्तर्गत सहायक व्यक्तियों की सूचीकरण (इम्पैनलमेंट) किये जाने हेतु शासनादेश के अनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे, जिसमें आवेदित अभ्यर्थियों के स्क्रीनिंग/साक्षात्कार हेतु 29 फरवरी 2024 को विकासखण्ड राही सभागार में पूर्वान्ह 11:00 बजे से नियत है। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए अभ्यर्थियों से कहा है कि अपने योग्यता/दक्षता संबंधी मूल अभिलेखों सहित नियत स्थान पर ससमय स्क्रीनिंग हेतु उपस्थित हों। साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### संदिग्धावस्था में विवाहिता की मौत

**डलमऊ, रायबरेली,समृद्धि न्यूज।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सराय दिलावर गांव निवासी एक नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सूचना पर मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पारिवारिक जनों ने ससुराल जड़ों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

दलबू कोतवाली क्षेत्र के सराय दिलावर गांव निवासी कमलेश कुमार की पुत्री विद्या देवी का विवाह बीती 4 फरवरी को बाराबंकी निवासी संदीप कुमार के साथ हुआ था 25 फरवरी को ससुराल में विद्या देवी की तबीयत खराब होने की सूचना मिली जिस पर पारिवारिक जन विद्यावती को उसकी ससुराल से बेहोशी की हालत में लेकर आए थे तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया था जहां पर हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा लखनऊ रेफर कर दिया था लखनऊ ले जाते समय रास्ते में विद्यावती की मौत हो गई। पारिवारिक उसे लेकर सराय दिलावर स्थित मकान लेकर चले आए घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


# लाइनमैन ने एसडीएम से लगाई वेतन दिलाने जाने की गुहार

**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

लाइनमैन ने उपजिलाधिकारी से वेतन दिलवाए जाने की लगाई गुहार राजेश पुत्र नन्हा निवासी पुरे तालेबंद मंजरे खैहरना ने महराजगंज उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विद्युत विभाग में संविदा पर लाइनमैन के पद पर तैनात कार्यरत था। जिसके पूर्व में वेतन काट काट कर दिया जाता रहा है ।उसके बाद प्रार्थी को लगभग 6 माह से वेतन देना बंद कर दिया उसके बाद प्रार्थी ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की तो जेई अन्य कर्मचारी के द्वारा प्रार्थी से अभद्रता की गई ।बहुत शिकायत के बाद अगले माह 10 जनवरी से प्रार्थी को पुनः पावर हाउस पर काम पर वापस रख लिया गया तब से प्रार्थी की उपस्थिति नहीं दर्ज की गई जब प्रताप ने वेतन संबंध में एसडीओ से बात की तो यह कहकर टाल दिया गया कि आपका वेतन बाद में मिल जाएगा लेकिन विभाग के अधिकारियों के कारण प्रार्थी को वेतन नहीं मिल रहा है। उपजिलाधिकारी से राजेश ने वेतन दिलवाए जाने की मांग की है। इस विषय में जब एसडीएम राजित राम गुप्ता से दूरभाष के माध्यम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है एक्सईएन को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बुलंद हौसले से दिव्यांगता को मात दे लिखी सफलता कि नई इबारत...

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



कहते हैं की यदि हौसले बुलंद हो तो चुनौतियों को भी उसके सामने झुकना पड़ता है. दृढ़ निश्चय ,अनुशासन, लगन व मेहनत के साथ काम करने वाले व्यक्ति के सफलता भी एक दिन कदम चूमती है ऐसे ही मिसाल रायबरेली के शिवगढ़ कस्बे के शिवदयालखेड़ा गांव के रहने वाले दीपू कुमार पटेल जो बचपन से ही नेत्रहीन थे।

लेकिन इन्होंने अपनी सफलता में अपनी दिव्यांगत को कभी बाधा नहीं बनने दिया अपने दृढ़ निश्चय व कड़ी मेहनत के बल पर वह कर दिखाया जो दूसरों के लिए मिसाल बन गया दीपू के मुताबिक प्रारंभिक शिक्षा रायबरेली के निजी स्कूल से हुई उसके बाद इंटरमीडिएट की पढ़ाई मध्य प्रदेश के जगदगुरु रामभद्राचार्य शिक्षण संस्थान के तुलसी पीठ इंटर कॉलेज से पूरी की इंटरमीडिएट की परीक्षा में स्टेट में दूसरा स्थान हासिल किया था इसके बाद स्नातक की पढ़ाई उन्होंने उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में स्थित जेआरडीयू यूनिवर्सिटी से पूरी की उन्हें तकनीकी में ज्यादा रुचि होने के चलते उन्होंने बेंगलुरु से तकनीकी के क्षेत्र में कई डिप्लोमा हासिल किया उसके बाद उन्होंने सरकारी नौकरी की तैयारी शुरू कर दी वर्ष 2023 में आईबीपीएस द्वारा आयोजित परीक्षा में उन्होंने ग्रेड 1 लिपिक संवर्ग की परीक्षा पास कर ये साबित कर दिया की परिस्थितियों कैसी भी हो संघर्ष से बड़ी से बड़ी मंजिल को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है खुशी दौरान उनका चयन भारतीय रेलवे में रेलवे भर्ती कार्यक्रम ड्राइव के लिए हुआ परंतु उनका मन बैंकिंग के क्षेत्र में नौकरी करने का था तो उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक में जूनियर एसोसिएट के पद पर नौकरी की शुरुआत की वर्तमान समय में वह रायबरेली जनपद के भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य कार्यालय में बतौर जूनियर एसोसिएट कार्यरत हैं तकनीकी के क्षेत्र में उन्हें अच्छा ज्ञान होने के साथ ही बेहतर अनुभव भी है उन्हे कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। रायबरेली समेत कई अन्य जनपदों की संभालते हैं जिम्मेदारी ~ भारतीय स्टेट बैंक में बतौर जूनियर एसोसिएट वह रायबरेली, सुल्तानपुर, अमेठी की एसबीआई की सभी शाखाओं की जिम्मेदारी बखूबी निभाते हैं। दृढ़ निश्चय और कड़ी मेहनत से हासिल किया मुकाम~ से बात करते हुए दीपू कुमार पटेल बताते हैं कि उनकी इस सफलता के पीछे उनके पिता दिनेश कुमार पटेल का पूरा सहयोग रहा है वह बताती है कि मेरे पिता ने मुझे हमेशा सपोर्ट किया और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। बेटे पर गर्व है दीपू कुमार पटेल के पिता दिनेश पटेल बताते हैं की उनका बेटा बचपन से नेत्र हीन था फिर भी उन्होंने अपने बेटे को पढ़ाया लिखाया आज उनके बेटे ने वह मुकाम हासिल किया दूसरों के लिए मिसाल बन गया अपने बेटे पर बड़ा ही गर्व है।

# पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथों को करें मजबूत: जिलाध्यक्ष

## समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की समीक्षा बैठक आयोजित

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट के सभागार में समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की समीक्षा समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश महासचिव व मण्डल प्रभारी मो. सैफ खान एवं प्रदेश सचिव व रायबरेली के प्रभारी मो. साबिर ने की। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. एम.आई. जावेद ने की, बैठक का संचालन अल्पसंख्यक सभा के जिला महासचिव आफताब आलम ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए मण्डल प्रभारी मो. सैफ ने कहा कि आगामी होने वाला लोकसभा चुनाव देश के लोकतंत्र के लिए बहुत ही अहम है। अभी से ही इस चुनाव के लिए समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कमर कस लें व चुनाव की तैयारी में लग जायें और अपने महबूब नेता आली जनाब अखिलेश यादव के विचारों और उनके द्वारा किये गये कार्यो को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करें। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी मो. साबिर ने कहा कि आम जनता का झुकाव समाजवादी पार्टी की तरफ है, आम जनमानस समाजवादी पार्टी को आशा भरी निगाहों से देख रहा है। किसान, मजदूर, व्यापारी, छात्र, बुनकर हर गरीब मजलूम समाजवादी पार्टी के साथ कन्धा से कन्धा मिलाकर खड़ा है। बैठक को सम्बोधित करते हुए अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. एम.आई. जावेद ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और इण्डिया गठबंधन सर्वाधिक सीटें जीतने जा रहा है।

आली जनाब अखिलेश यादव जी सर्वसमाज के सबसे लोकप्रिय नेता है। डॉ. जावेद ने कहा कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अभी से अपने बूथों को और मजबूत करें, सबसे बड़ा नेता वही होता है जो अपना बूथ जीत कर आये।

# घायल बन्दर का डॉक्टर एमडी ने किया इलाज

- दर्जनों की संख्या में बंदर कर रहे हैं अपने साथी की रखवाली

**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

एक तरफ जहां इंसान स्वार्थ में इतना अंधा हो चुका है की अपने काम के अलावा किसी भी कार्य को वरीयता नहीं देता चाहे सड़क पर कोई घायल ही क्यों ना पड़ा हो लोग रुकना मुनासिब नहीं समझते लेकिन यह सब हमें जानवरों से सीखना चाहिए महराजगंज कस्बे में आज एक बंदर घायल अवस्था में प्रतीयं परिषद सदस्य डॉक्टर एमडी पासी की दुकान के पास अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था जिसे जब कुछ लोगों ने देखा तो उसकी पीठ पर बड़ा घावं था बंदर शायद किसी चीज से चोटिल हो गया होगा। जिस पर डॉक्टर एमडी पासी ने इलाज के लिए जैसे ही बंदर के पास गए दर्जनों बंदरों ने यह समझकर घेर लिया कि शायद बंदर के ऊपर हमला करने वाले हैं किसी तरह थोड़ी बहुत दवा उसकी हो पाई। वहीं सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी सुरेश चंद्रा द्वारा डिप्टी सीबीओ उमेश चंद्रा को इलाज के लिए भेजा गया लेकिन बंदरों ने घायल बंदरों को चारों तरफ से घेर लिया था इसलिए सही तरीके से अभी तक बन्दर का इलाज नहीं हो पाया और अचेत अवस्था में अभी भी वहीं पर पड़ा हुआ है।

# प्लाट पर निर्माण कराने गये युवक को भगाया

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार को मजदूर लेकर खाली प्लाट पर निर्माण कार्य कराने पहुंचे पीड़ित के साथ पड़ोसी ने गाली-गलौज करते हुए भगा दिया जिसपर उसने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पिता पुत्री के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। आसीवन तरफलोकमन गांव निवासी राहुल गुप्ता पुत्र गौरीशंकर ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि लखनऊ बांगरमऊ मार्ग के किनारे कटरा गांव के पास उसका प्लाट पड़ा हुआ है जिसपर वह मंगलवार को निर्माण कार्य कराने के लिए मजदूरों को लेकर गया था तभी विनय कुमार पुत्र सुमंत बाबू अपनी पुत्री के साथ मिलकर गाली-गलौज करने लगा और यह कहते हुए मौके से भाग दिया कि तुम्हारा यहां कुछ भी नहीं है।

# पत्नी पर एक लाख नकदी व जेवर हड़पने का आरोप

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुस्तफाबाद के मजरा राजाखेड़ा निवासी युवक ने क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर अपनी पत्नी पर नकदी व जेवर लेकर मायके चले जाने का आरोप लगाया है। यह भी आरोप है कि मायके के लोगों की शह पर पत्नी ने उसकी पिटाई भी कर दी।

ग्राम राजाखेड़ा निवासी पप्पू पुत्र रामस्वरूप ने सीओ को तहरीर देकर कहा है कि करीब 12 वर्ष पूर्व उसका विवाह जिले के हसनगंज निवासी महिला के साथ हुआ था। पत्नी से एक पुत्र व एक पुत्री भी है। जरूरत पड़ने पर उसने कुछ जमीन भी बेची थी। जमीन बिक्री का रुपया उसने संदूक में रख दिया था। युवक का आरोप है कि बीते 27 दिसंबर को उसकी गैर मौजूदगी में पत्नी ने मायके पक्ष के लोगो को घर बुलाया तथा जमीन बिक्री के एक लांख रुपये व 3 लाख कीमत के जेवर सन्दूक तोड़कर निकाल लिए और लेकर मायके चली गई। घर पहुंचने पर उसे घटना की जानकारी हुई। बाद में वह ससुराल पहुंचा तो उसके साढू, साले, सास आदि ने नगदी जेवर लाने की बात तो स्वीकार किया लेकिन उसे वापस ना देने की बात कही और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी।

कार्यक्रम

## त्रिदिवसीय मानस सम्मेलन का हुआ समापन

# आचार्य संगम शर्मा ने अपने सुरों से सभी भक्तों का मनमोहा

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज**




महाभारत कालीन शिवलिंग श्री कंजेश्वर धाम पस्तौर में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर वसंत उत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा था। प्रतिदिन दिन और रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा उसी क्रम में 24 फरवरी से 26 फरवरी तक विशेष मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसमें दैवीय शक्ति प्रभाव से महिमा मंडित एवं ज्ञान प्राप्त कृष्ण मोहन कान्हा को कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी क्योंकि 10 वर्ष के बालक ने जो अपने मन में संकल्प ले रखा समाज की दशा और दिशा बदलना है, उसने अपने धर्म को प्रचार प्रसार करने का वीरा उठाया है। वह वास्तव में अद्भुत और विलक्षण ही माना जायेगा।जिसने भी कान्हा के मुखारविंद से कथा सुनी वह मंत्र मुग्ध हो गया। वहीं आचार्य संगम शर्मा वृंदावन धाम से पधारे सुर और संगम से सभी भक्तों का मन मोह लिया। आचार्य सुभम शुक्ला प्रयागराज ने पौराणिक वेद शास्त्रों की महिमा का बड़ी ही सहजता और सरलता से वर्णन किया, वहीं क्षेत्रीय वक्ता के रूप में ख्याति प्राप्त नरेश चंद्र शास्त्री जी ने सभी कथाकारों को सुनते और गुनते हुए सभी के भावों को और अधिक सारगर्भित बनाने का काम किया। सभी ने इस पुनीत कथा को श्रवण कर संगम तट की अनुभूति महाशूस की और अपने को कृतार्थ माना। सभी क्षेत्रवासियों ने आयोजक स्वामी विचित्रानंद महाराज की भूरि भूरि प्रसंशा की।

## नये भारत का खानपान


हाल ही में सामने आए भारतीयों के घरेलू उपभोग सर्वेक्षण के निष्कर्ष चौंकाने वाले हैं। जिससे पता चलता है कि आज के भारत में लोगों द्वारा खाद्यान्न की तुलना में दूध, फल और सब्जियों पर ज्यादा खर्च किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण व शहरी परिवारों में अंडे, मछली और मांस पर भी खर्च बढ़ा है। इसको लोगों की आय में वृद्धि के बाद खानपान की आदतों में आए बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अब ये देखना दिलचस्प है कि वे किस प्रकार के खाद्य पदार्थों पर अधिक खर्च कर रहे हैं। यहां विश्लेषण भी जरूरी है कि यह परिवर्तन लोगों की खानपान की रुचियों में आए बदलाव का प्रतीक है या फिर ये आदतें बाजार की शक्तियों के प्रभाव में बदली हैं। दरअसल, हालिया किसान आंदोलन में किसानों की बड़ी मांग खाद्यान्नों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी रूप देने की रही है। लेकिन बाजार में विस्तार डेयरी, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन और सब्जियों के उत्पादन को मिल रहा है, जो कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में नहीं आते। दरअसल, वर्ष 2022-23 के सामने आए नवीनतम घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण यानी एचसीईएस में भारतीयों के खाद्य बजट में खाद्यान्नों के खर्च में गिरावट की ओर इशारा किया है। जिसमें गेहूं, चावल और चीनी पर होने वाले खर्च में कमी देखी गई है। यही रुझान कुछ बदलावों के साथ ग्रामीण उपभोक्ताओं की खानपान की आदतों में आ रहे बदलाव के रूप में भी सामने आता है। इस प्रवृत्ति को एक जर्मन विशेषज्ञ के सिद्धांत के रूप में भी दर्शाया जा रहा है जिसमें कहा गया है कि आय बढ़ने के साथ लोगों का खाद्यान्नों पर खर्चा कम होता है और फल, सब्जी, डेयरी उत्पादों को तरजीह दी जाती है। असल में, लोगों के व्यवहार में यह बदलाव कैलोरी प्रदान करने वाले खाद्य पदार्थों से लेकर प्रोटीन और सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले खाद्य पदार्थों के उपभोग के नजरिये से भी हो रहा है।दरअसल, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा किये गए नवीनतम घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय में खाद्यान्न की हिस्सेदारी 2022-23 में घटकर 46 फीसदी के करीब हो गई है जो वर्ष दो हजार में साठ फीसदी के करीब थी। यूं तो शहरी इलाकों में भी खाद्यान्न पर होने वाले खर्च में गिरावट आई मगर वह ग्रामीण भारत की तुलना में कम है। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में खाद्यान्न उपभोग में अनाज और दालें कम हो गई हैं। दूसरी ओर दूध पर होने वाला खर्च में इतनी वृद्धि हुई हुई है कि अनुमान लगाया जा रहा है कि यह जल्दी ही अनाज व दालों के संयुक्त खर्च से अधिक हो जाएगा। कमोबेश यही स्थिति फलों, सब्जियों व विटामिन व खनिज से भरपूर खाद्य पदार्थों पर लागू होती है, जिनके प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। यही वजह है कि दालों के मुकाबले फलों पर ज्यादा खर्च हो रहा है। चौंकाने वाली बात यह भी है कि बाजार में पशुधन, मत्स्य पालन व बागवानी के उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ रही है, जो कि एमएसपी के लाभों से वंचित हैं। निस्संदेह, इसमें बाजार के मुनाफे की भूमिका को भी देखा जा रहा है। यहां रुझान वनस्पति प्रोटीन की तुलना में पशु प्रोटीन की ओर भी देखा जा रहा है। इसके साथ ही घरेलू उपभोग व्यय बताता है कि नई पीढ़ी के रुझान के मद्देनजर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, पेय पदार्थों व पके तथा डिब्बाबंद भोजन पर खर्च बढ़ा है। दरअसल, आय बढ़ने पर विकसित देशों में भी लोगों का खाद्यान्न पर व्यय कम हो जाता है। वे भोजन में गुणवत्ता वाली चीजों को शामिल करने को प्राथमिकता देते हैं।

# यूपी लोकसभा चुनाव में भरेगा भाजपा की झोली?

**देश में सर्वाधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों की संख्या के मामले में भी आज यूपी अव्वल है। राज्य में डिजिटल लेनदेन में एक साल में तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है। यही नहीं राज्य में डी-मैट खातों की संख्या में भी सकारात्मक बढ़ोतरी हुई है। आज अगर यूपी में चौतरफा विकास हो रहा है तो इसका मुख्य श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही जाता है। देश में यूपी की सियासी अहमियत निर्विवाद है। यहां पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार सुधर ही रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी जीत को दोहराया ही नहीं है, वह लगातार विपक्ष की राजनीतिक जमीन को कमजोर भी कर रही है। कभी मंडल और कमंडल की राजनीति का गढ़ रहा यह प्रदेश मंदिर का घंटा और सख्त कानून व्यवस्था का डंडा एक साथ बजा रहा है। यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कोई बहुत अवसर नहीं हैं।**

**योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यूपी भाजपा का अभेद्य किला बनकर उभरा है । 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सूबे की 80 में से 64 सीटें अकेले दम पर जीत ली थीं।**

आर.के. सिन्हा



**योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में यूपी का नया फुल फॉर्म भी बताया। वे कहते हैं कि यूपी का मतलब है अनलिमिटेड पोटेंशियल। बीते दिनों ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2024 के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान मुख्यमंत्री योगी के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी लखनऊ में थे। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा, देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर और हमारी नीतियों पर विश्वास जताया। उत्तर प्रदेश को अबतक लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्राप्त हो चुके हैं और आते ही चले जा रहे हैं । इन्हीं प्रयासों को धरातल पर उतारने का आज उत्सव है। नया उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश से अब उद्यम प्रदेश बनकर भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित उत्तर प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। पिछले सात वर्षों में यूपी में निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में कई प्रयास किए गए हैं।**

अब कुछ हफ्तों बाद ही देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी। पर उत्तर प्रदेश (यूपी) को छोड़कर देश के लगभग सभी राज्यों की लोकसभा सीटों के लिए कांटे की टक्कर होने की संभावना है । लेकिन, उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर नतीजे कुल मिलाकर लगभग तय हैं। यह बात उत्तर प्रदेश के शिखर सियासी नेताओं से लेकर आम इंसान तक को भलीभांति पता है। कभी जंगलराज, भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार से जूझने वाला यूपी अब भारी-भरकम मोटा निवेश भी खींच रहा है। सात साल पहले तक तो यूपी की गिनती बीमारू राज्यों में होती थी> लोग मजाक में यूपी को उल्टा प्रदेश भी कहते थे । लेकिन, आज यूपी की पहचान देश के खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में भी होने लगी है। यूपी आज विकास की असीमित संभावनाओं के प्रदेश के रूप में स्थापित हो चुका है। यूपी देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में महाराष्ट्र के बाद दूसरे नंबर पर है।

देश में सर्वाधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों की संख्या के मामले में भी आज यूपी अव्वल है। राज्य में डिजिटल लेनदेन में एक साल में तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है। यही नहीं राज्य में डी-मैट खातों की संख्या में भी सकारात्मक बढ़ोतरी हुई है। आज अगर यूपी में चौतरफा विकास हो रहा है तो इसका मुख्य श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही जाता है। देश में यूपी की सियासी अहमियत निर्विवाद है। यहां पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार सुधर ही रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी जीत को दोहराया ही नहीं है, वह लगातार विपक्ष की राजनीतिक जमीन को कमजोर भी कर रही है। कभी मंडल और कमंडल की राजनीति का गढ़ रहा यह प्रदेश मंदिर का घंटा और सख्त कानून व्यवस्था का डंडा एक साथ बजा रहा है। यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कोई बहुत अवसर नहीं हैं।

योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यूपी भाजपा का अभेद्य किला बनकर उभरा है । 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सूबे की 80 में से 64 सीटें अकेले दम पर जीत ली थीं। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने अकेले दम पर उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सीटों में से 225 सीटें जीत कर सत्ता में धमाकेदार वापसी की। अपने सहयोगियों के साथ भाजपा की सीटों का आंकड़ा 272 तक पहुंच गया। इस जीत ने योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता को एक प्रकार से प्रतिष्ठित कर दिया। बेशक अब लोकसभा चुनाव में भी यूपी भरेगा भाजपा की झोली।

योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में यूपी का नया फुल फॉर्म भी बताया। वे कहते हैं कि यूपी का मतलब है अनलिमिटेड पोटेंशियल। बीते दिनों ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2024 के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान मुख्यमंत्री योगी के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी लखनऊ में थे। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा, देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर और हमारी नीतियों पर विश्वास जताया। उत्तर प्रदेश को अबतक लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्राप्त हो चुके हैं और आते ही चले जा रहे हैं । इन्हीं प्रयासों को धरातल पर उतारने का आज उत्सव है। नया उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश से अब उद्यम प्रदेश बनकर भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित उत्तर प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। पिछले सात वर्षों में यूपी में निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में कई प्रयास किए गए हैं।

यूपी पर नजर रखने वालों को पता है कि राज्य में निवेश तो आ ही रहा है। साथ ही सरकार की तरफ से यह भी कोशिश हो रही है ताकि कभी अपनी कपड़ा मिलों और मजदूरों के लिए मशहूर रहे कानपुर को फिर से उसका पुराना गौरव मिल जाए। कानपुर में आईटी सेक्टर के अलावा इलेक्ट्रानिक सामान और ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े उत्पादों का उत्पादन करने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। कानपुर से देश के उत्तर, पूर्व तथा पश्चिम राज्यों के बाजारों में पहुंचने की सुविधा है।

कानपुर में ऑटो और ऑ पाट्र्स की अनेक इकाइयां खड़ी हो सकती हैं। चूंकि राज्य सरकार अपने यहां आने वाले निवेशकों को टैक्स में भी छूट दे रही है, इसलिए कानपुर में निजी क्षेत्र के निवेश का होना तय है। गुस्ताखी माफ, कुछ साल पहले तक किसने सोचा था कि यूपी खेलों के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाने लगेगा। जरा याद करें चीन के हांगझोऊ शहर में हुए एशियाई खेलों को। भारत के पदकों का शतक पूरा कराने में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा है। एशियाई खेलों के महाकुंभ में पहली बार यूपी से कुल 36 एथलीटों ने अपनी चमक दिखाई।

इन खिलाड़ियों ने सात स्वर्ण, आठ रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह पहला मौका था जब यूपी के खिलाड़ियों की झोली में इतने सारे पदक आए हों। इससे पहले 2018 के जकार्ता और 2014 के इंचियॉन (दक्षिण कोरिया) में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने 11-11 पदक ही जीते थे। उत्तर प्रदेश की खेल राजधानी के नाम से प्रसिद्ध मेरठ जिले के खिलाड़ियों ने सबसे चौंकाने वाला प्रदर्शन किया। एशियाई खेलों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 13 एथलीटों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। इनमें से छह मेरठ जिले से हैं और चार ने दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते हैं। खेलों में यूपी के बढ़ते कदम साफ संकेत हैं कि राज्य को अब विकास का रास्ता मिल गया है।

## विचार

# दाल-रोटी के नेपथ्य में जाने के खतरे

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**लगता है जैसे अब लोगों की समान रूप से प्राथमिकताएं बदल गई हैं। बल्कि यह कहना अधिक युक्तिसंगत होगा कि अब रहन-सहन और सुख-सुविधाओं के उपयोग में गांव किसी तरह से भी शहरों से पीछे नहीं रह रहे है। बल्कि रिपोर्ट से तो यही उभर कर आता है कि मॉल संस्कृति के बावजूद अब उत्पादकों को ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा बाजार मिलने लगा है। इसे अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत भी माना जा सकता है। सर्वे से स्पष्ट हो रहा है कि अब गांव, गांव नहीं रहे। वह शहरों से कहीं पीछे नहीं रहना चाहते। यही कारण है कि उत्पादकों द्वारा अब ग्रामीण क्षेत्र को भी टारगेट बनाकर रणनीति तैयार की जाने लगी है। भले ही उसके पीछे विशेषज्ञ एक कारण सरकार द्वारा खाद्य सामग्री का नि:शुल्क व कम कीमत पर वितरण मान रहे हैं पर यह गले उतरने वाली बात इसलिए नहीं है कि खाद्य सुरक्षा के तहत एक सीमा तक ही नि:शुल्क खाद्य सामग्री का वितरण हो रहा है।**

नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस की हालिया रिपोर्ट में रहन-सहन और खान-पान के प्रति देशवासियों में जबरदस्त बदलाव सामने आया है। जहां एक ओर 1999-00 से 2022-23 के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं पर खर्च में तेजी से कमी देखी जा रही है, वहीं खाने-पीने से इतर अन्य पर खर्च में बड़ा उछाल सामने आ रहा है। मजे की बात यह है कि यह बदलाव केवल शहरी क्षेत्रों में हो, ऐसा नहीं हैं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार लगभग समान ही नहीं अपितु शहरी क्षेत्र से अधिक ही है। ऐसा नहीं है कि इस दौरान प्रति व्यक्ति व्यय में कमी आई हो अपितु प्रति व्यक्ति व्यय में लगातार बढ़ोतरी ही देखने को मिल रही है। यह रुझान तेजी से बदलती प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट करता है। मजे की बात यह है कि खाद्यान्न (सिरियल्स) के उपयोग में कमी आई हैं वहीं अखाद्य सामग्री की खरीद में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

दरअसल यह बदलाव बदलते परिदृश्य को भी स्पष्ट करता है। इस रिपोर्ट का विश्लेषण किया जाए तो खाने-पीने की वस्तुओं में चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण दोनों ही जगह ब्रेवरेज यानी की पेय पदार्थों और प्रोसेस्ड फूड यानी की डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ा है। इन्हें भी शामिल कर लिया जाए तो भी खान-पान पर होने वाला व्यय 1999-00 की तुलना में 2022-23 आते-आते बहुत कम हो गया है वहीं अखाद्य वस्तुओं पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा दिल खोलकर पैसा खर्च किया जा रहा है।

लगता है जैसे अब लोगों की समान रूप से प्राथमिकताएं बदल गई हैं। बल्कि यह कहना अधिक युक्तिसंगत होगा कि अब रहन-सहन और सुख-सुविधाओं के उपयोग में गांव किसी तरह से भी शहरों से पीछे नहीं रह रहे है। बल्कि रिपोर्ट से तो यही उभर कर आता है कि मॉल संस्कृति के बावजूद अब उत्पादकों को ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा बाजार मिलने लगा है। इसे अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत भी माना जा सकता है। सर्वे से स्पष्ट हो रहा है कि अब गांव, गांव नहीं रहे। वह शहरों से कहीं पीछे नहीं रहना चाहते। यही कारण है कि उत्पादकों द्वारा अब ग्रामीण क्षेत्र को भी टारगेट बनाकर रणनीति तैयार की जाने लगी है। देश में दो दशक में ही आए इस बदलाव को आंकड़ों की भाषा में समझें तो ग्रामीण क्षेत्र में 1999-00 में खाद्य सामग्री पर 59.40 प्रतिशत राशि व्यय की जा रही थी, वहीं 2022-23 आते-आते यह घटकर 46.38 प्रतिशत ही रह गई। खास बात यह कि इसमें तेजी से बदलाव खासतौर से पिछले एक दशक में देखा गया है। इसी तरह से शहरी क्षेत्र की बात की जाए तो 1999-00 में खाद्यान्न पर 48.06 प्रतिशत राशि खर्च की जाती थी जो 2022-23 में 39.17 प्रतिशत रह गई। सबसे खास बात यह कि सिरियल्स में जो कमी आई है।

भले ही उसके पीछे विशेषज्ञ एक कारण सरकार द्वारा खाद्य सामग्री का नि:शुल्क व कम कीमत पर वितरण मान रहे हैं पर यह गले उतरने वाली बात इसलिए नहीं है कि खाद्य सुरक्षा के तहत एक सीमा तक ही नि:शुल्क खाद्य सामग्री का वितरण हो रहा है। हां, कुछ हद तक खाने-पीने के बदलाव की बात कही जाती है पर यह भी सही नहीं मानी जा सकती क्योंकि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के उपयोग में उतनी बढ़ोतरी नहीं दिख रही जितनी सिरियल्स के उपयोग में कमी आई है। लगता है जैसे सिरियल्स से लोगों का मोहभंग होता जा रहा है, पर इसे भविष्य के लिए शुभ संकेत भी नहीं माना जा सकता। 1999-00 में ग्रामीण क्षेत्र में सिरियल्स व सिरियल्स सबस्टियूट पर 22.23 प्रतिशत राशि व्यय होती थी जो दो दशक में ही कम होते-होते इकाई की संख्या यानी कि 6.92 प्रतिशत पर आ गई है। यह तो गांवों की स्थिति है। शहरों में भी सिरियल्स व सिरियल्स सबस्टियूट पर होने वाला व्यय 12.39 से कम होकर 4.51 प्रतिशत रह गया है। दूसरी और खाद्य सामग्री में ही ब्रेवरेज और प्रोसेस्ड फूड को लिया जाए तो इसका उपयोग शहरी क्षेत्र में 6.35 प्रतिशत से बढ़कर 10.64 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 4.19 प्रतिशत से बढ़कर 9.62 प्रतिशत हो गया है। दूसरी और अखाद्य वस्तुओं की खरीद की बात की जाए तो ग्रामीण क्षेत्र में 40.60 प्रतिशत से बढ़कर 53.62 प्रतिशत हो गई तो शहरी क्षेत्र में 51.94 प्रतिशत से बढ़कर 60.83 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसमें भी ज्यादा उछाल ड्यूरेबल आइटम्स में देखा जा रहा है। लोगों की रुचि वाहन, एसी, फ्रीज, ओवन, फ्लेट्स या मकान आदि की और रुझान बढ़ा है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि कपड़े-जूते और इसी तरह की निजी उपयोग की वस्तुओं पर व्यय में कमी आई है। दरअसल यह दो दशक में देशवासियों के बदलते मिजाज की तस्वीर है। पर खाने-पीने की वस्तुओं के उपयोग में कमी आना, डिब्बाबंद व पेयपदार्थों के उपयोग में बढ़ोतरी चिंता का विषय होनी चाहिए। इसी तरह से ड्यूरेबल आइटम्स के लिए जिस तरह से पर्सनल और अन्य तरह के लोन लेने व क्रेडिट कार्ड के उपयोग के कारण कर्ज के बोझ तले दबने को भी उचित नहीं कहा जा सकता। देखा जाए तो इनसे आज की पीढ़ी व आज के लोग तनाव, कुंठा, प्रतिस्पर्धा आदि को भी बिना किसी तरह का दाम चुकाए प्राप्त करने लगे है। एक समय था जब दो टाइम की दाल-रोटी पहली आवश्यकता व प्राथमिकता होती थी।

## मीडिया के आत्ममंथन का वक्त

सर्वोच्च न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआमथुरा ईदगाह पर सर्वोच्च न्यायालय का आदेश अदालती रूख में कोई बदलाव नहीं सुप्रीम कोर्ट के सबसे निष्पक्ष एवं बेदाग छवियों वाले न्यायाधीशों की जब भी बात चलती है तो उनमें पूर्व जस्टिस जोसेफ कूरियन का जिक्र हमेशा होता रहा है। उन्होंने भारत के मीडिया के बारे में जो टिप्पणी की है, उस पर स्वयं देश के मीडिया से जुड़े लोगों द्वारा विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने साफ कहा कि श्मीडिया देश के लोकतंत्र, संविधान एवं सच की रक्षा करने में पूर्णतरू विफल रहा है। कैंपेन फॉर ज्युडिशियल एकाऊंटिबिलिटी एण्ड रिफॉर्म्स (सीजेएआर) की ओर से आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए जस्टिस कूरियन ने कहा कि श्किसी को भी तथ्यों की सच्ची व निडर जानकारी नहीं मिलती। लोकतंत्र के लिये सबसे बड़ा झटका यह है कि मीडिया ने देश को हताश किया है।श

उनकी निराशा निर्मूल नहीं है। जो उनकी भावना है, लगभग वैसी ही देश के उन सभी लोगों की है जो संविधान में आस्था रखते हैं और लोकतंत्र को कायम रखना चाहते हैं। उन्होंने देश के लिये आशा की अंतिम किरण उन व्हिसलब्लोअरों को बताया जो अब भी लोगों को जाग्रत करने का काम कर रहे हैं और व्यवस्था की खामियों को उजागर कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों के साथ खड़े होने की जरूरत बतलाई। देश की सबसे बड़ी अदालत में न्यायदान करने वाले एक जस्टिस का अगर ऐसा सोचना है तो यह मीडिया संस्थानों और उससे जुड़े सभी लोगों के लिये यह भी सोचने का अवसर है कि आखिर उन्हें (कूरियन को) ऐसा बयान क्यों देना पड़ा है। दरअसल जस्टिस कूरियन की यह व्यथा पिछले करीब एक दशक के घटनाक्रमों का निचोड़ है जिसे हम मौजूदा शासकों की देन भी कह सकते हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले भारत में ऐसी परिस्थितियां पहले भी आई हैं। सबसे बड़ा उदाहरण है 1975 में लाया गया आपातकाल। देश के उस कालखंड में भी मीडिया का एक बड़ा हिस्सा उसके खिलाफखड़ा रहा। उसने इंदिरा गांधी जैसी ताकतवर, लोकप्रिय और उस दौरान तानाशाह बन गयी इंदिरा गांधी का भी मुकाबला किया था। हालांकि खुद इंदिरा जान गयी थीं कि यह मुल्क निरंकुशता को बर्दाश्त करने वाला नहीं है।

उन्होंने अंततः स्वतः ही आपातकाल हटाया लेकिन मीडिया के, जो उस दौरान प्रिंट तक ही सीमित था, किसी भी हिस्से ने उसे सराहा नहीं था। उनके निधन के चार दशकों के बाद भी दिवंगत प्रधानमंत्री को उस कलंक से छुटकारा नहीं मिल सका है। गाहे-बगाहे अब भी उस प्रसंग की याद आलोचना के स्वरों में ही होती है। यह अलग बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यप्रणाली से तुलना करते हुए कुछ लोग दबी जुबान में यह कहते सुनाई देते हैं कि श्वर्तमान अघोषित आपातकाल से तब का घोषित आपातकाल बेहतर था जब सामान्यजनों को तो कोई तकलीफनहीं थी। हालांकि लोकतंत्र के मानकों के अनुरूप किसी भी आपातकाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। किया भी नहीं जाना चाहिये। बहरहाल, जस्टिस कूरियन जब ऐसा कहते हैं तो दरअसल वे भारतीय मीडिया के इस दौरान के कायराना अंदाज और बिकाऊपन की ओर इशारा कर रहे हैं। जिस प्रकार से मीडिया का बड़ा हिस्सा मोदी, केन्द्र सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी का अंध समर्थन कर रहा है, वही सारा कुछ पूर्व न्यायाधीश के जेहन में है। दशक भर से लोग देख रहे हैं कि मीडिया ने किस प्रकार से नरेन्द्र मोदी की महामानव की छवि गढ़ने में स्वयं को झोंक दिया है। सरकार की असफलताओं का लेशमात्र भी उल्लेख न कर हर काम को उनका मास्टरस्ट्रोक बतलाने वाले मीडिया ने अपने आप को चारण परम्परा में ढाल दिया है। नोटबन्दी से लेकर कोरोना काल और मणिपुर सम्बन्धी मसलों की पत्रकारिता को देखें तो हम पाते हैं कि अधिकांश मीडिया अपने बुनियादी उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने में असफल रहा है। इतना ही नहीं, उसे सरकार से जो सवाल करने थे, वे तो उसने किये ही नहीं, वह दिये जलाने और थाली-ताली पीटने में खुद ही शामिल हो गया। वह न प्रश्न करता है न किसी को करने देता है।



## राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में नए आयाम आपको उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हलकर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**वृषः-** भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में व्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**मिथुनः-** महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों के प्रति मन केन्द्रित होगा। अत्यधिक कायरे की ब्यस्तता से मन परेशान होगा। पारम्परिक कायरे में व्यस्तता बढ़ेगी। जीवन साथी से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

**कर्क :-** क्रोध व शंकाए छोड़ संबंधों में प्यार विखेरें। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिन्ता उत्पन्न करेगी।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की ब्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी बिचारों से सिंचित करें। महत्वपूर्ण क्षेत्र में संबंधों का सहयोग मिलेगा।

**कन्याः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक हो सकता है। लेकिन प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी। परिवार में कोई सुखद माहौल बनेगा।

**तुलाः-** हर वक्त अपने को लाचार बनाए रखना अच्छी बात नहीं, समय का सदोपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा दें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित।

**वृश्चिकः-** शासन-सत्ता के सहयोग से कार्य क्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। कार्य क्षेत्र में लोकप्रियता व वर्चस्व बढ़ेगा। प्रयत्न की सार्थकता उच्छृंखलता व व्यग्रता क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**धनुः-** कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत के चकाचौंध आप प्रभावित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के आसार बढ़ेंगे।

**मकरः-** कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफ होगी।

**कुंभः-** ''''खाली मन शैतान का घर'' अपने दिनचर्या को सुधारें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। पारिवारिक जरुरतों की पूर्ति साधनाभाव से मन चिंतित होगा।

**मीनः-** भौतिक सुख-साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

# कांग्रेस-सपा गठबंधन ने जगाई उत्तर प्रदेश में विपक्ष की उम्मीद

प्रदीप कपूर



**समाजवादी पार्टी के पास अब चुनाव लड़ने के लिए 63 सीटें हैं और पार्टी छोटे दलों और जाति आधारित समूहों के साथ इस सीटों को साझा कर सकती है। समाजवादी पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दलित समुदाय में प्रभाव रखने वाले चंद्र शेखर रावण की भीम आर्मी, शक्तिशाली राजपूत नेता और पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह की जनसत्ता दल, जिसे राजा भैया के नाम से भी जाना जाता है, महान दल और अन्य के साथ बातचीत करेगी। गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने 62, बहुजन समाज पार्टी ने 10, समाजवादी पार्टी ने पांच, अपना दल ने दो और कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। हालांकि 2017 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन में थी लेकिन वह अखिलेश यादव को सत्ता बरकरार रखने में मदद नहीं कर सकी।**

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता उत्साहित हैं क्योंकि पहली बार जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को यह विश्वास हो रहा है कि सीटों के बंटवारे पर सहमति बनने के बाद राज्य में भाजपा को हराया जा सकता है। दूसरी ओर, भाजपा के राज्य नेता घबड़ाये हुए हैं, हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जनता को विश्वास दिलाया कि उन्हें राज्य की कुल 80सीटों में से 65 सीटें मिलेंगी। लेकिन भगवा खेमा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के राज्य से गुजरने के साथ इस गठबंधन के संभावित प्रभावों से पूरी तरह वाकिफ था। सीट बंटवारे पर सहमति के बाद सपा नेता अखिलेश यादव की भागीदारी यात्रा को नई गति दे रही है। राहुल गांधी को उनकी यात्रा को अभी से ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। अखिलेश और अन्य सपा नेताओं के शामिल होने के बाद यह और व्यापक होगा। दरअसल राहुल गांधी की चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बड़े समर्थन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को राज्य की महत्वपूर्ण 80सीटों के लिए लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे में तेजी लाने के लिए मजबूर किया। जिस तरह से लखनऊ और अन्य स्थानों पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय ने भाग लिया, उसने समाजवादी पार्टी नेतृत्व को लोगों के मूड को समझने के लिए मजबूर कर दिया।

दूसरी ओर, कांग्रेस नेतृत्व को भी इस बात का अहसास था कि सीट बंटवारे के बाद ही अखिलेश यादव यात्रा में शामिल होंगे, इसलिए उन्होंने भी सीट बंटवारे में तेजी ला दी। शुरुआत में कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 20 सीटें चाहती थी लेकिन बाद में 17सीटों पर समझौता कर लिया और मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी को एक सीट देने पर राजी हो गई। कांग्रेस को प्रतिष्ठित वाराणसी सीट मिली जहां उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दो बार चुनाव लड़ा था। शुरुआत में समाजवादी पार्टी ने वाराणसी को अपनी सूची में शामिल किया था, परन्तु बातचीत के बाद उसने यह सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दी।अल्पसंख्यक समुदाय के वोटों में विभाजन को रोकने के लिए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं पर हाथ मिलाने के लिए शक्तिशाली मुस्लिम समुदाय का जबरदस्त दबाव था। पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान अधिकांश मुस्लिम वोट समाजवादी पार्टी को मिले थे, लेकिन लोकसभा चुनावों के मद्देनजर राहुल गांधी के आक्रामक रवैये के कारण मूड कांग्रेस की ओर हो गया, जो लगातार भाजपा पर हमला कर रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के पास अब चुनाव लड़ने के लिए 63 सीटें हैं और पार्टी छोटे दलों और जाति आधारित समूहों के साथ इस सीटों को साझा कर सकती है। समाजवादी पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दलित समुदाय में प्रभाव रखने वाले चंद्र शेखर रावण की भीम आर्मी, शक्तिशाली राजपूत नेता और पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह की जनसत्ता दल, जिसे राजा भैया के नाम से भी जाना जाता है, महान दल और अन्य के साथ बातचीत करेगी।गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने 62, बहुजन समाज पार्टी ने 10, समाजवादी पार्टी ने पांच, अपना दल ने दो और कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। हालांकि 2017 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन में थी लेकिन वह अखिलेश यादव को सत्ता बरकरार रखने में मदद नहीं कर सकी। 2017 के विधानसभा चुनावों के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा में 300 से अधिक सीटों के साथ पार्टी सत्ता में आई और योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने सभी को चौंका दिया। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी बसपा के साथ गठबंधन में थी। जबकि समाजवादी पार्टी 2014 में जीती गई केवल पांच सीटें ही बरकरार रख सकी और बसपा ने सीटों की संख्या शून्य से बढ़ाकर 10 कर दी। चुनाव के बाद, बसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बसपा उम्मीदवारों को वोट स्थानांतरित करने में विफलता के लिए समाजवादी पार्टी पर दोष मढ़ते हुए गठबंधन को भंग कर दिया।अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या प्रियंका गांधी अपनी मां श्रीमती सोनिया गांधी की जगह रायबरेली से चुनाव लड़ती हैं या नहीं, जो अब राजस्थान से राज्यसभा के लिए चुनी गई हैं। हालांकि यूपीसीसी अध्यक्ष अजय राय ने दावा किया कि राहुल गांधी अपनी पारिवारिक सीट अमेठी में वापस आयेंगे, लेकिन गांधी परिवार की ओर से ऐसा कोई फैसला नहीं लिया गया है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# अनशन में नहीं पहुंचा कोई जिम्मेदार अधिकारी

## मौदहा बसवारी मार्ग से जोड़ने वाली सड़क बीते एक दशक में मरम्मत के आभाव में हो गई समाप्त, बाइक सवार हो रहे घायल

**मौदहा,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



अनशन के दूसरे दिन डटे अनशनकारी

क्षेत्र के रमना किशनपुर में जर्जर सड़क निर्माण के लिए शुरू हुए अनशन के दूसरे दिन किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर पहुंच कर अनशन कारियों की सुध नहीं ली,जबकि खराब मौसम और हल्की बारिश भी अनशनकारियों के हौसले को नहीं डिगा सकी जबकि अनशनकारियों ने बुधवार से पास के तालाब में जल सत्याग्रह की घोषणा की है।

कोतवाली क्षेत्र के रमना किशनपुर को मौदहा बसवारी मार्ग से जोड़ने वाली सड़क बीते एक दशक में मरम्मत के आभाव में लगभग समाप्त हो गई है जिसमें आना जाना भी मुश्किल हो गया है और किनारे पर बिना भीठ का तालाब होने के कारण आए दिन बाईक सवार और सायकिल सवार तालाब में गिरकर घायल होते रहते हैं।जिसके निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पिछले हमीरपुर सदर सीट के लिए हुए विधानसभा उपचुनाव में मतदान न करने का फैसला किया था लेकिन उसी दौरान अधिकारियों के गांव जाकर ग्रामीणों के साथ मानमनौव्वल और चुनाव बाद सड़क निर्माण के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने वोट डाले थे। लेकिन चुनाव के बाद रात गई बात गई वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए अधिकारी अपने आश्वासन भूल गए और स्थिति जस की तस बनी रही।

उसके साथ ग्रामीणों ने फिर से अधिकारियों की टेबल पर कागज दौड़ाने शुरू कर दिए लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने पर बुण्देलखण्ड नवनिर्माण सेना के जिलाध्यक्ष देव यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीएम को पत्र देकर अनशन की घोषणा कर दी जिसका मंगलवार को दूसरा दिन था लेकिन खराब मौसम और हल्की बूंदाबांदी के बीच भी अनशनकारियों के हौसले पस्त नहीं हुए लेकिन अनशन के दूसरे दिन किसी जिम्मेदार अधिकारी ने अनशनकारियों की सुध नहीं ली जिसके चलते अनशनकारियों ने बुधवार को पास के तालाब में जल सत्याग्रह करने की घोषणा की है। इस दौरान दिनेश अनुरागी, प्यारेलाल, राजकुमार सविता, राहुल अनुरागी, श्रीओम पाल, रामविलास वर्मा, बबलू यादव, श्री राम औतार वर्मा, चंद्रभान सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से बाल-बाल बचा युवक

**इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत उझियानी ईट भट्ठा के सामने हाइवे महेवा कट से जेल में बन्द परिजनो से मिलकर लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात कार ने टक्कर मारी। युवक बाल बाल बच गया बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। ग्राम पुर्वा डोरी मुरादगंज निवासी रामवीर पुत्र बलराम सिंह ने बताया कि सोमवार को जेल में बंद मां पिता भाई से मिलकर वापस लौट कर बाइक से गांव जा रहा था। जैसे ही वह बकेवर थाना क्षेत्र के उझियानी गांव के ईट भट्ठा के सामने हाइवे महेवा कट से पहुंचा सामने से अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। हेलमेट पहने होने के चलते उछलकर दूर गिरा जिससे बाल बाल बच गया।बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। अज्ञात कार चालक कार समेत मौके से भाग जाने में सफल रहा।

## जगदीश सिंह परिहार बनाये गए भाकियू बुन्देलखण्ड के प्रभारी

**चरखारी,महोबा समृद्धि न्यूज**



भारतीय किसान यूनियन ( अ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ श्रिषिपाल अम्बावता के आदेशानुसार राष्ट्रीय सचिव डॉ. राजेश गौतम ने चरखारी निवासी कुंवर जगदीश सिंह परिहार को संगठन का बुन्देलखण्ड प्रभारी मनोनीत किया है, भारतीय किसान यूनियन संगठन ने श्री परिहार को बुन्देलखण्ड प्रभारी नियुक्त करके आशा व्यक्त की है कि परिहार संगठन का विस्तार करके निरन्तर किसान हित में किसानों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए संघर्ष में सहभागी बनकर किसानों की आवाज को सभी उचित पटलों पर रखकर किसान हित में कार्य करके संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सपनों को साकार करने में हर तरह से अपना सहयोग प्रदान करेंगे, परिहार के बुन्देलखण्ड प्रभारी बनाये जाने से क्षेत्रीय किसानों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रशासन से बैमौसम वर्षा एवं ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वे कराकर किसानों को फसलों के हुए नुकसान का आंकलन करके शासन से क्षतिपूर्ति दिलाये जाने की माँग की गई।

# बेमौसम बारिश-ओलावृष्टि से किसानों को नुकसान

## खेतों में कटी पड़ी मटर की फसल सड़ने की पूरी संभावना पैदा हो गई है



**महोबा। समृद्धि न्यूज**

जिले में लगातार बारिश के साथ कई गांवों में ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद हो गई हैं। किसानों ने बताया कि फसले सड़ भी गई हैं, जिसके चलते उत्पादन बहुत कम होने की संभावना है।

जनपद में मंगलवार सुबह से लगातार हो रही बारिश और एक दर्जन से अधिक गांवों में भारीओला वृष्टि से फसलें तबाह हो गईं हैं। खेतों में कटी पड़ी मटर की फसल सड़ने की पूरी संभावना पैदा हो गई है। वहीं, चने की फसल में आ रहा फूल बारिश के चलते समाप्त हो जाएगा। इसके कारण बड़ा नुकसान होने की संभावना है। मंगलवार सुबह से ही लगातार बारिश शुरू होने से बेलाताल कुलपहाड़ और आसपास के गांव में हल्के ओले गिरे। इसका असर मटर और चने की फसल पर ज्यादा हुआ। भटेवरा, चपका , जैतपुर , बुधवारा कमलापुरा, लाड़पुर, कुलपहाड़, सुगिरा, भरवारा, चुरारी गांव में किसानों को सर्वाधिक नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि चने की फसल में फूल आ रहा था, लेकिन बारिश के कारण फूल झड़ने से उत्पादन बहुत कम होने की संभावना है।



## जनप्रतिनिधियों के साथ गोष्ठी संपन्न

**महोबा।** महोबा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पुलिस अधीक्षक, अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ समायिक विषयों पर परिचर्चा हेतु मासिक विचार-विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया; जनपद में अपराध नियंत्रण, शान्ति एवं कानून-व्यवस्था, क्षेत्रीय समस्याओं एवं पुलिसिंग में अपेक्षित सुधार आदि विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, इस दौरान किसी प्रकार की कोई शिकायत / समस्या प्रकाश में नहीं लायी गयी। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सम्मानित सांसद/विधायक एवं उनके जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर जनहित में प्राप्त सुझावों से जनपद की क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण हेतु पुलिस व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने में सहायता प्राप्त होगी साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण पहलुओं पर पुलिस के दृष्टिकोण से अवगत कराने तथा विचारों के आदान-प्रदान से एक-दूसरे को समझने में सहायक होगी। इस दौरान अवधेश गुप्ता जिलाध्यक्ष भा.ज.पा रोहित कटियार विधायक चरखारी प्रतिनिधि राहुल अग्रवाल सांसद प्रतिनिधि तथा जनपदीय पुलिस से रविकान्त, क्षेत्राधिकारी चरखारी उपस्थित रहे।

# शिरडी साई बाबा स्कूल में छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित

> कार्यक्रम का संचालन स्कूल संचालक उपेन्द्र द्विवेदी ने किया

**पनवाड़ी,महोबा समृद्धि न्यूज**



शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा में विगत दिनों भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन गायत्री परिवार की ओर से हर वर्ष कराया जाता है जिसमे सामाजिक ऐतिहासिक प्राचीन संस्कृति से सम्बन्धित प्रश्न लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है।

जिसमे सौ मार्क्स का प्रश्न पत्र होता है तो उसी परीक्षा में मेधावी छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी एवम भाजपा नेता नीरज द्विवेदी व किसान मोर्चा के जिला मंत्री श्री प्रकाश मिश्रा के द्वारा सभी मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरण किये गए। जिसमे आरती कक्षा8की स्टूडेंट्स ने 89 अंक पाकर एवम कंचन कक्षा 8 ने 88अंक पाकर स्कूल में सबसे अच्छे अंक प्राप्त किये एवं सोलह और अन्य स्टूडेंट्स ने उत्कृष्ट ग्रेड पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया उक्त अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापक खेमचंद्र, रामसिंह कृष्णकांत स्वाति सोनम रश्मि क्रांति कौशल्या प्रदीप सिंह सहित सभी स्टूडेंट्स मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन स्कूल संचालक उपेन्द्र द्विवेदी ने किया। स्कूल संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता ने सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने बाले स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य के लिए कामनाये की उन्होंने कहा कि अच्छी से अच्छी सुविधाओं से युक्त साईंधाम स्टूडेंट्स के लिए शिक्षा का बढ़िया प्लेटफार्म है।

## खबरें एक नजर में

### राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 23 को

**हमीरपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर पटेल ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा सुमेरपुर विकास खंड के दरियापुर ग्राम स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में शैक्षिक वर्ष 2024-25 में कक्षा छह, सात, आठ नौ एवं कक्षा 11 (केवल जीवविज्ञान) में रिक्त स्थानों में प्रवेश हेतु आगामी 23 मार्च को प्रवेश परीक्षा सम्पादित होगी।जिसमे जनपद के गरीबी रेखा से नीचे निवास करने वाले ऐसे अभिभावक जो छात्रों को उक्त संस्था में प्रवेश दिलाना चाहते है, तो किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय एवं सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर प्रवेश फार्म प्राप्त कर औपचारिकतायें पूर्ण कराकर 15 मार्च तक राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।उन्होंने बताया कि विद्यालय में शिक्षा, आवास, भोजन, चिकित्सा आदि की व्यवस्था निःशुल्क है। कहा कि विलम्ब से दिया गया आवेदन पत्र स्वीकार नही होगा।

### 13 ग्राम पंचायतें हुई क्षय रोग मुक्त

**हमीरपुर।** देश को क्षय रोग की बीमारी से मुक्त करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन 2025 के लक्ष्य में 14 चयनित ग्राम पंचायतों में से 13 ग्राम पंचायतो ने क्षय रोग मुक्त दावे को हासिल किया है। केन्द्र सरकार की योजना अन्तर्गत जनपद पर नामित सत्यापन समिति द्वारा भौतिक सत्यापन कर इन पंचायतो को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित कर दिया है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन के मामले में सामने आयी पहली कामयाबी का खुलासा सीएमओ डॉ. गीतम सिंह एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ बीपी सिंह ने किया।उन्होंने बताया कि जिसमे ब्लॉक कुरारा में टोडरपुर, सुमेरपुर में चन्दौखी, मौदहा में सिजनौडा, और भैसता, मुस्करा में भुगैचा और भुजपुर, राठ में बरदा और सिकरौधा, सरीला में बधौली और तुरना एवं गोहाण्ड में जमखरी, लींगा और बीरा ग्राम पंचायते टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित हुई। क्षय रोग को खत्म करने के प्रयास सफल होने पर जिले की 13 ग्राम पंचायतो को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत रखने का ब्यौरा शासन को जिलाधिकारी के माध्यम से भेज दिया है।

### एडीएम ने की गुंडा एक्ट की कार्यवाही

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा की रिपोर्ट के आधार पर अपर जिलाधिकारी ने सात आरोपियों को गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत आगामी 6 माह तक प्रत्येक माह की 15 तारीख को थाने पर उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया।

मेघ सिंह सक्सेना पुत्र राजकुमार निवासी रम्पुरा थाना बसरेहर, अतुल यादव पुत्र ध्रुव सिंह यादव निवासी मानिकपुर इकदिल, सुमित कुमार पुत्र पप्पू यादव उर्फ किशन मुरारी निवासी घटिया अजमत अली, शेरा उर्फ शेर सिंह यादव पुत्र ध्रुव सिंह निवासी मानिकपुर विशू थाना इकदिल, ध्रुव सिंह यादव पुत्र राम सिंह निवासी मानिकपुर विशू थाना इकदिल, जनवेद सिंह पुत्र रूप सिंह निवासी नवादा खुर्द कला थाना लवेदी, रोथन लाल पुत्र रामस्वरुप थाना केशोपुर कला थाना इकदिल को गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत आगामी 6 माह तक प्रत्येक माह की 15 तारीख को थाने पर उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया।

# नर्वदेश्वर आश्रम की जमीन के कब्जे की शिकायत पर लगी रोक

**भरुआ सुमेरपुर। समृद्धि न्यूज**

कस्बे के स्टेशन मार्ग स्थित नर्वदेश्वर आश्रम की जमीन पर निर्माण सामग्री पहुंचाकर निर्माण की जुगत में लगे एक पक्ष को पुलिस ने शिकायत के बाद अदालत के आदेश आने तक निर्माण न कराने की सख्त हिदायत दी है। इसी के साथ विपक्षी के निर्माण कराने के मंसूबों पर पानी फिर गया है।

कस्बे के चांद थोक निवासी विजय गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में अवगत कराया है कि स्टेशन मार्ग में उनके पैतृक भूमि है। गाटा संख्या 1268 में शिव मंदिर व बगीचा है। यह स्थान नर्वदेश्वर आश्रम के नाम से जाना जाता है। आश्रम के एक किनारे सड़क की तरफ वर्षों पूर्व राजेंद्र तिवारी ने एक गुमटी रख ली थी और चाय पान की दुकान खोल रखी थी। अब इसी स्थान पर वह पक्की दुकान बनाने की जुगत में है। उसने नगर पंचायत से साठ गांठ बनाकर फर्जी ढंग से हाउस टैक्स लगवा रखा है। जबकि उक्त गाटा संख्या का मुकदमा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में विचाराधीन है। शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज प्रमोद त्रिपाठी ने विपक्षी को निर्माण न करने की सख्त हिदायत दी है। कस्बा इंचार्ज ने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है जब तक न्यायालय के आदेश नहीं आता है तब तक यथास्थिति बरकरार रहेगी। पुलिस की हिदायत के बाद विपक्षी गणो को करारा झटका लगा है।

# पौधे पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी: संजीव कुमार

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



छात्र पर्यावरण संसद के बैनर तले आज पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में पी डब्लू डी के एक्स सी एन संजीव कुमार सैनी जी एवं ए ई गौरव जैन ने संयुक्त रूप से पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बताते चलें आज एक कार्यक्रम में पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में वर्ष भर में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए संजीव कुमार सैनी एवं गौरव जैन जी ने बच्चों को मेडल एवं प्रशस्ति वितरण के साथ-साथ पौधा लगाकर बच्चों को शुभ आशीष दी। संजीव कुमार ने कहा कि पौधे पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद आवश्यक है। हम सभी को जब भी अवसर मिले पौधा रोपण अवश्य करना चाहिए।

गौरव जैन ने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उनकी देखरेख करना भी बहुत आवश्यक है प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि छात्र पर्यावरण संसद अपने गठन के उद्देश्य की पूर्ति हेतु छात्र-छात्राओं को पौधारोपण के लिए प्रेरित करती रहती है एवं अपील करती है कि वृक्षों को काटने से बचाया जाए तथा अधिक से अधिक पौधे लगाए जाए। जिससे हमारा पर्यावरण संतुलित रहे एवं मानव जीवन के लिए उपयुक्त बना रहे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

**इटावा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में आधा दर्जन लोगों ने रक्तदान किया। स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है।उन्होंने कहा कि कुछ लोग रक्तदान करने से डरते है, जबकि निस्संकोच रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जागरूक करने के लिए आगे फिर से यहां पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां पर ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं सहित नगर के समाजसेवी सहित अन्य लोग भी रक्तदान कर सकते हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों के साथ साथ नगर के समाजसेवियों सहित अन्य लोगों ने भी रक्तदान किया।

# विद्युत कर्मियों का आरोप, भाजपा नेताओं ने सरकारी कार्य में बाधा डाली


डीएम को ज्ञापन देने जाते विद्युत कर्मी।

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की इटावा शाखा ने संयुक्त राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हरीकिशोर तिवारी व अन्य लोगों पर विद्युत कर्मचारियों पर दबाव बनाने का आरोप लगाया और कचहरी पहुंचकर उक्त प्रकरण पर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। सहायक अभियंता संघ, जूनियर इंजीनियर संगठन इटावा, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति जनपद इटावा के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन में विद्युत विभाग के कर्मचारियों का कहना कि संयुक्त राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हरीकिशोर तिवारी विद्युत कार्यालय में जबरन घुस गए और अधिशासी अभियंता श्री प्रकाश, उपखंड अधिकारी पीयूष मौर्या तथा उपखंड अधिकारी तृतीय इंजीनियर गगन अग्निहोत्री के साथ किया अभद्र भाषा का प्रयोग 2 दिन पूर्व विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट के संबंध में दर्ज प्राथमिकी को इंजीनियर हरकिशोर तिवारी ने वापस लेने का विद्युत विभाग के अधिकारियों पर दबाव बनाया।

## चोरों ने फौजी के सूने मकान को बनाया निशाना

**इटावा।** थाना बकेवर के बगल में सूने पड़े मकान के अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर लाखों का सामान साफ किया। थाने के ठीक बगल में स्थित बीएसएफ जवान के सूने पड़े मकान का न ताला टूटा न कुंडी फिर भी चोर तीस हजार रुपए की नगदी सहित साढ़े तीन लाख रुपए मूल्य के सोने चांदी के जेवर चोरी करके ले गए। बकेवर थाना के ठीक बगल में इटावा मार्ग निवासी राजू अवस्थी पुत्र महावीर अवस्थी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह राजस्थान स्थित जोधपुर में बीएसएफ में सेवारत हैं। जबकि उसकी पत्नी रीता व पुत्री बकेवर स्थित मकान की उपर की मंजिल में रहते हैं और नीचे के हिस्से में एक क्लीनिक संचालित है। उन्होंने अपनी पत्नी और पुत्री को जोधपुर बुलाया तो उसकी पत्नी मकान के उपरी भाग की मंजिल के मुख्य दरवाजे में लाक लगाकर पुत्री के साथ जोधपुर चली गई जब वह 13 दिन की छुट्टी लेकर वह अपनी पत्नी व पुत्री के साथ घर आए और अपना सामान देखा तो रसोई में टिफिन में रखी चांदी की पायल गायब थी जिसपर अचम्भित होकर पत्नी ने कमरे में रखा सूटकेस देखा तो उसमें रखी एक सोने की चौन पैंडिल सहित चार अंगूठी, सोने का सुई धागा, चार जोड़ी कान की बाली, नौ चांदी के सिक्के व अन्य जेवरों के अलावा उसमें रखें तीस हजार रुपए गायब थे।

# आसमान से फिर बरसी सफेद आफत,फसलों को भारी नुकसान

**सुमेरपुर, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



मंगलवार की सुबह अचानक मौसम गड़बड़ हुआ और बूंदा बांदी के साथ कहीं कहीं ओले गिर गए, ओले गिरने से पांच गांव प्रभावित बताए जा रहे हैं, जहां सुबह ओले गिरने से किसानो की फसल बर्बाद हुई है। मंगलवार की प्रातः आकाश में पहले से मौजूद बादलों ने अपना रुख बदल दिया और बूंदा बांदी की शुरुवात हो गई, किसानो को लगता था कि बूंदा बांदी तक ही मौसम सीमित रहेगा किन्तु मौहर, धुंधपुर, गौरी,अतरैया कैथी गांव में ओले गिरने लगे तो किसान हाय हाय करने लगे, ओले थमे तो किसान अपने अपने खेत पहुंचे और ओलो से बर्बाद हुई फ़सल को देख दुख वयक्त करने लगे। ओला प्रभावित गांवो के किसानो ने बताया कि उनकी सारी फसल चौपट हो गई है, उनका जीवन यापन कैसे होगा, बड़ा सवाल बनकर खड़ा हो गया है।

शादी विवाह, बच्चों की पढ़ाई लिखाई, रोटी कपड़ा और मकान आदि की व्यवस्था कर पाना पाना मुश्किल काम हो गया है।

# जेल वाले सैयद बाबा का उर्स गुस्ल व चादर पोशी के साथ शुरू



**इटावा। समृद्धि न्यूज**

स्व. बशीर अहमद नियाजी मेवाती टोला द्वारा स्थापित हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा का दो दिवसीय सालाना 52 वां उर्स मुबारक पूरी शानो शौकत और उत्साह के साथ शुरु हुआ। उर्स का शुभारंभ हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा के गुस्ल के साथ हुआ। दरगाह हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेकेट्री इख्तियार अहमद मोनू बशीर की देखरेख में सालाना उर्स मुबारक सैयद एजाज हुसैन, हाफिज मोहम्मद अहमद चिश्ती, हाफिज फैजान चिश्ती के संचालन में शुरू हुआ। उर्स के प्रथम दिन जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर गुस्ल हुआ। इसके बाद स्व. बशीर अहमद नियाजी के मकान मेवाती टोला से मोनू बशीर, पप्पू बशीर, सोनू बशीर, जिम्मी बशीर की देखरेख में चादर उठी को रेलवे रोड होती हुई जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर पेश की गईं।

रात में जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर महफिले समां का आयोजन किया गया जिसमें सलीम झंकार कव्वाल ग्वालियर, मतलूब नियाजी कव्वाल शमशाबाद फर्रुखाबाद ने महफिले समां में बेहतरीन कलाम पेश कर जमकर वाहवाही हासिल की। उर्स के पहले दिन दरगाह पर श्रद्धालुओं के लिए लंगर का भी इंतजाम किया गया। उर्स की व्यवस्था में शुजा खान, रुहूल खान, चांद खां, इमरोज अनवर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

**आयोजन**

## उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता

# सीडीओ ने बैठक में उद्यमियों की समस्याओं की ली जानकारी

**इटावा। समृद्धि न्यूज**


बैठक में निर्देश देते सीडीओ।

मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने उद्यमियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं के समाधान पर विस्तार पूर्वक जानकारी की ।

उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ से संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना एवं जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उद्यमियों से कहा कि उद्योग से संबंधित समस्याओं को लिखित में दिया जाए ,जिससे निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्यमियों की समस्याओं को लेकर बैंक से समन्वय स्थापित करके समस्या का समाधान कराया जाए।

उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत आपूर्ति ज्यादा समय के लिए काटी जाती है तो इसके पूर्व में उद्यमियों को अवगत करा दिया जाए, जिससे इनको किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है। उन्होंने उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार को निर्देशित करते हुय कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री शिक्षुता योजना प्रोत्साहन,ग्लोबल इन्वेस्टर समिति, ओडीओपी सहित सभी रोजगारपरक योजनाओं के प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए।

बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव कुमार,एलडीएम सहित समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिला जज ने कारागार निरीक्षण में बंदियों से समस्याओं को लेकर की चर्चा

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**उप्र राज्य** विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अध्यक्ष, जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह ने मंगलवार को जिला कारागार उरई का मासिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरुद्ध बंदियों से पूंछतांछ करते हुये उनकी समस्याओं को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर सचिव, अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार रावत एवं जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे। निरीक्षण में जिला जज ने बंदियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता, सलाह और महिला बंदी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा



कारागार का निरीक्षण करते जिला जज के साथ न्यायिक अधिकारी

व खान-पान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बंदियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बंदी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि किसी विचाराधीन बंदी को पैरवी हेतु सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो संबंधित न्यायालय में बंदी की ओर से प्रार्थना पत्र दिलवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसी प्रकार जो बंदी दोषसिद्ध हो चुके हैं, की अपील न हो पाने की स्थिति में नियमानुसार जेल अपील करायी जाये। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आवश्यक समन्वय बनाकर ऐसे प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाये ताकि अपील की मियाद समाप्त न होने पाये। जेल अपील कराये जाने में यदि कोई विधिक समस्या आ रही है तो उसको सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संज्ञान में लाते हुये द्वारा उचित माध्यम माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से यथा आवश्यक पत्राचार किया जाये। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारागार चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल बर्मन, उप कारापाल तारकेश्वर सिंह, अमर सिंह उपस्थित रहे।

## लेखपाल पर लगाया सर्वे में चहेतों को लाभ पहुंचाने का आरोप

**जालौन (उरई)।** खनुआं गांव में लेखपाल ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का सर्वे कर रहे हैं। किसानों ने सर्वे में लेखपाल पर चहेतों को लाभ देने का आरोप लगाते हुए, एसडीएम को शिकायती पत्र दिया। ग्रामीणों ने एसडीएम से लेखपाल की स्थानांतरण की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम खनुआं निवासी किसान हुकुम सिंह, पूरनलाल, खच्चू, नेपाल, पुष्पा गोविंद कुशवाहा, विमल, अनंतराम, भारत, रविशंकर आदि ने एसडीएम अतुल कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि के चलते उनके गांव के किसानों की फसलें चौपट हो गई हैं। कई किसानों की फसल को सौ फीसदी तक नुकसान पहुंचा है। गांव के लेखपाल नष्ट हुई फसलों का सर्वे कर रहे हैं। किसानों को आरोप है कि लेखपाल सर्वे में अपने चहेतों को लाभ पहुंचा रहे हैं। सभी किसानों की फसलों का सर्वे नहीं कर रहे हैं। जब परेशान किसान अपनी फसल का सर्वे करने की बात कहते हैं तो वह उल्टा जबाव देते हैं।

# विशद प्रशिक्षण हेतु 50 कृषक गन्ना शोध केंद्र सेवरही रवाना

- गन्ना कृषक वैज्ञानिकों से लेंगे तकनीकी प्रशिक्षण एवं आधुनिक जानकारी
- उत्पादन लागत घटाने उत्पादकता बढ़ाने में मिलेगी मदद



उतरौला,बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**गन्ना विकास** परिषद, उतरौला, बलरामपुर द्वारा 50 गन्ना कृषकों के दल को गेंदा सिंह गन्ना प्रजनन एवं शोध संस्थान, सेवरही के लिए रवाना किया गया। तड़के सुबह से ही विभिन्न ग्रामों से आए हुए कृषक परिषद के प्रांगण में इकट्ठा होने लगे। समिति क्षेत्र के गन्ना कृषकों का स्वागत अतुल कुमार सिंह, प्रचार प्रसार प्रभारी द्वारा किया गया। कृषकों को समिति प्रांगण में खड़ी बस में बैठने के पश्चात नरेंद्र सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, उतरौला द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। परिषद द्वारा भेजे गए कृषक वहां कृषि वैज्ञानिकों से गन्ने की उत्पादन लागत घटाने, उत्पादन बढ़ाने एवं कृषकों की आमदनी दोगुना किए जाने हेतु तकनीकी प्रशिक्षण एवं आधुनिक तकनीक की जानकारी प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर कृषकों को शोध केंद्र के फील्ड विजिट के माध्यम से भी तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी, जिससे गन्ने में हो रहे नवाचार को वे अंगीकार कर सकें। नरेंद्र सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक के द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण स्थल पर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने, कृषकों को फील्ड विजिट, विषय विशेषज्ञों से वार्ता, प्रशिक्षण सामग्री, जलपान एवं भोजन आदि की व्यवस्था संस्थान के द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर अखिलेश कुमार, प्रकाश चंद्र पांडे, अमित कुमार सिंह, सनोज कुमार रावत, कपिल देव पांडे एवं प्रशिक्षण हेतु आए हुए कृषक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मौत को दावत देता हाईटेंशन तार के नीचे हो रहा खनन का खेल

**सोनभद्र।** सोनभद्र की पत्थर खदानों को हाइग्लि डेंजरस जोन बनाने में सम्बंधित विभागों का अहम रोल है। पत्थर खदानों में होने वाली दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण सम्बंधित विभाग ही हैं। इनकी लचर व्यवस्था के चलते अनगिनत गरीब मज़दूर असमय ही मौत के घाट उतार दिए जाते हैं। लगातार लोगों के द्वारा शिकायत करने पर भी इनके कानों पर जुई भी नहीं रेंगती। नियम विपरीत खनन लगातार हो रहा है। परन्तु खनिज विभाग और जिला प्रशासन कुम्भकर्णी नींद सो रहा है। प्रशासन की नींद तभी टूटती है जब खदान में कोई हादसा होता है। जनपद सोनभद्र में अवैध खनन अपने चरम पर पहुंच चुका है। इस पर खनिज विभाग आंखे मूंदे हुए है। जय हिन्द मानवाधिकार जिला अध्यक्ष मोहम्मद सेराज हुसैन की तरफ से सम्बंधित विभाग से गुहार लगाई गई थी कि राधे राधे इंटर प्राइजेज की पत्थर खदान में नियमों को ताक पर रखकर हाईटेंशन तार के नीचे अवैध खनन किया जा रहा है। जबकि हाईटेंशन तार से खदान की दूरी निर्धारित50 मीटर से कम है। इसके बाद भी बिल्ली मारकुंडी के उक्त खदान में अवैध खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। इस पर खनन विभाग सोनभद्र का कहना है कि उक्त खदान से हाईटेंशन लाइन की दूरी 50 मीटर से अधिक है। जबकि स्थानीय लोगों का दावा है कि खनिज विभाग गुमराह कर रहा है। हकीकत में हाईटेंशन लाइन की दूरी50 मीटर से कम है। आखिर क्या बात है कि खनिज विभाग आने वाले खतरों से आंख मूंदे हुए है। खदान में हैवी ब्लास्टिंग होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ऐसे में ज़िम्मेदार मोहकमा एक दूसरे पर गलतियां थोपते हुए जांच के नाम पर लीपापोती कर देंगे। निराश होकर जय हिंद मानवधिकार एसोसिएशन सोनभद्र अब इस प्रकरण में डीजीएमएस वाराणसी परीक्षत्र से शिकायत कर जांच की कार्रवाई अमल में लाएगा। जहां हाईटेंशन लाइन छतिग्रस्त होने पर ग्रिड फेल होने से करोड़ों का नुकसान हो सकता है। वहीं दूसरी ओर खदान में दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है।

### चाकू सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**उतरौला(बलरामपुर)।** थानाध्यक्ष दुर्विजय थाना गैंड़ास बुजुर्ग के नेतृत्व में थाना गैंड़ास बुजुर्ग पुलिस मय टीम के द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान बाबा का मजार पोखरा के पास वहद ग्राम पिड़िया खुर्द से अभियुक्त विजय उर्फ विज्जन पुत्र काशीराम नि0ग्राम टेगनहवा थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर हालपता पिड़िया खुर्द थाना गैंड़ास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर के कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष दुर्विजय ने बताया कि अभियुक्त विजय उर्फ विज्जन उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार अभियोग पंजीकृत किया गया ।

### डा. चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नये अधीक्षक होंगे

**कालपी (जालौन)।** अब डा. एसडी चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के नये अधीक्षक होंगे। वह 1 मार्च से कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में काफी दिनों से चिकित्सा अधीक्षक पद पर प्रभारी डाक्टरों की तैनाती चली आ रही है और इस समय डा. दिनेश वरदिया यहा की व्यवस्था संचालन कर रहे हैं लेकिन अब मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा ने डिप्टी सीएमओ का कार्यभार देख रहे डा. एसडी चौधरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का अधीक्षक बनाया है। विदित हो कि डा. चौधरी इससे पहले वर्षो तक कदौरा सामुदायिक केन्द्र में अपनी सेवाए दे चुके हैं तो उन्होंने बाबई सीएचसी में भी अपनी सेवाए दे चुके हैं। वर्तमान चिकित्सा अधीक्षक डा. दिनेश वरदिया के अनुसार वह 1 मार्च से अपना पद ग्रहण कर सकते हैं डा. दिनेश के अनुसार चिकित्सा अधीक्षक की तैनाती होने से सीएचसी की स्वास्थ्य सेवाएं और वेहतर हो जाएगी।

### महंत कमलनयन दास का आगमन आज

**जालौन (उरई)।** श्रीमणिराम छावनी अयोध्या धाम से महंत कमलनयनदास शास्त्री महाराज नगर में स्थित नाना महाराज मंदिर पर 28 फरवरी दिन बुधवार को सुबह नौ बजे से रामार्चा कथा का श्रवण भक्तों को कराएंगे। सभी भक्त समय से मंदिर परिसर में उपस्थित रहें। यह जानकारी पुजारी विजयरामदास ने दी है।

# आधुनिकता की चकाचौंध में अब नहीं दिखते डोली और म्याना



उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**चलो रे** डोली उठाओ कहार पिया मिलन की बात आई जैसे गीत अब गुजरे जमाने की बात होकर रह गई है। सहालग का दौर जारी है पर कहीं भी अब पुराने जमाने में चल रहे डोली,म्याना दिखाई नहीं पड़ रहे हैं।समय की नजाकत को समझिए कि आज के तीस वर्ष पहले देश के ग्रामीण क्षेत्रों में जब सहालग शुरू होता था तो डोली,म्याना और कहार वालों की चांदी हो जाती थी।सहालग के दौरान अच्छी खासी कमाई हो जाती थी,लेकिन आधुनिकता की दौड़ में डोली म्याना और कहार कहां चले ग?ए कोई पता नही,क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में दशको पहले डोली और म्याना से बारात जाने पर लोगों को देखने के लिए उत्सुकता होती थी लेकिन अब यह सभी धीरे-धीरे इतिहास बनकर रह ग?ए हैं।कहने की बात यह है कि जब डोली म्याना में सजकर दूल्हा बारात लेकर अपने ससुराल पहुंचता था तो बड़े भव्य तरीके से स्वागत किया जाता था और बैलगाड़ी में सवार होकर बाराती भी जाते थे। सहालग शुरू होने से पहले ही कहार डोली म्याना लेकर चलते देते थे वह अपनी डोली को दुल्हन की तरह सजाने का काम शुरू कर देते थे ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई परेशानी डोली म्याना को लेकर न हो।लड़की की विदाई भी पहले के जमाने में डोली में ही होती थी और चार कहार डोली म्याना लेकर लड़की के ससुराल पहुंच जाते थे।जहां पर लड़की के ससुराल वालों के द्वारा डोली म्याना का पूजन किया जाता था तथा डोली से उतारने के दौरान दुल्हन को नेग भी दिया जाता था।लेकिन आज के आधुनिक समाज ने इन सब चीजों को गायब कर दिया अब डोली म्याना की जगह न?ई न?ई चमचमाती लग्जरी गाड़ियों ने ले लिया है जिसमें अब भारी भरकम का खर्चा भी आता है और अनेकों प्रकार की सड़क दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में भी लग्जरी गाड़ियों में बैठकर जाते हैं बाराती। ऐसे में डोली और म्याना की बारात और दुल्हन की विदाई अब इतिहास बनकर रह गई है।

### कहारों ने चुन लिया दूसरा व्यवसाय

**डोली** और म्याना से दुल्हन को लाने ले जाने का काम पहले कहार किया करते थे, लेकिन आधुनिकता की दौड़ ने जैसे जैसे लोगों को भाने लगी वैसे कहार समुदाय के लोगों ने दूसरा काम पकड़ लिया अब उन कहारों को मजबूरन अपना कारोबार बदलना पड़ा है।

# फूलों के खेती को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक परिसर में बैठक आयोजित



उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**विकास** खण्ड उतरौला क्षेत्र में फूलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों की चयन के लिए सभी ग्राम पंचायतें अधिकारियों की बैठक खण्ड विकास अधिकारी उतरौला संजय कुमार ने? सभागार में की। उन्होंने कहा कि शासन ने फूलों की बढ़ती मांग को देखते हुए गांवों में फूलों की खेती को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया है। शासन के मंशा के अनुसार विकास खण्ड उतरौला क्षेत्र में किसानों को फूलों की खेती करने के लिए चयन? करने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी उतरौला संजय कुमार ने सभी ग्राम पंचायत अधिकारी को दे? रखा था। इस योजना की प्रगति की समीक्षा करने के लिए सभागार में अधिकारियों की बैठक की और जल्द से जल्द योजना को परवान पर चढ़ाने का निर्देश दिया।

# सपा नेता व कई बार सासंद रहे शफीकुर्रहमान के निधन पर सपाइयों में शोक की लहर

उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**नेता और** सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का निधन होने से सपाइयों में शोक की लहर छा गई है। पूर्व विधायक अनवर महमूद खान, आरिफ अनवर हाशमी, प्रदेश सचिव तवक्कल हुसैन रिज़वी, सत्रोहन प्रसाद वर्मा, डॉ एहसान खान, महिला सभा जिला अध्यक्ष डॉक्टर हिना कौसर, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बहलोल नियाजी, जिला उपाध्यक्ष राम दयाल यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख जमाल अख्तर जद्दन, विधानसभा प्रभारी एजाज मलिक, अंसार अहमद खान, मोहम्मद सगी, आदिल हुसैन, मुनीर पाशा, सादिक खान, साकिब महमूद, राशिद महमूद, मोहम्मद असलम बब्बू, सलाहुद्दीन सद्दू, अकरम, दानिश, राम सूरत यादव, मारुफ हाशमी, कृष्ण कुमार यादव, सुरेश यादव, झिनकन यादव, नरसिंह पाल यादव, उमर खान, मोहम्मद अबरार, हनीफ, अयाज मुस्तफा, अवकात अनस, बीरे, शमीम , शकील, पप्पू, नूरुल्लाह खां मुन्ना, फिरोज खान, सहित अन्य सपाईयों ने सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। डॉ एहसान खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और संभल सांसद के सांसद थे। उन्हें पार्टी ने संभल से लोकसभा का प्रत्याशी बनाया था। मंगलवार को उनके निधन की खबर से बेहद दुखद है।

# अच्छे एवं सुयोग्य उम्मीदवार के पक्ष में वोट किया: विनोद चतुर्वेदी

- विधानसभा क्षेत्र कालपी में दिन भर चर्चाओं का चलता रहा सिलसिला




कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**क्षेत्रीय** विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने के मामले को लेकर मंगलवार को पूरे दिन चौराहों तथा चौपालों में चर्चा का बाजार गर्म रहा तथा भविष्य की राजनीति को लेकर समर्थकों व सपा-भाजपा कार्यकर्ताओं में व्यापक सरगर्मियां रहीं। विधायक ने दावा किया है कि मैंने अंतरात्मा से सुयोग्य एवं अच्छे प्रत्याशी के पक्ष में राज्यसभा में मतदान किया है। दिन भर चली सरगर्मियों के बीच दूरभाष से हुई वार्ता में उन्होंने बताया कि अच्छे एवं योग्य उम्मीदवार के पक्ष में मतदान में चयन करना चाहिए। इसी का अनुसरण करते हुए मैंने अंतरात्मा से चुनाव में मतदान किया है। इधर कालपी में विधायक समर्थकों तथा भाजपा के तमाम कार्यकर्ता उत्साहित दिखाई दिए, जबकि सपा कार्यकर्ताओं के चेहरे मुरझाए नजर आए। इसी सिलसिले में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कालपी सीट से भाजपा के टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे कई पूर्व विधायक तथा कद्दावर नेता भी बेचैन नजर आए। निकट के लोकसभा के आम चुनाव में कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी हमीरपुर या झांसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के आसार बढ़ गए हैं। भविष्य में कुछ भी हो लेकिन क्षेत्रीय विधायक के द्वारा मंगलवार को जिस तरह से राजनीति में एक नई पाली खेली उसको लेकर राजनीतिक गलियारे में चर्चाओं का बाजार दिन भर गर्म रहा। आने वाले समय में क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी भाजपा में शामिल होंगे या फिर नहीं यह तो समय ही बतायेगा। फिलहाल राज्यसभा चुनाव में जिस तरह से सपा के विधायकों में सेंधमारी का खेला हुआ है उसको देखते हुये लोकसभा चुनाव में भाजपा को लाभ मिलने के संकेत साफ तौर पर देखे जा रहे हैं।


## न्यायालय सूचना

अदालती सूचनाः ता0पेशी 04.03.2024 दिन सोमवार, न्यायालय माननीय राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश इलाहाबाद, द्वितीय अपील सं0-2740 सन् 2017 जिला फरुखाबाद

**सुधीर कुमार और 3 अन्य बनाम कासिब अली खान और 8 अन्य।**

प्रार्थी बृजेश कुमार पुत्र दुली चन्द्र निवासी ग्राम भटासा, परगना शमशाबाद पश्चिम तहसील कायमगंज जिला फरुखाबाद ने आपके यानी 1- उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा कलेक्टर, फरुखाबाद, उत्तर प्रदेश, 2-प्रधान ग्राम सभा मौजा गिर्द कायमगंज, परगना कम्पिल, 3-नरेश चन्द्र पुत्र लोचन निवासी मोहल्ला सदवारा, 4- उदय चन्द्र पुत्र लोचन निवासी मोहल्ला सदवारा, 5- गन्धर्व पुत्र स्व0 रामेश्वर दयाल निवासी सुल्तानपुर परगना शमशाबाद, 6-कैलाश पुत्र स्व0 रामेश्वर दयाल निवासी सुल्तानपुर परगना शमशाबाद, सभी तहसील कायमगंज जनपद फरुखाबाद उत्तरदाता के नाम एक द्वितीय अपील अन्तर्गत धारा 331(4) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधि0 दाखिल की है। लिहाजा आपको हुकम होता है कि बवक्त 10 बजे दिन के दिनांक 04.03.2024 को स्वयं या मार्फत वकील जो मुकदमे की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा प्रस्तुत करें। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि यदि आप इस न्यायालय में उक्त विषय पर स्वतः अथवा किसी वकील के द्वारा उपस्थित न रहेंगे तो अभियोग सुनवाई करके आपकी अनुपस्थिति में निर्णय कर दिया जायेगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज बतारीख 20.02.2024 में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार रजिस्ट्रार राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांकः-1637/ न0पा0 परि0का0/2023-24 दिनांक 26/02/2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ज्योतिवाला वर्मा पत्नी राजेश कुमार निवासी मो0 बजरिया राधाकृष्ण ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 334 मोहल्ला चिलौली कायमगंज पर श्री केशव चन्द्र वर्मा पुत्र शिवकुमार वर्मा के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्याकल में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

## कार्यालय ग्रा0पं0 सोना जानकीपुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 27/02/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोना जानकीपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 28/02/2024 से 05/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 05/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | बालक राम के घर से सुरेश के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 2.13 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (विमला देवी)** **ग्रा0पं0 सोना जानकीपुर, शमशाबाद** **सचिव (अरुन यादव)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जरवा विकास खंड पनवाड़ी (महोबा)

### निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना

मनरेगा योजना 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 27.02.2024 से 05.03.2024 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदाएं खोली जायेंगी। निविदा शुल्क -100 रु.

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जरवा | बकरी शेड निर्माण कार्य प्रियंका देवी पत्नी जगदीश | 1.40 | 2% | ईंटा, गिट्टी, बालू पाइप, चद्दर आदि | 3×4 मी. | 3 माह |

**शर्तेः**- 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत जरवा**
**विकास खण्ड पनवाड़ी**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत जरवा**
**विकास खण्ड पनवाड़ी**


# भाजपा सरकार केवल पूंजीपतियों की है : शमशाद अहमद

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**समाजवादी अल्पसंख्यक** सभा की बैठक संपन्न मंगलवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय प्रभारी अनिल प्रधान ने बताया कि समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष फारूख अली जिलानी ने किया द्य बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश से चलकर आए मंडल प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा शमशाद अहमद एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी महमूद आलम उपस्थित थे द्य बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी मिर्जापुर शमशाद अहमद ने कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रकोष्ठ अल्पसंख्यक समाज होता है जिसे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा सम्मान देने का काम किया है द्य कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग की जिम्मेदारी है कि गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करें और आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतों से जीतने का काम करें। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी महमूद आलम ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज एक ऐसा समाज है जो हमेशा समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करता है और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने भी जब प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो अल्पसंख्यक समाज को जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आगे बढ़ने का काम किया द्य बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार ने कहा कि समाजवादी पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो हर समाज को एक साथ लेकर चलने का काम करती है लेकिन वहीं भाजपा सरकार केवल पूंजी पतियों की सरकार है उसे हर समाज से कोई लेना देना नहीं है द्य बैठक को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष फारूक अली ने कहा कि भाजपा सरकार में अल्पसंख्यक समाज का शोषण चरम सीमा पर है द्य भाजपा सरकार में आए दिन हत्याएं बलात्कार चोरी डकैती अपहरण जैसी तमाम घटनाएं प्रतिदिन हो रही है द्य भाजपा सरकार में बेरोजगारी चरम सीमा पर है द्य नौजवान बेरोजगार है इस सरकार में माफियाओं का बोलबाला है इस सरकार में कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है। बैठक में मुख्य रूप से अनिल प्रधान इंज सी बी सिंह खरवार अलीमुद्दीन मंजूर खान जुनैद अंसारी वकील खान जाकिर हुसैन निजामुद्दीन नजमुद्दीन मन अंसारी और सब अहमद नूर मोहम्मद अफसर अहमद शाह वसीम सिद्दीकी इकराम अंसारी मोहम्मद फरीद रिजवान अली रुस्तम अबरार हुसैन मोहम्मद सलीम सलीम कुरैशी साहब निजामुद्दीन इमरान आजाद अनवर सिराज सफा हुसैन मौलाना आजाद नियाज अहमद इरफान अहमद मोहम्मद हकीम जमील अहमद गुलाम मुस्तफा शाहनवाज आज लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पांच मार्च से होगा कोटेदारों का ई वेइंग मशीन चलाने का प्रशिक्षण

**उतरौला(बलरामपुर)।** स्थानीय तहसील के चारों विकास खण्डों के कोटेदारों का ई वेइंग मशीन चलाने का प्रशिक्षण तहसील उतरौला में पांच मार्च से शुरू होगा। इसकी जानकारी पूर्ति अधिकारी उतरौला ने देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार तहसील उतरौला क्षेत्र के सभी कोटेदारों को सरकारी राशन ई वेइंग मशीन पर तौल कर वितरित की जाएगी। ई वेइंग मशीन की आपूर्ति कोटेदारों को की जा रही है। ई वेइंग मशीन चलाने का प्रशिक्षण पांच मार्च से शुरू होगा। प्रथम प्रशिक्षण विकास खण्ड उतरौला, रेहरा बाजार व गैडास बुजुर्ग का होगा। छ मार्च को विकास खण्ड श्रीदत्तगंज व उतरौला नगर पालिका परिषद क्षेत्र के कोटेदारों का प्रशिक्षण होगा। ई वेइंग मशीन चलाने का प्रशिक्षण लिंकवेल टेलीसिस्टम प्राइवेट संस्था के मास्टर ट्रेनर के द्वारा दिया जाएगा।

अब करनौली ग्राम के किसानों को भी मिलेगा सरकार की योजनाओ का लाभ

# 43 वर्ष बाद करनौली गांव के किसानों के हांथों में आये भू-अभिलेख

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल ने बुधवार को तहसील छिबरामऊ क्षेत्र के ग्राम करनौली में जले हुये भू-अभिलेखों का रिकार्ड दुरूस्त कराकर किसानों के हाथों में खतौनी सौंपी। इस अवसर पर उन्होने कहा कि भू-अभिलेख न होने के कारण करनौली गांव के किसानो को अनेक प्रकार की समस्याओ का सामना करना पड़ रहा था। कहा कि किसानो को भू-अभिलेखो के आधार पर ही जमीन का मालिक माना जाता है। सन् 1990 में अग्निकांड की वजह से 35 ग्रामों के भू-अभिलेख जल गये थे। 43 वर्षो से भू-अभिलेख न होने की वजह से ग्राम करनौली के किसानों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा था। उन्होने कहा कि अग्निकांड मे जब भू-अभिलेख जल गये थे, यदि उसी समय भू-अभिलेख बनाने का प्रयास किया जाता तो आसानी से भू-अभिलेख तैयार हो जाते और किसानो को इतनी कठिनाइयों का सामना न करना पड़ता, जो इस समस्या से 35 गांव ग्रसित हुये। उन्होने कहा कि सरकार का यही प्रयास है कि जले हुये भू-अभिलेख ग्राम के किसानो को खतौनी उपलब्ध हो जाये। विश्वास के अभाव के कारण जो कार्य सम्भव नही हो पाया है, उसे अब धीरे-धीरे पूर्ण किया जा रहा है। श्री शुक्ल ने कहा कि चकबंदी का कार्य बहुत ही जटिल कार्य है। धैर्य और सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया है। जमीन के कागज तैयार करना कठिन कार्य है। डीएम ने कहा कि समस्याएं आयीं, परन्तु धीरे-धीरे समस्याओं का निराकरण होता



गया। उन्होने कहा कि अंतिम प्रपत्र जो वितरण कर दिया गया है उसके आप मालिक हैं। कहा कि इस कार्य में सभी अधिकारी व कर्मचारी तथा ग्रामवासी बधाई के पात्र हैं। अब बैंक से किसानों को किसान क्रेडिट बनेगा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित होंगे। इसके साथ सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है, उन योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर बन्दोबस्त चकबंदी अधिकारी मोहन लाल ने बताया गया कि 10 जुलाई.1980 को ग्राम करनौली में धारा 4(2) के अन्तर्गत प्रकाशन हुआ, तथा ग्राम में कब्जा परिवर्तन वर्ष 1985 में किया गया। ग्राम में चकबंदी प्रक्रिया 28 जनवरी वर्ष .2009 को निरस्त कर दी गई थी। पुनः चकबंदी प्रक्रिया में 23 सितम्बर वर्ष .2016 को सम्मिलित किया गया। वर्तमान में जिलाधिकारी के अथक प्रयासों से पूर्व धारा 6 (1) एंव धारा 4क (2) की कार्यवाही को 20 मार्च वर्ष 2023 को निरस्त करके पूर्व एवं वर्तमान कब्जे के आधार पर अंतिम अभिलेख तैयार किये गये हैं। इस प्रकार प्राप्त आपत्तियों को निस्तारित कर अंतिम अभिलेख तैयार किये गये। इससे पूर्व 26 सितम्बर, 2023 को जिलाधिकारी द्वारा ग्राम नन्दलालपुर के किसानो को खतौनी वितरित की गयी थी। खतौनी पाकर किसानों के चेहरे खिल गये, किसानों ने जिलाधिकारी की भूरि-भूरि प्रसंशा है। ग्राम प्रधान जदुनाथ सिंह ने कहा कि वर्षो से कागज न होने के कारण यहां के किसान सरकार की योजनाओं से वंचित थे, आज हमारे गांव के किसान जिलाधिकारी के अथक प्रयास से खतौनी पाकर बहुत उत्साहित है। इस अवसर पर तहसीलदार छिबरामऊ सहित संबंधित अधिकारी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के जिला महामंत्री का जोरदार स्वागत



नवमनोनीत जिला महामंत्री का स्वागत करते समर्थक — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**बीते दिन** जनपद मुख्यालय पर आयोजित पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की बैठक में अध्यक्ष विजय द्विवेदी द्वारा सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए नगर निवासी संजीव कुमार गुप्ता उर्फ संजू को जिला महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंप गई। मंगलवार को नगर के रेलवे रोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर पेट्रोलियम डीलर्स संगठन के नव मनोनीत जिला महामंत्री संजीव कुमार गुप्ता उर्फ संजू का गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन परामर्श दात्री सदस्य अनुराग गुप्ता, भाजपा नेता अमित गुप्ता, परशुराम देवल, केके राजपूत, सिद्धार्थ गुप्ता आदि ने फूल मालायें पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान नवमनोनीत जिला महामंत्री ने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी सौंप गई है। उसका पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वाहन किया जाएगा। साथ ही पेट्रोलियम डीलरों की समस्याओं को बुलंद कर उनका निस्तारण करवाने का कार्य किया जाएगा।

# कई देशों की अर्थव्यवस्था गड़बड़ा रही है, हमारा देश प्रत्येक क्षेत्र में ग्रोथ कर रहा है: डीएम

- निर्यात को बढ़ावा देने तथा नये उद्यमियों को निर्यात हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित हुआ सेमिनार



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**मगलवार को** कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जनपद कन्नौज के निर्यात को बढ़ावा देने तथा नये उद्यामियों को निर्यात हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेमिनार का आयोजन डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में हुआ। सेमिनार में निर्यात से संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा हुई।

सेमिनार को सम्बोधित करते हुए एफएफडीसी के निदेशक शक्ति विनय शुक्ला ने जनपद के समस्त उद्यमियों एवं निर्यातकों को इत्र और एसेंशियल ऑयल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही किन-किन देशों में इसकी मांग है इसके बारे में बताया। फिक्को संगठन के सहायक निदेशक आलोक कुमार श्रीवास्तव ने उद्यमियों एवं निर्यातको को आयात एवं निर्यात के संबंध में विस्तार से बताया। इसी के साथ प्रबंधक ईसीजीसी धनन्जय झा ने एक्सपोर्ट में हुये घाटे के संबंध में जानकारी दी। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने उद्यमियों एवं निर्यातको को सम्बोधित करते हुये कहा कि कुछ समय पहले ही जीबीसी फेज 4.0 का आयोजन प्रदेश में किया गया था। केन्द्र एवं राज्य सरकार ने विकास के लिये रोडमैप तैयार किया है, मंहगाई स्थिर है और इन्वेस्टमेंट का माहौल बहुत अच्छा बना हुआ है। कहा कि दुनिया अभी प्राकृतिक उत्पाद की तरफ बढ़ रही है तो हमें भी चाहिए कि हम भी अलग-अलग उत्पाद तैयार कर विदेशों में निर्यात करें। डीएम ने कहा कि मै आभार व्यक्त करूगां हमारे विदेश व्यापार के संयुक्त महानिदेशक एमएल अग्रवाल को जिन्होनें जनपद का 2 बार भ्रमण किया। हमने उनसे निवेदन किया है कि हमारे जनपद में कुछ लोग है जिन्हें अनुभव है विदेश व्यापार का, हमारे कुछ लोग ऐसे भी है, जिनको अभी काम करना है वह चाहते है कि हम अपने व्यापार को कैसे आगे बढ़ायें। इसी उद्देश्य से इस सेमिनार का आयोजन किया गया है। डीएम ने कहा कि हमारे जनपद में कैपिटल टैक्नोलॉजी, स्किल मैनपावर, लेबर आदि किसी भी प्रकार की कोई कमी नही है। जापान, ब्रिटेन आदि बड़े-बड़े देशों की अर्थव्यवस्था गडबढा रही है परन्तु हमारा देश प्रत्येक क्षेत्र में ग्रोथ कर रहा है। आप लोग जो उद्योग व व्यापार करना एवं बढ़ाना चाह रहे है, उसको शुरू कर सकते है, किसी प्रकार की कोई परेशानी नही होगी, जो समस्याऐं आयेगी उनका निस्तारण किया जायेगा। सेमिनार में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, द अतर एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी, महामंत्री प्रखर कपूर, उपायुक्त उद्योग धनन्जय सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी समेत जिले के उद्यमी मौजूद रहे।

# चार साल की मासूम से दुष्कर्म के आरोपी की पिटायी

- गंभीर हालात में जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**क्षेत्र के** एक गांव में 4 साल की मासूम से एक किशोर ने दुष्कर्म किया जानकारी होने पर ग्रामीणों ने किशोर की पिटाई कर दी गंभीर हालत में प्रजेंट बालिका को तिर्वा मेडिकल कॉलेज ले गए पुलिस ने आरोपी को अस्पताल से भारती पर कराया जहां उसे तिर्वा पर कर दिया गया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले परिवार के लोग किसी काम से बाहर गए थे घर में 17 वर्षी किशन अकेला था इसी बात का फायदा उठाकर घर के सामने रहने वाली 4 साल की एक मासूम क की छात्रा को बढ़ाकर अपने घर ले गया किशोर ने उसके साथ दुष्कर्म किया इस बीच काफी देर से मासूम बच्ची के न मिलने पर परिजनों ने उसकी तलाश किया सामने घर में से चिल्लाने की आवाज सुनकर बच्ची के परिजन वहां पहुंचे जहां घर के अंदर से चिल्लाने की आवाज सुनकर मासूम की हालत देखकर लोगों ने किशोर की जमकर पिटाई कर दी प्रजनन गंभीर हालत में मासूम को कृपा मेडिकल कॉलेज ले गए जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और किशोर को सब सही अस्पताल में भर्ती कराया वही क्षेत्राधिकारी ओंकार नाथ शर्मा ने बताया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया आरोपित किशोर को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया तहसील के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# खबरें चलते-चलते

## 20 लीटर कच्ची शराब सहित युवक गिरफ्तार



**तालग्राम छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी देवेश कुमार के नेतृत्व में ꠰मादक पदार्थ/ड्रग्स से सम्बन्धित एवं संलिप्त व्यक्तियों꠰ के विरुद्ध कार्यवाही तहत थाना तालग्राम पुलिस द्वारा अभियुक्त विशाल पुत्र तिरकु उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम ममापुर थाना कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद हाल पता निकवा थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को मय 20 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया गया । थाना प्रभारी देवेश कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 ज्योति गौर मय हमराह का0 620 ब्रजेन्द के द्वारा दौराने गस्त/भ्रमण आगरा लखनऊ एक्स प्रेस वे कि0मी0 183 सर्विस रोड मुन्नालाल के घर के पास से अभियुक्त विशाल पुत्र तिरकु उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम ममापुर थाना कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद हाल पता निकवा थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को मय 20 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया गया ।


## बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराना प्रशासन की अहम जिम्मेदारी: डीएम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन संपन्न कराए जाने को लेकर प्रतिबद्ध जिला प्रशासन पूरी तरह से चौकन्ना है। सचल दल की टीम लगातार परीक्षा केन्द्रों पर पहुंच निरीक्षण कर रही है। मंगलवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सराय प्रयाग स्थित परीक्षा केन्द्र विमला देवी बृजमोहन सिंह इंटर कॉलेज, सिकन्दरपुर के पं0 आत्मा प्रकाश बालिका इंटर कॉलेज एवं भारतीय शिक्षा सदन कॉलेज सिकंदरपुर में पहुंचकर परीक्षा का जायजा लिया। मंगलवार को सुबह की पाली में हाई स्कूल की गणित विषय की परीक्षा चल रही थी। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के संबंध में जो निर्देश दिए गए हैं उनका शत प्रतिशत कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में नकल नही होना चाहिये। कहा कि नकल विहीन बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराना सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यालय परिसर एवं स्ट्रांग रूम के बाहर और विभिन्न कक्षाओं में लगे सीसीटीवी कैमरों को संचालित मोड में होने की जानकारी भी ली। सीसीटीवी कंट्रोल रूम की व्यवस्था को भी परखा। उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने का निर्देश दिये। इस दौरान केन्द्र व्यवस्थापक समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जनपद न्यायालय के मीटिंग हाल में संपन्न हुई अण्डर ट्रॉयल रिव्यू कमेटी की बैठक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को जनपद न्यायालय के मीटिंग हाल में अण्डर ट्रॉयल रिव्यू कमेटी की बैठक प्रभारी जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष लोकेश वरूण की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला, एसपी अमित कुमार आनन्द, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल, जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी ने प्रतिभाग किया। बैठक में जेल अधीक्षक ने ऐसे 02 विचाराधीन बंदियों का विवरण प्रस्तुत किया, जो कारित अपराध की अधिकतम सजा की आधी अवधि व्यतीत कर चुके हैं। समिति के सदस्यों द्वारा उक्त दोनो विचाराधीन बंदियों के मामलों का अवलोकन कर संबंधित न्यायालय में उक्त विचाराधीन बंदियों की रिहाई हेतु आवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक के पश्चात पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत गठित समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में समिति के सदस्य एवं प्रभारी जिला जज, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्साधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सचिव द्वारा बताया गया कि न्यायालय द्वारा पीडिता को प्रतिकर दिलाये जाने हेतु निर्देशित प्रकरण में जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त आख्या स्पष्ट नहीं है। अतः न्यायालय द्वारा प्रतिकर हेतु निर्देशित प्रकरण में यथाशीघ्र कार्यवाही किये जाने हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में मौजूद अधिकारियों को आगामी 09 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु विचार विमर्श कर अधिक से अधिक वादो का निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## छह माह के शिशु के लिए स्तनपान के साथ पूरक आहार जरूरी: पूनम सिंह



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी द्वारा कन्नौज विकास खंड की 45 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए शिशुओं हेतु मिलेट्स आधारित पूरक आहार विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह ने बताया की छः माह के बाद बच्चे का शरीर व मस्तिष्क तेजी से बढ़ रहा होता है और उसे मां के दूध की तुलना में अधिक पोषक तत्वों व ऊर्जा की जरूरत होती है । पूरक आहार शुरू करने का यह सही समय होता है। पूरक आहार देने में देरी से बच्चे का विकास प्रभावित होता है व कुपोषण का खतरा बढ़ जाता है। दो वर्ष की आयु तक बच्चे का विकास काफी तेजी से होता है। बच्चे को इस दौरान दिए जाने वाले पूरक आहार में ऊर्जा, प्रोटीन व अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों का उचित अनुपात होना अत्यंत आवश्यक है। मिलेट्स जैसे बाजरा, ज्वार,रागी आदि में प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम आदि शिशु को वृद्धि व विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्व व खाद्य रेशा प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। मिलेट्स का उपयोग कर माताएं स्वयं शिशु के लिए अर्ध तरल पूरक आहार तैयार कर सकती है। ज्वार, बाजरा, रागी को बराबर मात्रा में ले कर माल्टिंग करें। इसके लिए तीनों अनाज को पानी में 10 घंटों के लिए भिगोना होता है। फिर अंकुरित कर सुखाना,भूनना व पाउडर बनाना होता है। इसके अतिरिक्त इसमें चना, मूंग दाल, केले का पाउडर,गाजर का पाउडर आदि मिला कर सील बंद डिब्बे में स्टोर करना होता है। जब शिशु को देना हो तो गुड़ का पाउडर व दूध मिला कर पेस्ट तैयार कर लें। अर्ध तरल पूरक आहार शिशु को मां के दूध के अतिरिक्त दिन में तीन बार दिया जा सकता है।

# युवक को तमंचा व कारतूस सहित पुलिस ने पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



पुलिस हिरासत में मौजूद आरोपी

**आगामी लोकसभा** चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी कर एक युवक के पास से तमंचा व कारतूसों को बरामद करनें के उपरान्त हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह अपराध नियंत्रण हेतु हमराह सिपाहियों के साथ गस्त दौरान रामाश्रम चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह जैसे ही काली नदी पुल से पहले ग्राम सिंहपुर की ओर पहुंचे तभी एक संदिग्ध युवक पुलिस बल को देखकर भाग खडा हुआ जिसे आवश्यक बल प्रयोग कर युवक के पास से एक 315 बोर का तमंचा व दो कारतूस बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम रंजीत पुत्र सालिगराम निवासी ग्राम सिंहपुर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# किसान पंचायत का आयोजन कर संगठन का किया गया विस्तार

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन अवधेश की विशाल किसान पंचायत संपन्न छिबरामऊ के बिशुनगढ़ रोड पर लिटिल स्टार गेस्ट हाउस मे हुई। पंचायत में बढ़ी संख्या में जनपद व अन्य जनपद फर्रुखाबाद व मैनपुरी के भी पदाधिकारियों को दी गयी जिम्मेदारी।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता व विवेक गुप्ता और बालेंदर यादव की संस्तुति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने विकास तिवारी को प्रदेश उपाध्यक्ष युवा व गोपाल दुबे टाडा को मंडल उपाध्यक्ष से प्रदेश सचिव और उमा शाक्य को मंडल उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, सुधीर कुमार को मंडल प्रवक्ता कानपुर जोन व सार्थक दुबे को मंडल उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, हरिशंकर गुप्ता को मंडल उपाध्यक्ष कानपुर जोन, मनोज कुमार गुप्ता को मंडल महा मंत्री, आलोक कौशल को मंडल अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, शुभम यादव को मंडल उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, गौरव गुप्ता उर्फ मांटू को जिला उपाध्यक्ष किसान कल्याण प्रकोष्ठ, ममता पाल को जिला उपाध्यक्ष फर्रुखाबाद, आशीष चौहान को जिला सचिव युवा प्रकोष्ठ, ऋषभ मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष मैनपुरी युवा प्रकोष्ठ, जितेंदर कुमार को जिला उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, हेमंत कुमार को तहसील संगठन मंत्री युवा प्रकोष्ठ, कमलेश कुमार को ब्लॉक उपाध्यक्ष छिबरामऊ, उवैश खान को ब्लॉक उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, प्रदीप कुमार को तहसील उपाध्यक्ष छिबरामऊ, सचिन कुमार को तहसील प्रभारी छिबरामऊ युवा प्रकोष्ठ, सरिता पाल को ब्लॉक उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ व संध्या पाल को तहसील उपाध्यक्ष से जिला उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ व अरशद खान को नगर मंत्री से जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ पर भी पदों उन्नत किया गया सभी को 15 दिन के अंदर सभी कमेटियों के गठन करने का आदेश राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने दिया मो सनी खान रास्ट्रीय महा सचिव ने कहा की हम भारत के सबसे लोक प्रिय संगठन है। हमारे यहा किसी नये पदाधिकारी से एक रुपया भी सदस्यता शुल्क नही लिया जाता हम संगठन के माध्यम से अपनी बात रखने का मौका देते है और पल्ली पांडे ने कहा की हमारा संगठन भा कि यू अवधेश निरंतर किसानो के हित में कार्य कर रहा है और भारत सरकार को स्स्क्क पर कानून बनाना ही पड़ेगा किसानों का अहित करके कोई सरकार नही चल सकती संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता ने किया। आनंद गुप्ता ने भी पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा अच्छे लोगों को संगठन से जोड़ने को कहा और कहा सभी पदाधिकारी गलत कार्यो से दूर रहकर संगठन का तन और मन से सहयोग करे धन हमे चाहिए नही। रामजी तिवारी प्रदेश संयुक्त सचिव, ताहिर खान प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, पिंकी पांडे प्रदेश सह सयोजक, पवन तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, सर्वेश तिवारी मंडल मीडिया प्रभारी कानपुर जोन, अनुपम वर्मा मंडल प्रभारी कानपुर, शिवराम सिंह सेंगर मंडल मंत्री, आशीष सक्सेना मंडल उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, मन्नू खान जिला सचिव, विनीत कुमार टिंकू जिला उपाध्यक्ष युवा, नीलू सिंह जिला उपाध्यक्ष युवा, अश्वनी मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, कुलदीप दुबे अनुज जिला महा सचिव, आशु त्रिवेदी जिला संगठन मंत्री, मनीष कमल तहसील उपाध्यक्ष युवा छिबरामऊ, गोलू यादव ब्लॉक उपाध्यक्ष, ऋषभ दुबे नगर उपाध्यक्ष युवा,श्याम वर्मा नगर मंत्री युवा, रितिक वर्मा, नगर उपाध्यक्ष युवा, इम्रोज नगर मंत्री अंत मे दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता रमेश चंद्र यादव व अभिषेक यादव प्रदेश सचिव दिल्ली ने सभी का आभार प्रकट किया व संगठन को और मजबूत करने को कहा।

प्रतियोगिता — छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर किया प्रतिभाग

# सॉई मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में धूमधाम से मनायी गई फ्रेशर पार्टी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**जनपद कन्नौज** के छिबरामऊ में संचालित साईं मीर कॉलेज आफ फार्मेसी में फ्रेशर पार्टी का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा0 परमेश द्विवेदी (औषधि निरीक्षक) ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि द्वारा डी0फार्मा प्रथम वर्ष से अभिषेक कुमार को मिस्ट फ्रेशर एवं बी फार्म प्रथम वर्ष से आकांक्षा सिंह को मिस फ्रेशर पुरुस्कृत करते हुए कहा कि आप जिस कॉलेज से जुड़े हुए है उसकी गरिमा बनाये रखें। उन्होंने प्रज्ञा, शील, करुणा, दया व मुदिता की विस्तार से व्याख्या करते हुए कहा कि इन मूल मंत्रों को अपनाने से आप जीवन में कभी दुख नहीं रहेंगे। उन्होंने इंस्टीट्यूट के चेयरमैन डा0 जितेन्द्र सिंह, चेयरपर्सन डा0 अनीता रंजन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस छोटी सी जगह में फार्मेसी की उच्च शिक्षा का कालेज स्थापित किया। जिसके हम सभी बहुत आभारी है और कॉलेज का कुशल संचालन करने वाले प्राचार्य डा0 अर्पित कटियार को बधाई दी। प्राचार्य डा0 अर्पित कटियार ने बताया कि कॉलेज अपनी छवि को दिन प्रतिदिन छोड़ते हुए अग्रसर हो रहा है। उन्होंने बताया कि फार्मेसी कालेज के छात्र/छात्रायें इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग के लिए विभिन्न प्रकार की फार्मासिस्ट कम्पनीज-(सनफार्मा हिमांचल प्रदेश, ज्योति लेबरोटिक्स कानपुर, अकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लि0 हरिद्वार) में विजिट कर चुके है। प्राचार्य ने बताया कि इसका श्रय कॉलेज के संस्थापक बाबू सिंह यादव दद्दू जी, चेयरमैन डा0 जितेन्द्र सिंह, चेयरपर्सन डा0 अनीता रंजन को जाता है। हाल ही में विद्यालय साईंमीर कालेज आफ फार्मेसी के कुछ छात्रों विजय अग्रवाल, सार्थक तिवारी, पीयूष गुप्ता, ओशी एवं सक्षम गुप्ता ने 2-3 फरवरी को पोस्टर प्रजेंटेशन एवं कॉफ्रेंस प्रोग्राम के लिए कानपुर नगर के



फ्रेशर पार्टी के दौरान मौजूद छात्र-छात्रायें व कॉलेज स्टाफ

महाराणा प्रताप कालेज आफ फॉर्मेसी में द्वितीय स्थान हासिल किया। साथ ही प्राचार्य ने बताया कि पिछले पांच साल से फार्मेसी कॉलेज ए0के0टी0यू0 द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं का केंद्र भी बना हुआ है, जिसमें विभिन्न जिलों के कॉलेज के छात्र-छात्रायें नियमित रुप से परीक्षा देते है। कॉलेज में सत्र 2022-23 के बी-फार्म प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा ओशी (86.55) प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर रहे कनिका सिंह कुशवाहा (86.28) प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर रहे कार्तिक उपाध्याय (86.17) प्रतिशत को शील्ड देकर पुरुस्कृत किया गया तथा सत्र 2022-23 में ही डी-फॉर्म प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अजय सिंह (76.57) प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर रही रोशनी चौरसिया (76.28) प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर रहे आदित्य गुप्ता (75.71) प्रतिशत को भी शील्ड देकर पुरुस्कृत किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा कालेज के सत्र 2022-23 में 100 प्रतिशत उपस्थित दर्ज करने वाले छात्र बी-फार्म प्रथम वर्ष कार्तिक उपाध्याय, अभय शुक्ला एवं 2022-2023 में ही डी-फॉर्म प्रथम वर्ष में 100 प्रतिशत उपस्थित दर्ज करने वाले छात्र आदित्य गुप्ता, अजय सिंह, प्रियंका पाल, सचिन कुमार रहे। इस दौरान सोलो सिंगिंग में नीतीश कुमार ने प्रथम, आर्यन कटियार ने द्वितीय एवं नावेद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सोलो डांसिंग में अंशिका शाक्य प्रथम, रोशनी द्वितीय, सोनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हास्य नृत्य में आर्यन एंड ग्रुप बी-फार्म प्रथम वर्ष बेस्ट, बेस्ट ड्रेस में दिव्या और अविरल, बेस्ट परफार्मेंश ऑफ द डे बसंती एंड ग्रुप प्रथम वर्ष, वहीं एंकरिंग में कार्तिक उपाध्याय एवं कनिका सिंह कुशवाहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अतिथियों ने सभी को शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी शशिभूषण सिंह, साईं मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डा0 अर्पित कटियार, साईं मीर डिग्री कालेज के प्राचार्य मनोज दुबे, साईं मीर लॉ कॉलेज के प्राचार्य सुधीर बघेल, साईं मीर पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य दिपिन बाथम, साईंमीर कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी से रश्मी सिंह, खुशबू वर्मा, उमास नारायण अवस्थी, अरुण कुमार, रोली साहू, विजय गौतम, शर्मिला मौर्या, सिमरन आर्या, अनुज यादव, देवेन्द्र कुमार, शिवकांत, दीपा राजपूत, सुजाता शाक्य, अलशिफा सिद्दीकी, शालिनी श्रीवास्तव, दीपक प्रजापति, नैंसी, पारुल त्रिपाठी, काजल त्रिपाठी, आदिती शर्मा, रजत शाक्य, विकास पाल, रेहान असांरी आदि लोग मौजूद रहे।

# भूसे से लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दो की मौत, आधा दर्जन घायल

- सूचना मिलने पर उप जिलाधिकारी व थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**भूसे से** लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से आधा दर्जन लोग घायल हो गये, जबकि दो लोगों की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम व थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और घायलों को सीएचसी भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कस्बा अमृतपुर के सब्जी बाजार से सब्जी खरीदकर ग्राम कलेक्टरगंज निवासी दो सगे भाई आलोक शर्मा व अंकित शर्मा पुत्र रामफेरे अपनी बाइक से वापस घर जा रहे थे। शाम 5 बजे के बाद फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग पर ग्राम नगला हुसा के सामने भूसा लदे ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करते समय सामने से ट्रक आ गया। जिससे ट्रैक्टर चालक घबरा गया और वह ट्रैक्टर को संभाल नहीं पाया। अचानक भूसा लदी ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। जिसके नीचे दोनों सगे भाई बाइक सहित दब गए और उस पर बैठे हुए ग्राम बड़ागांव थाना पचदेवरा जिला हरदोई निवासी जगपाल पुत्र हरपाल, राजेश पुत्र शालिग्राम, सुवालाल पुत्र राजू, अभिषेक पुत्र सतीश घायल हो गए। बाजार का दिन होने की वजह से सड़क पर आवागमन चल रहा था। घटनास्थल पर सैकड़ों की तादाद में लोग इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना पाकर एसडीम रविंद्र कुमार व थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी हमराह साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से दबे हुए घायलों को बाहर निकलवाया और उन्हें एंबुलेंस से तत्काल सरकारी अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सक ने आलोक पुत्र रामफेरे तथा सुवालाल पुत्र राजू को मृतक घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।



घटनास्थल पर खड़ा ट्रैक्टर व क्षतिग्रस्त बाइक तथा मौजूद ग्रामीण आदि — समृद्धि न्यूज़

# फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा, पुलिस ने दी हिदायत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**थाना पुलिस** ने फुटपाथ पर दुकान का सामान रखने वाले दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए चालान करने की बात कही। इस दौरान कस्बे के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दुकानें बंद होने लगीं। लोगों ने दुकान के बाहर रखा सामान अंदर कर लिया।

जानकारी के अनुसार कस्बे के मुख्य तिराहे से चौराहे तक दुकानदार सामान को फुटपाथ पर रख देते है। जिससे फुटपाथ ढक जाता है। जिससे चौपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। हालांकि कई बार दुकानदारों को नगर पंचायत की ओर से हिदायत भी दी गयी, लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ। मंगलवार को कस्बा इंचार्ज शंकरानंद ने टीम के साथ नगर में भ्रमण कर दुकानदारों को हिदायत दी कि वह अपना सामान फुटपाथ से हटा लें। अन्य की स्थिति में चालान काटा जायेगा। इस दौरान उन्होंने कई दुकानदारों के नाम भी नोट किये। कस्बे के लोगों का कहना है कि दुकानदारों द्वारा सामान फुटपाथ पर रख लेने से सड़क सकरी हो जाती है। जिससे चौपहिया वाहन व ई-रिक्शा आदि निकलने में काफी परेशानी होती है। इसके अलावा ठेली वाले भी फुटपाथ पर ठेली लगाकर खड़े हो जाते हैं। जिससे भी जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पुलिस की आज की इस कार्यवाही की लोगों ने प्रशंसा की और कहा कि दुकानदारों पर कार्यवाही होनी चाहिए।



दुकानदार का नाम नोट करते पुलिसकर्मी

# खबरें चलते-चलते

## प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी को चोर समझकर पीटा, पहुंचा थाने

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रेमिका से मिलने गये प्रेमी को परिजनों ने चोर समझकर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंपा दिया। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रजलामई में बीते दिवस की रात्रि एक युवक प्रेमिका को बुलाने पर उसके घर मिलने जा पहुंचा। उस समय युवती व उसके परिजन सो रहे थे। आहट पाकर परिजन जाग गये। पकड़े जाने के भय से प्रेमी भाग खड़ा हुआ। परिजनों ने चोर समझकर शोर मचाया। शोर शराबा सुन ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीण मौके की ओर दौड़े और भाग रहे प्रेमी को दबोच लिया तथा उसकी जमकर पिटाई की। युवक ने कहा कि वह चोर नहीं है। प्रेमिका के बुलावे पर वह उससे मिलने घर गया था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर कस्बा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मामले की जांच पड़ताल की गई। ग्रामीणों द्वारा आरोपी प्रेमी युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। चौकी प्रभारी फैजबाग जे0के0 पटेल ने बताया ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया है। युवक इंटर का परीक्षार्थी है। फिलहाल परिजनों द्वारा तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, गृहस्थी जली

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में देर रात घर में आग लग गयी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद स्वजनों व मवेशियों को घर से बाहर निकालकर आग पर काबू पाया। तब तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। क्षेत्र के गांव पुन्थर देहामाफी के मजरा सींगनपुर निवासी पूरन के घर सोमवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी। घटना के समय पूरन फसल की रखवाली करने खेत पर गया था। पूरन की पत्नी व पुत्रवधू नन्ही अन्य स्वजनों के साथ घर के अंदर सो रहे थे। कुछ ही समय में आग विकराल हो गयी। आग की लपटें चारपाई तक पहुंचने पर स्वजनों में चीखपुकार मच गयी। स्वजनों की चीखपुकार सुन ग्रामीण जाग गए। ग्रामीणों ने आनन -फानन में स्वजनों व मवेशियों को घर से बाहर निकाल लिया। ग्रामीणों ने पम्पसेट, मिट्टी पानी आदि डालकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गृहस्थी का सामान, नगदी, जेवर अनाज सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित के अनुसार आग से लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हो गया। हल्का लेखपाल सुधांशु ने जांच पड़ताल कर क्षति का आंकलन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी जांच पड़ताल की।

## महिला को चकमा देकर साइकिल व झोला ले गया युवक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सिरमौर बांगर निवासी नसरुद्दीन पुत्र नवाब अली ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 23 फरवरी की शाम उनकी पत्नी अपने घर के दरवाजे पर आग जला रही थी और भैंसों को चारा डाल रही थी, तभी गांव का युवक अपने अज्ञात साथियों के साथ आया और पत्नी से आग तापने की बात कहकर बैठ गया। पीड़ित के बताए अनुसार उनकी पत्नी भैंस का दूध निकालने लगी तभी आरोपी युवक दरवाजे पर खड़ी साइकिल तथा उसमें तांगा थैला चुरा ले गए। जब पीड़ित ने काफी खोजबीन की, तो पता चला कि गांव का ही टिकू पुत्र रतिराम जाटव अपने साथियों के साथ साइकिल चुराकर चला गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी पीड़ित की साइकिल नहीं मिली, तो पीड़ित थाने आया और थाना पुलिस को गांव के ही आरोपी टिकू पुत्र रतिराम जाटव तथा उनके अज्ञात साथियों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी।

## शांतिभंग में तीन का चालान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के उगरापुर निवासी सागर पुत्र रामशंकर का गांव के ही फूल राम से झगड़ा हो गया। आशीष पुत्र प्यारेलाल, श्यामजीत पुत्र बाबूराम निवासी निशान नगला देवरान गढ़िया का भाभी से विवाद हो गया। पुलिस ने तीन का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# सड़कों पर बैठे किसानों की समस्याओं का हो समाधान: शिवराज शाक्य

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन (भानू गुट) की पंचायत जिला संगठन सचिव प्रताप सिंह गंगवार की अध्यक्षता में मोहल्ला जवाहरगंज स्थित भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता शिवराज शाक्य के द्वारा की गई। आज की पंचायत में कहा गया कि किसान सड़कों पर बैठा है उसकी समस्याओं का निदान नहीं हो रहा है। एक राज्य दूसरे राज्य के किसानों को दिल्ली जाने से रोक रहा है। रास्ते में बाधा हरियाणा सरकार उत्पन्न कर रही है। वहीं फर्रुखाबाद की भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) स्थान धर्मपुर हरिहर गढ़ी के सामने बदायूं मार्ग पर अपनी समस्याओं के लिए बैठे हैं। उनकी समस्याओं में 1. गंगा के दोनों किनारों पर बांध बनवाया जाए, 2. आवारा छुट्टा पशुओं की समस्याओं से किसानों को निजात दिलाई जाए, 3. मेड़बंदी को निरस्त कर प्रार्थना पत्रों के आधार पर टीम गठित की जाए और पैमाइश कराई जाए, 4. किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ किया जाए, 5. भूमाफियाओं को चिन्हित कर कार्यवाही की जाए, 6. जिला मुख्यालय तहसील और खंड विकास अधिकारी आदि कार्यालयों में भारी भ्रष्टाचार है भ्रष्टाचार को रोका जाए संबंधित पर कार्यवाही की जाए, 7. ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे फर्रुखाबाद जनपद से होकर निकाला जाए, 8. दूध, दही, देसी घी डेरी प्रोडक्ट में मिलावट रोकी जाए, डेरी प्रोडक्ट देसी घी में जानवरों की चर्बी की मिलावट हो रही है जो विभिन्न ब्रांडों और नामों से कंपनियां बेच रही हैं।, 9. कायमगंज में साप्ताहिक बंदी नहीं हो रही है श्रम परिवर्तन अधिकारी को दंडित किया जाए और बाजार बंदी रविवार को कराई जाए, 10. जनपद के कायमगंज तहसील में किसानों के काम बगैर रिश्वत के नहीं होते हैं। भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। तहसील के सभी न्यायालय में दाखिल खारिज की फाइलों में समय से परवाने अमल दरामद नहीं होते हैं। यही नहीं खतौनी में आदेश फीड नहीं होते समस्या का समाधान तत्काल कराया जाए, 11. आगामी 2024 का चुनाव ईवीएम से न कराया जाए, बैलेट पेपर से कराया जाए आदि मांगें शामिल हैं। पंचायत में जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खां, जिला सचिव रामवीर, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार, नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता, तहसील अध्यक्ष विजय शाक्य, ब्लॉक अध्यक्ष श्योराज, रामप्रकाश, श्याम सिंह, महिपाल आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।



भाकियू की बैठक में मौजूद पदाधिकारी

# ससुरालीजनों ने गर्भवती विवाहिता को धक्के मारकर बेघर किया

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

ससुरालीजनों ने गर्भवती विवाहिता को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर धक्के मारकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव नगला कोठी निवासी रिंकी देवी पत्नी प्रदीप कुमार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया की उनके पिता सतीश चंद्र पुत्र अशर्फी लाल निवासी ग्राम इमादपुर थाना नवाबगंज ने बीते 3 दिसंबर 2021 को उसकी शादी शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगला कोठी निवासी प्रदीप कुमार पुत्र शेर सिंह के साथ की थी। तब से ससुरालीजन पिता द्वारा दिये गये दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे और आए दिन दहेज को लेकर मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। अतिरिक्त दहेज में 5,00,000/- की मांग कर रहे थे। जिसमें बीते 19 नवम्बर 2023 को ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर धक्के मारकर घर से निकाल दिया। तब पीड़िता अपने मायके आई और अपने मायके वालों को पूरी बात बताई। पीड़िता ने थाने पहुंचकर सास गुड्डी देवी, ननद कामिनी, शालिनी पुत्री शेर सिंह, शेर सिंह तथा पति प्रदीप कुमार के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। थाना पुलिस ने पीड़िता को तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिरा, मलबे में दबकर युवक घायल

- घायल को नर्सिंग होम में कराया गया भर्ती

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शमशाबाद थाना** क्षेत्र के ग्राम दुबरी निवासी मिथुन कुमार पुत्र ओमनिवास उस वक्त गंभीर रूप से घायल हो गया जब मंगलवार को निर्माणधीन मकान का छज्जा खोला जा रहा था। अचानक छज्जा भरभरा कर नीचे आ गिरा। जिससे छज्जे के मलबे में दबकर युवक घायल हो गया, जबकि अन्य लोग बाल-बाल बच गए। चीख पुकार सुनकर परिजनों ने छज्जे के मलबे को हटाकर युवक को गंभीर व्यवस्था में सुरक्षित बाहर निकाला। परिजनों द्वारा घायल को शमसाबाद नगर के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में ले जाया गया। जहां डाक्टर के जवाब देने पर उसे फर्रुखाबाद के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया है ओम निवास द्वारा मकान के छज्जे का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। छज्जे को मिथुन खोल रहा था। अचानक छज्जा भरभराकर गिर गया। जिसकी चपेट में आने से मिथुन गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि मौके पर खड़े अन्य लोग बाल-बाल बच गए। घायल व्यक्ति को जनपद के प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। मौके पर मौजूद लोगों का कहना था निर्माणधीन मकान का अचानक छज्जा कैसे गिरा यह बात किसी की समझ में नहीं आ रही। क्या छज्जा निर्माण में सामग्री मानक के अनुरूप नहीं थी या नकली थी। जो दुर्घटना का कारण बनी। फिलहाल मौके पर तमाम लोग थे, जो बाल बाल बच गए।



गिरे छज्जे को देखता गृहस्वामी — समृद्धि न्यूज़

# चूल्हा जलाते समय सिलेंडर में लगी आग, घर में मची अफरा-तफरी

- कड़ी मशक्कत के बाद आगजनी की घटना पर पाया गया काबू

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**


**थाना क्षेत्र** के ग्राम किसरोली निवासी सूर्यकांत के घर पर उस वक्त सिलेंडर में आग गई, जब महिलाओं ने खाना बनाने के लिए गैस चूल्हा जलाया।

घटना के संबंध में बताया गया है घर में गैस सिलेंडर खत्म होने के बाद कस्बे की एक दुकान से दूसरा सिलेंडर खरीदकर लाया गया था। शाम के वक्त खाना बनाने के लिए जब महिलाओं द्वारा गैस चूल्हा जलाया गया, तो अचानक आग लग गई। देखते ही देखते गैस सिलेंडर धू-धू कर जलने लगा। इस घटना के बाद घर परिवार में अफरा-तफरी मच गया। शोर शराबा सुनकर आसपास मोहल्ले के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ में लोगों ने साहस का परिचय देते हुए जैसे तैसे मिट्टी बालू आदि डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की ऊंची -ऊंची उठती लपटें बुझने का नाम ही नहीं ले रही थी। लोगों द्वारा सिलेंडर बाहर खींचा गया। कड़ी मशक्कत के बाद जैसे तैसे आगजनी की घटना पर काबू पाया गया। परिजनों के अनुसार गैस सिलेंडर लींक था। जांच के दौरान गैस सिलेंडर से लींक हो रही थी। पीड़ित परिजनों ने राहत की सांस लेते हुए कहा बड़ा हादसा होने से टल गया।



गैस बुझने के बाद पड़ा सिलेंडर — समृद्धि न्यूज़

# तनावग्रस्त वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**तनाव से** गुजर रहे वृद्ध ट्रैक्टर मिस्त्री ने बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम मदनपुर निवासी राधेश्याम दुबे पुत्र स्व0 ईश्वर दयाल दुबे उम्र करीब 56 वर्ष ट्रैक्टर मिस्त्री थे। उनकी कस्बे में ही दुकान थी। जिस पर ट्रैक्टर सुधारने का काम करते थे। उनके पुत्र अमर दुबे (30) ने बताया कि पिताजी करीब डेढ़ साल पहले डिप्रेशन के शिकार हो गये थे। तब उनका इलाज कराया। जिससे वह ठीक हो गये थे और दुकान पर जाते थे। मंगलवार को सुबह 7 बजे वह घर से निकले और 9 बजे के करीब उन्होंने घर से करीब एक किलोमीटर दूरी पर स्थित जगदंबा शरण दुबे के बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब लोग उधर से निकले, तो उन्होंने राधेश्याम दुबे को फांसी पर लटका देखा, तो उनके पुत्र अमर दुबे को सूचना दी। जिस पर परिजन मौके पर पहुंच गये। शव को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। जिस पर कोतवाली प्रभारी व अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचा तथा शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के दो पुत्र अमर दुबे (30) व आकाश दुबे (25) हैं। बताते हैं कि अमर दुबे की 6 मार्च को शादी थी। घटना के बाद से पत्नी सुधा दुबे व विवाहित पुत्री जया दुबे आदि का रो-रोकर बुरा हाल है।

भ्रष्टाचार

## मनरेगा योजना में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार, नहीं सुन रहे अधिकारी

# कागजों में हो गया नटवारा व दलेलगंज में नाला खुदाई व सफाई का कार्य

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**विकास खंड** शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम नटवारा में देखने को मिल रहा कि नटवारा पुलिया से धर्म चौराहे तक नाला खुदाई व सफाई का कार्य दर्शाया जा रहा है। जिसमें चार मस्टर रोल दर्शाकर 33 मजदूर प्रतिदिन कार्य करते हुए दर्शाये जा रहे हैं, जबकि हकीकत इसके बिल्कुल उलट है और मौके पर कोई भी कार्य नजर नहीं आ रहा है। वहीं ग्राम पंचायत नटवारा के ग्रामीणों ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए बताया है कि उन्हें ऐसे किसी काम की कोई जानकारी नहीं है न ही उन्होंने किसी मजदूर को आज तक कार्य करते हुए देखा है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान राम लड़ैते व रोजगार सेवक रीना देवी द्वारा मनरेगा योजना में लाखों का घोटाला किया गया है। जिसकी शिकायत हम सभी लोग ग्राम उच्च अधिकारियों से करेंगे।

वहीं दूसरी तरफ इसी विकास खंड की ग्राम पंचायत दलेलगंज में भी प्रधान अनमोल द्वारा 6 फरवरी से हरियादव के खेत से श्रीपाल के खेत तक नाला खुदाई व सफाई का कार्य होना दर्शाया जा रहा है। जिसमें ग्राम प्रधान अनमोल द्वारा चार मस्टर रोल दर्शाकर 40 मनरेगा मजदूर कार्य करते हुए कागजों में ही प्रतिदिन नजर आ रहे हैं, जबकि धरातल पर कोई भी मजदूर कार्य करते हुए नजर नहीं आ रहा है। जब इस कार्य के संबंध में ग्रामीण मुद्दों से बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि आपके द्वारा यह जानकारी दी जा रही है। उन्होंने आज तक किसी भी मजदूर को कार्य करते हुए नहीं देखा है और ना ही कोई कार्य किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि कभी कभार एक दो लोग आते हैं और फोटो खींचकर चले जाते हैं।

ग्राम पंचायत नटवारा व दलेलगंज में भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है जो हकीकत को दरकिनार कर कागजों तक सीमित कर दिया गया है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब मौके पर पहुंचकर देखा गया, तो यहां दोनों ग्राम पंचायतों में नाला खुदाई व सफाई के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसमें प्रधान से लेकर रोजगार सेवक तक संलिप्त नजर आ रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने यह भी बताया विकास कार्यों के नाम पर या फिर यूं कहें लगभग अधिकांश कार्य सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। ग्रामीणों के अनुसार जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर हैं। ग्रामीणों का कहना था अगर प्रशासन द्वारा गहनता से जांच कराई जाए तो भ्रष्टाचारियों की सारी सच्चाई सामने आ सकती है। वहीं जब इस संबंध में एपीओ कुलदीप यादव से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह ट्रेनिंग में आए हुए हैं। ट्रेनिंग से लौटने के बाद कार्यवाही करते हैं।





नटवारा व दलेलगंज में भ्रष्टाचार को बयां करतीं नाला खुदाई व सफाई — समृद्धि न्यूज़

# बलिदान दिवस पर चन्द्रशेखर आजाद को किया गया याद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बद्री विशाल** महाविद्यालय में क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस मनाया गया। चन्द्रशेखर आजाद संघ द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी व माल्यार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय गर्ग, विशेष अतिथि स्वदेश दुबे व श्वेता दुबे एवं महाविद्यालय के प्राचार्य सीडी यादव ने माल्यार्पण किया। संजय गर्ग ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद एक राष्ट्र पुत्र थे। उन्होंने अपने छोटे से ही जीवनकाल में देश के प्रति स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका अदा करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। शहीद हमारी नीव की ईंट है उन्हें भुलाया नहीं जाना चाहिए। स्वदेश दुबे ने कहा कि ऐसे महान वीर क्रांतिकारियों के पदचिन्हों पर चलकर देश के प्रति कर गुजरने के लिए तैयार रहना चाहिए। आज हमारी संस्कृत खोती जा रही है। लोग पाश्चात देशों की सभ्यता की ओर बढ़ रहे है। ऐसे में हमें सजक होना होगा और अपनी संस्कृति से जोड़ने के लिए युवाओं को प्रेरित करना होगा। भाजपा नेत्री श्वेता दुबे ने कहा कि शहीदों ने कुर्बानी देकर आजादी का जो महल खड़ा किया है हम सबको यह सुरक्षित रखना है। अध्यक्ष रोहित शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस चन्द्रशेखर आजाद संघ के बैनर तले मनाया। सभी ने उन्हें याद करते हुए उनके संकल्पों और आदर्शों पर आचरण को चिरंजीवी बनाये रखने का संकल्प लिया। उत्तम कुमार मिश्रा ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर रोहित शर्मा, मनीष, ज्योति, प्रीती तिवारी, विशाल श्रीवास्तव, ज्योति प्रकाश बाजपेयी, संजू शर्मा, सरल त्रिवेदी, सत्यम ठाकुर, कुलदीप यादव, राजकुमार वर्मा, मनीष दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।



चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग समृद्धि न्यूज

# निषाद पार्टी के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से की भेंट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**निषाद पार्टी** के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप के नेतृत्व में जनपद के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री डॉ0 संजय निषाद से लखनऊ जाकर प्रांतीय कार्यालय पर भेंट की और जिले का दौरा करने का आश्वासन भी मिला।

डा0 संजय निषाद पार्टी के जिले के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर सामाजिक कार्यों की हौसला अफजाई की। उन्होंने मत्स्य विभाग फर्रुखाबाद के अधिकारियों को फोन द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि विभाग की सभी सरकारी योजनाओं का लाभ कश्यप निषाद समाज के लोगों को मिले। इसके लिए जिलाध्यक्ष की जानकारी में सभी योजनाओं का क्रियान्वयन हो। जिससे समाज का कोई भी पात्र व्यक्ति सामाजिक योजनाओं का लाभ लेने से वंचित ना रह जाए। डॉ0 संजय निषाद ने ब्लॉक कमालगंज के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर सर्वेश कुमार को मनोनीत किया और पार्टी का प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। इस मौके पर अजीत बाथम, संदीप बाथम, कुलदीप बाथम, सत्येंद्र कश्यप, ज्ञानेंद्र कश्यप, मदन सिंह, धर्मेंद्र कश्यप, सर्वेश कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।



संजय निषाद से भेंट करते जनपद के पदाधिकारी

# अवैध कच्ची शराब सहित तीन गिरफ्तार



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अवैध शराब** के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत जहानगंज पुलिस ने ग्राम तकीपुर में छापेमारी की। इस दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और मौके से 80 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। जहानगंज थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, उपनिरीक्षक अच्छे लाल पाल, उपनिरीक्षक कल्पेश चौधरी, उपनिरीक्षक रामवीर सिंह तथा हमराहों के साथ अवैध शराब के विरुद्ध ग्राम गांधी नगर तकीपुर में छापेमारी की। मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम अमित पुत्र मुकेश, अमित पुत्र जुगनु, अभिषेक पुत्र सुखवीर निवासीगण ग्राम गांधी नगर तकीपुर बताया। पुलिस को तीनों आरोपियों के पास से 80 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

## पुलिस ने तीन जुआरी दबोचे

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** उप निरीक्षक सुनील कुमार हमराही कांस्टेबिल मनोज कुमार, कांस्टेबिल अमन चौधरी, कांस्टेबिल विनीत कुमार के साथ टेढ़ीकोन पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर हम पुलिस वालों ने सादिकपुर बाग में दविश देकर तीन जुआरियों को पकड़ लिया। जिन्होंने अपने नाम अतुल उर्फ कल्लू पुत्र सतीश चन्द्र निवासी मोहल्ला गढ़ी इज्जत खाँ थाना कायमगंज बताया। जिसके पास से 150 रुपये बरामद हुए। दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम लालू उर्फ सन्तोष कुमार पुत्र झम्मन लाल निवासी नई वस्ती थाना कायमगंज बताया। जिसके पास से 170 रुपये बरामद हुए। तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम मोनू पुत्र ठाकुर निवासी चिलांका बेड़ारास थाना कायमगंज बताया। जिसकी जामा तलाशी से उसके पास 210 रुपये बरामद हुए। वहीं फड़ से 1580 रुपये नगद, ताश की गड्डी बरामद हुई।

# पुलिस ने जिला बदर आरोपी को तमंचा कारतूस सहित दबोचा



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने जिला बदर आरोपी को मुखबिर की सूचना पर तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी पर गुण्डा एक्ट सहित तीन मुकदमे दर्ज है। थाना जहानगंज के उपनिरीक्षक कपिल कुमार कुशवाहा ने अपने हमराहियों के साथ मिलकर क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर जिला बदर आरोपी श्रीकृष्ण पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी भडौसा थाना जहानगंज को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी युवक का चालान कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### भ्रष्टचार में लिप्त 23 पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज, लाइनहाजिर



पुलिस अधीक्षक विकास कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस कप्तान ने अवैध वसूली और कार्य में लापरवाही बरतने वाले 15 सिपाही, 4 दीवान व 4 चार चालकों को लाइनहाजिर कर दिया है। जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने अवैध वसूली में लिप्त तथा कार्य में लापरवाही बरतने वाले कोतवाली फर्रुखाबाद के 2 सिपाही, कोतवाली फतेहगढ़ से 1 चालक और 1 सिपाही, थाना मऊदरवाजा से 1 दीवान, 3 सिपाही, थाना कादरीगेट से 1 दीवान, 1 सिपाही, थाना मोहम्मदाबाद के 3 सिपाही, थाना नबाबगंज से 1 चालक, थाना राजेपुर से 1 दीवान, 1 सिपाही तथा थाना कमालगंज से 1 दीवान, 1 चालक, 3 सिपाही, थाना शमसाबाद से 1 सिपाही, 1 चालक को लाइनहाजिर कर दिया है। इस प्रकार कुल 23 पुलिसकर्मियों को लाइनहाजिर किया गया है। पुलिस अधीक्षक की इस बड़ी कार्यवाही से पुलिस महकमे में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है।

### कादरीगेट चौकी प्रभारी समेत तीन की तैनाती में फेरबदल

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार नें कादरीगेट चौकी प्रभारी सहित तीन की तैनाती में फेरबदल किया है। कादरी गेट के चौकी प्रभारी के पद पर थाना कादरी गेट में तैनात दारोगा अनिल सिकरवार को चार्ज दिया गया है। थाना कादरीगेट के उप निरीक्षक सुखलाल लोधी की प्रभारी चौकी भैरवघाट पर नियुक्ति की है। पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत दारोगा शैलेन्द्र कुमार की वाचक अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनाती की गयी है।

### विद्युत विभाग के जेई सहित चार कर्मियों के विरुद्ध याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बिजली विभाग के जेई सहित चार कर्मचारियों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर कर कार्यवाही की पीड़ित ने गुहार लगायी। थाना शमशाबाद के ग्राम ललौर जुन्नारदारान निवासी लालूराम पुत्र हरेन्द्र उर्फ पप्पू ने न्यायालय दायर की याचिका में दर्शाया कि मैं सौर ऊर्जा का प्लांट लगाकर आटा चक्की का कारोबार कर रहा हूं। घर में विद्युत कनेक्शन संचालित है। जिसका भुगतान नियमित किया जा रहा है। 31 जनवरी को विद्युत विभाग के जेई जुनैद आलम अपने कर्मचारी अंशुल दिवाकर, संविदा लाइनमैन जितेन्द्र कुमार व अमित कुमार के साथ मेरे घर आये और चेकिंग करने लगे तथा पूछताछ की। पीड़ित ने बताया कि उसका घरेलू कनेक्शन अलग है और आटा चक्की सौर ऊर्जा से चला रहा है। इसी बात को लेकर जेई से कहासुनी होने लगी। पुरानी रंजिश के चलते लाइनमैन अमित कुमार छत पर चढ़ गया और घरेलू कनेक्शन की केबिल कट कर दिया। इसके बाद जेई शटडाउन लेकर आटा चक्की चेक की। सौर ऊर्जा से आटा चक्की चलती मिली। बिजली से चक्की चलाने वाले उपकरण अलग होते है जो मौके पर नहीं मिले। इसी बात से गुस्सायें जेई जुनैद आलम, अमित कुमार, अंशुल दिवाकर ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज किया और धमकी दी कि सरकारी नौकरी की ताकत नहीं जानते तेरे खिलाफ ऐसा केस लिखवा दूंगा कि लाखों रुपये खर्च होंगे और रुपये मांगे। पीड़ित ने रुपये नहीं दिया। जिस पर उक्त लोगों ने केबिल में कट लगाकर तीन फेज की केबिल रखकर वीडियो तैयार कर ली। जिसकी शिकायत थाना शमशाबाद में की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### युवक ने गृहकलह के चलते पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जिजपुरा निवासी राजकुमार उम्र 30 वर्षीय पुत्र लज्जाराम ने गृहकलह से क्षुब्ध होकर जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे कायमगंज सीएचसी में लेकर आये। जहाँ डियूटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### ई-रिक्शा पलटने से युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव बहलोलपुर निवासी विपिन कुमार उम्र 37 वर्षीय पुत्र शेर सिंह ई-रिक्शा द्वारा अपनी बहन की शादी के लिए कुछ सामान खरीदने कायमगंज आया था। सामान खरीदकर वापस घर लौटते समय रास्ते में ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें विपिन कुमार घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल विपिन कुमार को कायमगंज सीएचसी भिजवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### 20 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मन्डी चौकी इन्चार्ज कृष्ण कुमार कश्यप ने मुखविर की सूचना पर श्याम नगर में दविश देकर मोहन उर्फ मोनू पुत्र अलवर निवासी घसिया चिलौली थाना कायमगंज को पकड़ लिया। जिसकी जामा तलाशी के से उसके पास 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने अभियुक्त का धारा 60 में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# पुलिस ने तमंचा कारतूस सहित युवक को किया गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली पुलिस ने गस्त के दौरान एक युवक को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका दफा 25 में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज मन्डी चौकी इन्चार्ज कृष्ण कुमार कश्यप मय हमराह कांस्टेबिल अंकित गंगवार, कांस्टेबिल अभिषेक कुमार, कांस्टेबिल अनुज कुमार के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे। सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक पुलिया के पास घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने युवक को घेराबन्दी कर दबोच लिया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम नितेश कौशल पुत्र रामदास कौशल निवासी कूंचा गंगादरवाजा थाना कायमगंज बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का तमन्चा और दो जिन्दा कारतूस बरामद हुए। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस का कहना था कि आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।



पुलिस हिरासत में आरोपी

# मांगों को लेकर भाकियू का दूसरे दिन आंदोलन जारी

फर्रुखाबाद/अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन भानू गुट द्वारा आयोजित महापंचायत में दूसरे दिन किसान नेताओं का मांगों को लेकर बैठक कर आंदोलन जारी रहा। महापंचायत में किसान नेताओं ने शामिल होकर विचार रखे। जनपद स्तरीय मांगों को लेकर भाकियू नेताओं ने विचार रखे। गंगापार के धर्मपुर हरिहरपुर बदायूं मार्ग निकट आईटीआई स्कूल के मैदान में आयोजित सभा में एक स्वर में 14 सूत्रीय मांग करते हुए नेताओं ने कहा कि गंगा के दोनों तरफ सुंदरपुर कटरी से ढाई घाट पुल तक बांध बनवाया जाये। ग्रीन फिल्ड एक्सप्रेस-वे फर्रुखाबाद से होकर निकाला जाये। गंगा एक्सप्रेस-वे को लिंक रोड से जोड़ा जाये। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाये। जनपद में आलू संबंधित चिप्स फैक्ट्री लगाई जाये। देवरामपुर रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाया जाये। आवारा जानवरों की समस्या से किसानों को निजात दिलाई जाये। मेड़बंदी निरस्त कर प्रार्थना पत्र के आधार पर पैमाइश कराई जाये। भू-माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही हो। मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी को हवाई अड्डे में परिवर्तित किया जाये। फर्रुखाबाद के सभी गड्डू युक्त रोडो का नवनिर्माण कराया जाये। बेवर रोड शीघ्र पूरा किया जाये। किसान विरोधी नीतियों के कारण किसान कर्जदार है। उनका कर्जा माफ किया जाये। इंतखाव के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। गंगा में खनन कराकर और गहरा किया जाये, आदि समस्यायें उठायी गई। इस मौके पर संजय सोमवंशी, अवधेश सोमवंशी, नरेन्द्र सिंह, राजेश दीक्षित बब्लू, शिशुपाल सिंह, बरजोर सिह, रक्षपालसिह, बबलू यादव, मनोज राठौर, मुन्ना राठौर, त्रपालसिंह, सपा नेता अरविंद गुप्ता, आदित्य राजपूत, शिवपाल सिंह फौजी आदि मौजूद रहे।



महापंचायत में मौजूद किसान नेता समृद्धि न्यूज

# महामंगलेश्वरनाथ द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम में अभिषेक के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पन्द्रहवां भव्य** वार्षिकोत्सव द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम महामंगलेश्वरनाथ महाराज मंदिर कोटा पार्चा में हवन पूजन के साथ मनाया गया। द्वादश ज्योतिर्लिंग शक्तिपीठ पर पंडित आचार्य अंकुर दुबे, राजेश दीक्षित के साथ नरेन्द्र मिश्रा ने वेद मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया। यजमान दीपक मिश्रा, अविनाश सारस्वत, मेघा पाठक, पुनीत दुबे, देवेन्द्र दुबे, प्रियम दुबे, नीलू पाण्डेय, उमेश शुक्ला, गौरव मिश्रा, सदानंद शुक्ला, हर्ष मिश्रा, सोनू पाठक ने गंगा जल, पंचामृत, दूध, दही, शहद, शक्कर आदि से अभिषेक किया। आचार्यों द्वारा घरों में मनोकामना व सुख समृद्धि के लिए शांति के लिए प्रार्थना की गई। द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम में शक्तिपुंजि का धाम है। उनकी पूजा अर्चना के बाद श्रृंगार दर्शन, छप्पन भोग, महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर संयोजक योगेश मिश्रा, मनोज मिश्रा, रामगोपाल गुप्ता, मृणाल मिश्रा, तनमय, सौरभ भदौरिया, विवेक त्रिवेदी, उमेश मिश्रा, पवन मिश्रा आदि शिव भक्तों ने पूजा अर्चना की, साथ ही भण्डारे का आयोजन हुआ।



द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम में पूजा अर्चना करते भक्तगण समृद्धि न्यूज

# भाजपा सरकारों ने ही किसानों की समस्याओं का किया समाधान: उर्विजा

**कुठौंद (जालौन)।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की बैठक राधेश्याम वाटिका में आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता महेंद्र सिंह कैथवा ने की। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि देश के किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक वर्ष में 6 हजार रुपये किसान सम्मान निधि देने का काम किया गया। इतना ही नहीं किसानों को अच्छे बीजों को मुहैया कराकर लाभकारी फसल किसानों को मिले यह सुनिश्चित किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी किसानों के हित में अनेकों निर्णय लेकर किसानों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सूर्य नायक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकारों ने किसानों की छोटी से छोटी समस्याओं का समाधान कराने में हमेशा तत्परता दिखाई है। कार्यक्रम को राजेंद्र प्रसाद शर्मा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री राजीव निरंजन, क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा आशीष चतुर्वेदी, रामवीर सिंह तोमर किसान मोर्चा, माटी कला बोर्ड चेयरमैन नरेंद्र प्रजापति, विजयचंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष, संचालक मदन सिंह चौहान, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूजा शुक्ला मुरली मनोहर किसान मोर्चा की ईंटों मंडल से देवेंद्र चतुर्वेदी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# के.डी. बालिका डिग्री कालेज में आर्ट एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया हुनर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज लोहियापुरम आवास विकास में आर्ट एवं क्राफ्ट की प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें महाविद्यालय की छात्राओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने एक से बढ़कर एक क्राफ्ट की वस्तुएं बनाकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। प्राचार्या डा0 प्रेमलता श्रीवास्तव एवं समस्त अध्यापक, अध्यापिकाओं ने छात्राओं को उत्साहित करते हुए प्रतिभाग किया। प्राचार्या ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभा निखरती है। उन्होंने कहा कि वह समय-समय पर ऐसी प्रतियोगितायें आयोजित करती रहेंगी। जिससे छात्रायें पढ़ाई के साथ-साथ हुनरबंद भी बनें। उन्होंने सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की जिसमें तीन छात्राओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिया गया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आकांक्षा व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली अंजली एवं तृतीय स्थान पर स्वैली कटियार, अंशिका श्रीवास्तव, संजना राठौर, पारूल मिश्रा रही है।



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद छात्रायें व प्राचार्या आदि

# धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**रंगदारी मांगने** न मिलने पर जानमाल की धमकी देने व धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे आरोपी रीटू को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

8 फरवरी को कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला जाफरी ग्रामीण बैंक परिसर निवासी अखिलेश कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 रामविलास शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि दीपक दुबे, विमल दुबे उर्फ रीटू ने अजय द्विवेदी के साथ मिलकर 6 अप्रैल 2021 को 1.60 एकड़ जमीन खारबंदी अंदर शहर भू-स्वामी विशुनदयाल पुत्र स्व0 बाबूराम तथा लालाराम व दाताराम पुत्रगण मनु शाक्य निवासी बहादुरगंज तराई थाना मऊदरवाजा से क्रय करने तथा चारों भागीदारों की आपसी सहमति से जमीन से होने वाले लाभांस शर्तों के अनुसार लाभ प्राप्त करने हेतु तय हुई थी, परन्तु दीपक दुबे व विमल दुबे तथा अजय द्विवेदी ने कब्जा कर बिल्डिंग बनाने की नियत से वादी को धमकाया तथा रंगदारी के रुप में 30 लाख रुपये की मांग की। रुपये न देने पर भद्दी-भद्दी गालियां दी तथा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 420, 386,504, 506 के तहत उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। थाना मऊदरवाजा प्रभारी निरीक्षक अमित गंगवार, उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार व आरक्षी धर्मेन्द्र सिंह के साथ आरोपी विमल दुबे उर्फ रीटू पुत्र स्व0 उमेश चन्द्र निवासी बेवर रोड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में आरोपी समृद्धि न्यूज

# यूपीआई ने समाज के सभी वर्गों और देश के हर कोनों में किया प्रवेश : अनुराग ठाकुर

एजेंसी




**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को फिक्की के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया।

इस अवसर पर विकसित भारत और उद्योग विषय पर बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने सबसे पहले करदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह ईमानदार करदाताओं के कारण है कि सरकार कॉर्पस के प्रत्येक पैसे को निर्देशित करने में सक्षम है। पहले आवंटित धन का केवल एक अंश ही इच्छित लाभार्थियों तक पहुंच रहा था, जिसे देखते हुए मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि जारी किया गया सारा पैसा प्राप्तकर्ता तक सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचे। यूपीआई को अपने वादों को पूरा करने के सरकार के संकल्प की एक मिसाल बताते हुए उन्होंने कहा कि जब यूपीआई लॉन्च किया गया था तो इसकी प्रभावशीलता के बारे में बहुत सारे संदेह थे। यूपीआई ने समाज के सभी वर्गों और देश के सभी कोनों में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा, आज दुनिया में सभी डिजिटल भुगतान का 46 प्रतिशत भारत में किया जाता है और दुनिया हमारी तकनीकी क्षमता के लिए हमारी ओर देख रही है।

गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि 40 मिलियन घर, 100 मिलियन शौचालय, 100 मिलियन से अधिक एलपीजी सिलेंडर प्रदान किए गए हैं जबकि 130 मिलियन से अधिक नल जल कनेक्शन स्थापित किए गए हैं।

600 मिलियन से अधिक आयुष्मान भारत लाभार्थी हैं और 800 मिलियन से अधिक लोगों को मुफ्त भोजन मिल रहा है। अनुराग ठाकुर ने पिछले एक दशक में देश में बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार के फोकस को भी रेखांकित किया और कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण 90 हजार किलोमीटर से बढ़कर 150 हजार किलोमीटर हो गया है। हवाई अड्डों की संख्या 74 से दोगुनी होकर 150 हो गई है। एम्स की संख्या बढ़ कर 7 से 23 और आईआईटी 12 से बढ़कर 19 और ग्रामीण सड़कों की लंबाई दोगुनी हो गई है। इन अन्य उपायों के साथ-साथ भारत आज दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में आ गया है।

# नए भारत की रीढ़ बनेंगे स्टार्टअप आने वाला समय हमारा : गोयल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि स्टार्टअप महाकुंभ भारत की विकास गाथा को प्रतिबिंबित करता है। गोयल ने कहा कि उनका मानना है कि स्टार्टअप नए भारत की रीढ़ बनेंगे। आने वाला समय हमारा है। गोयल ने नई दिल्ली में उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के स्टार्टअप महाकुंभ के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

गोयल ने भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम रजिस्ट्री और स्टार्टअप महाकुंभ की वेबसाइट और लोगो भी लॉन्च की। उन्होंने देशभर में 57 विविध स्टार्टअप पदचिह्नों को एक मंच पर लाने के लिए इस आयोजन की सराहना की। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि स्टार्टअप सेक्टर नए भारत की रीढ़ है। उन्होंने स्टार्टअप महाकुंभ में उद्यमिता और नवप्रवर्तन के इच्छुक युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि यह एक वार्षिक कार्यक्रम की शुरुआत का प्रतीक है, जो 2016 में अपनी स्थापना के बाद से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की सफलता की कहानियों और क्रांति को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। गोयल ने कहा कि स्टार्टअप क्षेत्र ने विभिन्न क्षेत्रों में विचारों के साथ नवाचार करने की अपनी क्षमता साबित की है। जैसे गतिशीलता, भोजन और कपड़ा आदि। गोयल ने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे 'चूकें नहीं' और अधिक से अधिक अवसरों का लाभ उठाएं, क्योंकि भारत 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

## खबरें एक नजर में

### आयुष मंत्रालय ने आरआईएस के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** आयुष मंत्रालय और विकासशील देशों के लिए अनुसंधान और सूचना प्रणाली मंत्रालय, (आरआईएस) ने मंगलवार को आयुष भवन में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन आयुष सेवा क्षेत्र का अवलोकन सामने लाएगा और आरआईएस के साथ शैक्षणिक सहयोग और सहयोग को जारी रखने में मदद करेगा। विभागीय सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने आयुष मंत्रालय की ओर से एमओयू पर हस्ताक्षर किए जबकि महानिदेशक प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी आरआईएस की ओर से हस्ताक्षरकर्ता थे। इस बारे में सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि इससे न केवल राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय के लिए अनुसंधान, नीति संवाद और प्रकाशन, भारतीय पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए अकादमिक सहयोग और सहयोग को मजबूत करने का काम करेगी। इसके अलावा आयुष मंत्रालय और आरआईएस (विदेश मंत्रालय का एक नीति अनुसंधान स्वायत्त संस्थान) के बीच अकादमिक सहयोग में फोरम ऑन इंडियन ट्रेडिशनल मेडिसिन (एफआईटीएम) की निरंतरता भी शामिल है। उन्होंने आरआईएस (भारत में आयुष क्षेत्र- संभावनाएं और चुनौतियां) की पिछली रिपोर्ट पर भी प्रकाश डाला और कहा, ‘इस रिपोर्ट के माध्यम से यह स्पष्ट हो जाता है कि आयुष विनिर्माण क्षेत्र पिछले 9 वर्षों में 8 गुना बढ़ गया है।’ आरआईएस के महानिदेशक प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने एमओयू के दायरे पर कहा, ‘आयुष क्षेत्र में पर्यटकों की कम आमद के बावजूद महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा प्रदान करके चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बनने की क्षमता है। आरआईएस संबंधित रोडमैप पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है, क्योंकि यह समय की मांग है। आरआईएस का सबसे महत्वपूर्ण कार्य आयुष को पूरा करना है।

### प्रधानमंत्री ने क्रिकेटर शमी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी के शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में मोहम्मद शमी ने बताया था कि उनकी एड़ी के अकिलिस टेंडन का ऑपरेशन हुआ है। शमी ने ऑपरेशन के बाद एक्स पर लिखा, अभी मेरी अकिलिस टेंडन की एड़ी की सफल सर्जरी हुई है। रिकवरी होने में वक्त लगने वाला है लेकिन अपने पैर पर खड़े होने को मैं काफी ज्यादा उत्सुक हूं। मोहम्मद शमी के पोस्ट पर मंगलवार को प्रधानमंत्री ने लिखा, आपके शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं, मुझे विश्वास है कि आप साहस के साथ इस चोट पर काबू पा लेंगे जो आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भारत के तेज गेंदबाज 33 वर्षीय मोहम्मद शमी के बाएं अकिलीज़ टेंडन की सफल सर्जरी हुई है, जिसके कारण वह अगले महीने होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हो गए हैं। संभवत: वे जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाएं।

### आप ने दिल्ली और हरियाणा के लिए पांच उम्मीदवारों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली और हरियाणा में इंडी गठबंधन के तहत मिली सीटों पर आज उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पूर्वी दिल्ली से कुलदीप कुमार, नई दिल्ली से सोमनाथ भारती, दक्षिण दिल्ली से सही राम पहलवान और पश्चिमी दिल्ली से महाबल मिश्रा को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह आप की ओर से सुशील गुप्ता कुरुक्षेत्र से उम्मीदवार होंगे। आप नेता संदीप पाठक, गोपाल राय और आतिशी सिंह ने यहां एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में इन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इंडी गठबंधन में है। पांच राज्यों में आप 23 उम्मीदवार उतारेगी। पांच की घोषणा पहले ही कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में सात लोकसभा सीटें हैं। सात में तीन सीटों चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली और उत्तर पश्चिमी दिल्ली कांग्रेस के खाते में गई हैं। इसके अलावा गुजरात में कांग्रेस 24 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि आप भावनगर और भरूच निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस चंडीगढ़ और गोवा की दो लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी।

### चार अंतरिक्ष यात्री छुएंगे आसामान की ऊंचाई

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की, जो देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, गगनयान के लिए प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने इन्हें चार ताकतें कहा जो देश के 1.4 अरब लोगों की आकांक्षाओं को समाहित करती हैं। पीएम मोदी ने यहां थुंबा में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) में कहा कि चार अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला है। वे सभी या तो भारतीय वायु सेना (आईएएफ) में विंग कमांडर या ग्रुप कैप्टन हैं और उनके पास परीक्षण पायलट के रूप में काम करने का व्यापक अनुभव है, जिसका अर्थ है कि वे पहले से ही उन स्थितियों में तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार रहने के लिए प्रशिक्षित हैं जहां कुछ भी गलत होने की संभावना रहती है। नेनमारा के रहने वाले प्रशांत एनएसएस कॉलेज, पलक्कड़ से इंजीनियरिंग पूरी करने के बाद 1999 में वायु सेना में शामिल हुए।

# कांग्रेस के दो और राजद के एक विधायक भाजपा में शामिल

एजेंसी

**पटना।** बिहार में राजद के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस विधायक मुरारी प्रसाद गौतम और सिद्धार्थ सौरव और राजद विधायक संगीता कुमारी आज भाजपा में शामिल हो गईं। यह नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के लिए बडी राहत की बात है। कांग्रेस के मुरारी गौतम महागठबंधन सरकार में भी मंत्री रहे हैं। वह चेनारी से विधायक है। इसके अलावा सिद्धार्थ सौरभ की बात करें तो वह विक्रम विधानसभा से विधायक हैं।

वह काफी लंबे समय से कांग्रेस से नाराज भी चल रहे थे। उन्होंने भी पाला बदल दिया है और भाजपा में शामिल हो गए हैं। मोहनिया विधानसभा से राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर चुनाव जीतने वाली संगीता देवी भी अब भाजपा में शामिल हो गई हैं। आपको बता दें कि नीतीश कुमार के दोबारा एनडीए के साथ सरकार बनाने के बाद जो बहुमत परीक्षण हुआ था, उसमें एनडीए को मामूली बढ़त हासिल हुई थी। यही कारण है कि बिहार में इस बार नीतीश सरकार को बेहद कमजोर माना जा रहा था। लेकिन इन विधायकों के पाला बदलने के बाद एक बार फिर से बिहार में सरकार को मजबूती मिलेगी। इन विधायकों ने ऐसे समय पर पाला बदला है जब बिहार के कई हिस्सों में ईडी की भी कार्रवाई चल रही है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नवगठित राजग सरकार ने विधानसभा में 'महागठबंधन' के सदस्यों के बहिर्गमन के बीच विश्वास मत हासिल कर लिया था। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में कुल 129 वोट पड़े जबकि विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। मत विभाजन के समय आसन पर उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी थे। हजारी ने संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी के अनुरोध पर ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित होने की घोषणा के बाद सदस्यों की गिनती का आदेश दिया। कुमार ने पिछले दिनों महागठबंधन का साथ छोड़ दिया था।

### राष्ट्रपति पांच मार्च को प्रदान करेंगी प्रथम पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच मार्च को विज्ञान भवन में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के प्रथम पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कार का वितरण करेंगी। राष्ट्रपति पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगी। मंत्रालय ने बयान में कहा है कि जल क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए शहरों और राज्यों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। समारोह में 1,500 से अधिक पुरस्कारों का वितरण होगा। मंत्रालय के अनुसार, इन पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ जल निकाय, स्थिरता चैंपियन, पुन- उपयोग चैंपियन, जल गुणवत्ता, शहर संतृप्ति और प्रतिष्ठित अमृत 2.0 रोटेटिंग ट्रॉफी ऑफ द ईयर की सराहना शामिल है। यह 130 पुरस्कारों की विशिष्ट शृंखला है। इनमें पेयजल गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज सिटी अवार्ड्स प्रमुख हैं। समारोह में अमृत मित्र पहल शुभारंभ का प्रतीक होगा। इसमें देशभर के विभिन्न स्थानों से महिला एसएचजी लाइव जुड़ेंगी।

# एलजी की क्यूएनईडी 83 सीरीज लॉन्च

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर ड्यूरेबल ब्रैंड, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी एलजी क्यूएनईडी (क्वांटम नैनो सेल डिस्प्ले) 83 सीरीज को लॉन्च करने की घोषणा की। इस टीवी ने अगली पीढ़ी के एलईडी के विकास की झलक पेश की है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स खूबसूरत तस्वीरों और जबर्दस्त मनोरंजन के लिए नया मानक तय करते हुए एलजी क्यूएनईडी 83 सीरीज यूजर्स को टीवी देखने का आनंद देने के लिए प्रतिबद्ध है।

क्यूएनईडी 83 सीरीज क्वॉन्टम डॉट और नैनो सेल टेक्नोलॉजी 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट के साथ क्वॉन्टम डॉट और नैनोसोल टेक्नोलॉजी की संयुक्त ताकत का प्रदर्शन करता है। इससे दर्शकों को टीवी देखते समय वह अहसास होता है, जो स्पष्टता और वास्तविकता की झलक देती तस्वीरों के मामले में नए मानक तय करता है। टीवी में यूजर्स की सुविधा के लिए फीचर्स का पूरा सेट है, जिसमें डॉल्बी विजन और एटमॉस, एआई सुपर अपस्केलिंग, लोकल डिमिंग और एडवांस्ड गेमिंग क्षमता शामिल है। क्यूएनईडी 83 सीरीज होम एंटरटेनमेंट के अहसास को नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।

एलजी इंडिया में होम एंटरटेनमेंट के डायरेक्टर यंग ह्वान जंग ने लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए कहा, ÷हम क्यूएनईडी 83 टीवी को लॉन्च कर काफी उत्साहित हैं। यह भारत में नई आधुनिक तकनीक और यूजर्स को टीवी देखने का बेमिसाल अहसास कराने की एलजी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

क्वॉन्टम डॉट और नैनो सेल टेक्नोलॉजी के संयोजन, 120 हटर्ज की रिफ्रेश रेट और डॉल्बी विजन और एटमॉस के पावर से लैस टीवी ने खूबसूरत, आकर्षक और लुभावनी तस्वीरों को प्रसारित करने में नए मानक तय किए हैं। डॉल्बी विजन और एटमॉस ने टीवी पर फिल्म देखते समय सिनेमाहॉल के अनुभव को और बेहतर बनाया है। इससे टीवी पर आने वाली हर तस्वीर वास्तविकता के करीब महसूस होती है, जो सांस थाम देने वाली स्पष्टता और जबर्दस्त आवाज से और निखर जाती है।''

# हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा का मौका नहीं

एजेंसी

**रांची।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वर्तमान टेस्ट सीरीज में उनके पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं था लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मेजबान टीम को कड़ी चुनौती दी और इसलिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है। भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट मैच में 5 विकेट से हराकर पांच मैच की सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड ने स्टोक्स के कप्तान और ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार कोई सीरीज गंवाई है। स्टोक्स ने ब्रिटिश मीडिया से कहा कि, 3-1 अच्छा नहीं लग रहा है लेकिन जिस तरह से हमने भारत को कड़ी चुनौती दी उस पर मुझे गर्व है।'' उन्होंने कहा,''यहां तक कि हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने तक का मौका नहीं था लेकिन यहां तक कि आज (सोमवार) भी हमने भारत को आसानी से नहीं जीतने दिया और मुझे लगता है कि वे इसे स्वीकार करेंगे।''इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच में एक समय अच्छी वापसी कर दी थी। चौथे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 120 रन था। इसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की अटूट साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।



**स्टोक्स ने कहा,“यह युवा और कम अनुभवी टीम पिछले दो वर्ष से सफल रही है लेकिन भारत आना पूरी तरह से भिन्न होता है जिसका इस टीम को अभी तक अनुभव नहीं था।”**

स्टोक्स ने कहा,''यह युवा और कम अनुभवी टीम पिछले दो वर्ष से सफल रही है लेकिन भारत आना पूरी तरह से भिन्न होता है जिसका इस टीम को अभी तक अनुभव नहीं था।''

उन्होंने कहा कि, हमने जिस तरह से उनकी हर चुनौती का कड़ा जवाब दिया उस पर मुझे वास्तव में गर्व है भले ही हमें हार का सामना करना पड़ा हो। हमारे प्रत्येक खिलाड़ी ने जिस तरह से आखिर तक हार नहीं मानी, उस पर मुझे गर्व है। कोई भी खिलाड़ी किसी भी समय पीछे नहीं हटा।

# हिमाचल प्रदेश में 67 विधायक ने डाले वोट, क्रॉस वोटिंग की आशंका

एजेंसी



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के लिए आज मतदान हो रहा है। विधानसभा परिसर में बनाये गए मतदान केंद्र पर सुबह 9 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मतदान अपरान्ह 4 बजे तक चलेगा और 5 बजे से मतगणना होगी।

जानकारी के अनुसार अभी तक प्रदेश के 68 में से 67 विधायकों ने वोट डाल चुके हैं। इनमें कांग्रेस के 39, भाजपा के सभी 25 और 3 निर्दलीय विधायक वोट डाल चुके हैं। कांग्रेस के चिंतपूर्णी से विधायक सुदर्शन सिंह बबली बीमार होने की वजह से अभी तक मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सके हैं। वह हार्ट अटैक आने के बाद से अस्पताल में भर्ती हैं। कांग्रेस का दावा है कि वोटिंग खत्म होने से पहले उन्हें मतदान केंद्र लाया जाएगा। इसके लिए कांग्रेस ने मंत्री अनिरुद्ध सिंह को जिम्मा सौंपा गया है। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस ने अभिषेक मनु सिंघवी और भाजपा ने हर्ष महाजन पर दांव खेला है। हर्ष महाजन कांग्रेस से भाजपा में आए हैं। वह कांग्रेस के मंत्री भी रहे हैं। हिमाचल विधानसभा में कांग्रेस के 40 विधायक हैं, जिससे उनका उम्मीदवार का चुना जाना तय था लेकिन फिर भी विधानसभा में 25 विधायकों वाली भाजपा ने अपना उम्मीदवार मैदान में उतार कर चुनावी जंग को रोचक बना दिया। राज्यसभा चुनाव जीतने के लिए 35 विधायकों के वोट की जरूरत है। कांग्रेस में विधायकों के तेवर को देखते हुए भाजपा को जीत की संभावना नजर आ रही है। उसी के चलते उन्होंने अपना उम्मीदवार उतारा है।

# भारतीय सेना में शामिल हुआ 46 मीटर का मॉड्यूलर पुल, बढ़ेगी ब्रिजिंग क्षमता

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने मंगलवार को 46 मीटर मॉड्यूलर ब्रिज को शामिल करके अपनी ब्रिजिंग क्षमता बढ़ाई है। इसे डीआरडीओ ने डिजाइन और विकसित एवं लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने निर्मित किया है। यह ब्रिजिंग सिस्टम औपचारिक रूप से नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे की मौजूदगी में सेना को सौंपा गया। यह मॉड्यूलर पुल मीडियम गर्डर ब्रिज (एमजीबी) की तुलना में कई गुना फायदेमंद होंगे।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार अगले चार वर्षों में 2,585 करोड़ रुपये मूल्य के कुल 41 सेट धीरे-धीरे सेना में शामिल किए जाएंगे। लॉन्च किया गया सिंगल-स्पैन पूरी तरह से डेक वाला 46-मीटर का असॉल्ट ब्रिज है, जो सेना को नहरों और खाइयों जैसी बाधाओं को आसानी से पार करने में सक्षम बनाता है। यह भारतीय सेना के इंजीनियरों की महत्वपूर्ण ब्रिजिंग क्षमता को बढ़ाएगा, क्योंकि ये पुल अत्यधिक गतिशील, मजबूत और त्वरित तैनाती के लिए डिजाइन किए गए हैं। मॉड्यूलर ब्रिज के प्रत्येक सेट में 8×8 हेवी मोबिलिटी वाहनों पर आधारित सात वाहक वाहन और 10×10 हेवी मोबिलिटी वाहनों पर आधारित दो लॉन्चर वाहन शामिल हैं। यह अत्यधिक मोबाइल, पहिएदार और ट्रैक किए गए मशीनीकृत वाहनों के साथ तालमेल रखने में सक्षम है। मॉड्यूलर पुल मैन्युअल रूप से लॉन्च किए गए मीडियम गर्डर ब्रिज (एमजीबी) की जगह लेंगे, जिनका उपयोग इस समय वर्तमान में भारतीय सेना में किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार मॉड्यूलर ब्रिज का शामिल होना भारतीय सेना की ब्रिजिंग क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम है। यह उन्नत सैन्य उपकरणों को डिजाइन करने और विकसित करने में भारत के कौशल को उजागर करता है।

# पीले दांत हो जाएंगे सफेद इस्तेमाल करें यह पांच चीजें

स्माइल खूबसूरती को और भी बढ़ा देती है लेकिन समस्या तब हो जाती है जब आप मुस्कुराएं और दांत पीले दिखें। ऐसे में यह समस्या शर्मिंदगी का कारण बनती है। अक्सर कुछ लोगों को पीले दातों की समस्या होती है। ऐसे में कई बार साफकरने पर भी दांतों पर जमी पीली परत साफ नहीं होती। कई तरह के टूथपेस्ट और दोनों समय ब्रश करने के बाद भी यह पीली गंदगी साफ नहीं होती इस समस्या के चलते कई बार कॉन्फिडेंस भी कम हो सकता है। ऐसे में आज आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसे आसान तरीके बताते हैं जिनके जरिए आप दातों का पीलापन हटा सकते हैं।

**नींबू और बेकिंग सोडा**

दांतों पर जमी पीली परत हटाने के लिए आप नींबू और बेकिंग सोडा इस्तेमाल कर सकते हैं। 1 चम्मच बेकिंग सोडा लें और इसमें 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। फिर टूथब्रश की मदद से इस मिश्रण को अपने दांतों पर 2-3 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें। इसके बाद ब्रश करें और ठंडे पानी के साथ कुल्ला कर लें।

**संतरे का छिलका**

संतरे का छिलका भी दांतों की पीली परत हटाने में मदद करेगा। संतरे को छिलकों को धूप में सुखाकर पीस लें। फिर इनसे पाउडर बनाएं और पाउडर को पानी के साथ मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। पेस्ट को दांतों पर लगाकर अच्छी तरह मालिश करें। नियमित तौर पर पाउडर इस्तेमाल करने से दांतों में जमी प्लाक खत्म हो जाएगी।

**नारियल तेल**

नारियल के तेल का इस्तेमाल करके भी आप दांतों का पीलापन साफ कर सकते हैं। अपनी उंगलियों पर तेल लगाकर दांतों की मसाज करें। इसके बाद पानी से कुल्ला कर लें। ब्रश की मदद से भी आप तेल को दांतों पर लगा सकते हैं। नारियल तेल में पाया जाने वाला लॉरिक एसिड दांतों पर जमी प्लॉक और बैक्टीरिया खत्म करने में मदद करेगा।

**स्ट्रॉबेरी**

दांतों पर स्ट्रॉबेरी रगड़ने से भी इनका पीलापन दूर हो जाएगा। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व पीलेपन को दूर करने में मदद करेंगे।

**सरसों का तेल और सेंधा नमक**

रोज दांतों पर सरसों के तेल और सेंधा नमक से बना मिश्रण इस्तेमाल करने से भी पीलापन दूर होगा। सेंधा नमक में एंटीबैक्टीरियल और आयोडीन मौजूद होता है। ऐसे में इस मिश्रण का इस्तेमाल आप पीलापन हटाने के लिए कर सकते हैं।

# घरेलू नुस्खे से दूर करें घुटने का दर्द, समस्या से मिलेगी राहत

बढ़ती उम्र के कारण स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं होने लगती हैं, उन्हीं समस्याओं में से एक है घुटने का दर्द। उम्र बढ़ने के साथ-साथ घुटनों में दर्द होने लगता है। इस दर्द के कई कारण हो सकते हैं जैसे गठिया की समस्या, शरीर में पोषक तत्वों की कमी होना, मोटापा बढ़ना, जोड़ों के बीच में से ग्रीस खत्म होना, शरीर में विटामिन-सी, विटामिन-डी और कैल्शियम की कमी होना, घुटने का अर्थराइटिस आदि। हालांकि दर्द होने पर सभी सबसे पहले दर्द की दवाई ही खाते हैं लेकिन आप कुछ घरेलू नुस्खों के जरिए भी दर्द से राहत पा सकते हैं। आज आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिनका इस्तेमाल करके आप दर्द दूर कर सकते हैं।



## हल्दी वाला दूध

घुटने के दर्द से राहत पाने के लिए आप हल्दी के दूध का सेवन कर सकते हैं। एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी पाउडर मिलाकर रात में सोने से पहले पीएं। इस दूध का सेवन करने से दर्द से आपको राहत मिलेगी। हल्दी पाउडर की जगह कच्ची हल्दी को पीसकर दूध में मिलाकर पीने से भी आपको दर्द में आराम मिलेगा।

## एलोवेरा

एलोवेरा के जरिए भी आप दर्द से राहत पा सकते हैं। एलोवेरा का गूदा निकालकर उसमें हल्दी पाउडल मिलाकर गर्म करके दर्द वाली जगह पर लगाएं। इससे आपको दर्द और सूजन से काफी आराम मिलेगा।

**अदरक**

**दर्द को दूर करने के लिए अदरक फायदेमंद हो सकता है। सर्दियों में इसका सेवन जरुर करना चाहिए। चाय, सब्जी, चटनी और अचार के जरिए आप इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं। इससे सिर्फ घुटने का दर्द ही नहीं बल्कि जोड़ों का दर्द, खांसी-जुकाम और सांस रोग में भी राहत मिलेगी।**

**तुलसी का रस**

**तुलसी का रस भी दर्द दूर करने में मदद करेगा। 1 चम्मच तुलसी के पत्तों का रस निकाल लें, फिर इसे गुनगुने पानी में मिलाकर पिएं। रोजाना इस पानी का सेवन करने से आपको दर्द से आराम मिलेगा।**

## शहद, घी और त्रिफला

शहद के साथ त्रिफला पाउडर का सेवन करने से दर्द से आराम मिलेगा। 1-2 चम्मच त्रिफला पाउडर में 1 चम्मच शहद मिलाएं। फिर इसमें 1-2 चम्मच देसी घी मिलाएं। रोज सुबह इस मिश्रण का सेवन करने से आपको दर्द में काफी आराम मिलेगा।

## मेथी दाना

दर्द दूर करने के लिए मेथी दाना फायदेमंद हो सकता है। 1-2 चम्मच मेथी दाने का पाउडर खाने के बाद सुबह शाम गर्म पानी के साथ लें। इसके अलावा 1-2 चम्मच मेथी दाने को 1-2 गिलास पानी में भिगो दें। सुबह खाली पेट इस मिश्रण को चबाकर खाएं और पानी पिएं आपको खुद ही असर दिखने लगेगा।